✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 326 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 25 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से पार्टी मुख्यालय में मुलाकात करते राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल

## सम्राट ने जीता विश्वास मत

### सदन में बोले सम्राट चौधरी-मुख्यमंत्री की कुर्सी किसी की बपौती नहीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को बहुमत साबित कर दिया है। उन्होंने ध्वनिमत से विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। एनडीए की सरकार को 201 विधायकों का समर्थन हासिल है। इस दौरान अपने संबोधन में सीएम ने नीतीश कुमार के कार्यों को आगे बढ़ाने का दावा किया। साथ ही बिहार की जनता को क्राइम, करप्शन और कम्युनलिज्म से समझौता नहीं करने का भरोसा दिलाया। सदन में विश्वास मत के प्रस्ताव पर बोलते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि उनकी सरकार में थ्री सी यानी क्राइम, करप्शन और कम्युनलिज्म पर कभी समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को कोई मुख्यमंत्री से नहीं हटा सकता है ना राजनीति से, ना दिल से। उन्होंने कहा कि मैं सरकार में दो नंबर पर था लेकिन मुझे नहीं पता था कि पार्टी क्या फैसला लेगी। पार्टी ने मेरे नाम पर मुहर लगाई। यह नीतीश कुमार की दृढ़ इच्छा शक्ति थी कि सम्राट चौधरी आज मुख्यमंत्री बना है। सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और एनडीए के शीर्ष नेताओं के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की कुर्सी किसी की बपौती नहीं है, 14 करोड़ जनता के समर्थन से मैं बना हूं। लालू जी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ही बनाया है। लालू प्रसाद यादव का अत्याचार नहीं हुआ था तो मैं बिहार का मुख्यमंत्री नहीं बनता। मुख्यमंत्री ने तेजस्वी यादव से कहा कि आप गलतफहमी में रहिए, मीडिया में खबर चलती रहेगी लेकिन कहीं कोई कंफ्यूजन नहीं है। पार्टी में हम लोग सब एक हैं। एफिडेविट को लेकर भी सफाई दी। उन्होंने कहा कि 1999 में पहली बार मैं मंत्री बना था। उन्होंने कहा कि माधव आनंद ने कहा कि मैं सबसे युवा मुख्यमंत्री हूं। लालू यादव भी सबसे युवा मुख्यमंत्री बने थे लेकिन मैं लूटने के लिए मुख्यमंत्री नहीं बना हूं, बिहार को समृद्ध बनाने के लिए मुख्यमंत्री बना हूं। सम्राट चौधरी ने अपनी उम्र को लेकर हो रहे विवाद पर कहा कि अगर वो नाबालिग होते तो पुलिस उनको जेल नहीं, बाल सुधार गृह भेजती। महिला आरक्षण पर बोलते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि महिलाओं को सम्मान देना होगा। यदि महिलाओं के साथ कोई भी घटना होगी तो हमारी पुलिस उसे पाताल से भी खोज निकालेगी। बिहार में भूमि और राजस्व पर सम्राट चौधरी ने कहा कि भूमि विवाद को समाप्त करने के लिए दिलीप जायसवाल, विजय सिन्हा और संजय सरावगी ने कई कदम उठाए हैं और मैं भरोसा दिलाता हूं कि मैं थाना, अंचल और ब्लॉक स्तर पर खुद निगरानी रखूंगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि विधायकों के तरफ से शिकायत मिल रही थी कि इंश्योरेंस कंपनी के तरफ से एक्सीडेंट में राशि मिलना मुश्किल होता है, अब हम (शेष पृष्ठ 10 पर )



## संक्षिप्त समाचार

### बीपीएससी 71वीं मुख्य परीक्षा आज से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग की एकीकृत 71वीं संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा शनिवार 25 अप्रैल से शुरू होने जा रही है। राजधानी पटना के 22 निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली यह परीक्षा 30 अप्रैल तक चलेगी। इस बार बिहार प्रशासनिक सेवा और बिहार पुलिस सेवा समेत कुल 1298 पदों के लिए 13,024 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमाएंगे। परीक्षा के प्रथम दिन यानी 25 अप्रैल को दो पालियों में परीक्षा ली जाएगी। प्रथम पाली में सामान्य हिन्दी विषय की परीक्षा होगी। परीक्षा प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली में निबंध पत्र की परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक ली जाएगी।

### गंगा स्नान के दौरान डूबने से तीन लोगों की मौत

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रंगरा प्रखंड स्थित झल्लुदास टोला के विषहरी गंगा घाट पर शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हो गया। गंगा स्नान के दौरान एक ही परिवार के तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई। परिवार के लोग मुंडन संस्कार के लिए घाट पहुंचे थे लेकिन खुशी का यह मौका अचानक मातम में बदल गया। मृतकों की पहचान मधेपुरा जिले के भटगामा निवासी कुमोद यादव के बेटे गौरव कुमार, बेटी साक्षी कुमारी और उनकी बहन मौनी कुमारी के रूप में हुई है। गौरव और साक्षी भाई-बहन थे जबकि मौनी कुमारी उनकी बुआ थीं। एक साथ तीन लोगों की मौत ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंच गया। डूबे लोगों की तलाश के लिए गोताखोरों को लगाया गया। वहीं एसडीआरएफ टीम को भी बुलाया गया। घटना के बाद काफी देर तक शवों की तलाश जारी रही जिससे घाट पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## बिहार में 10 गुना बढ़ा गेहूं खरीद का लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्र और राज्य सरकार ने गेहूं की अधिप्राप्ति यानी खरीददारी को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। केंद्र की स्वीकृति के बाद राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीद का लक्ष्य बढ़ाकर एक लाख 80 हजार मीट्रिक टन कर दिया गया है जो कि पहले से 10 गुना अधिक है। पहले गेहूं खरीद का लक्ष्य 18,000 मीट्रिक टन निर्धारित था। सरकार के इस फैसले से बड़ी संख्या में किसानों को लाभ मिलेगा। संशोधित लक्ष्य के अनुसार अब कुल खरीददारी में से 1,30,000 मीट्रिक टन गेहूं पैक्स एवं व्यापार मंडलों के माध्यम से तथा 50,000 मीट्रिक टन भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के माध्यम से खरीदा जाएगा। राज्य में गेहूं खरीददारी का कार्य बीते 1 अप्रैल से प्रारंभ है जो 15 जून तक चलेगा। रबी विपणन मौसम 2026-27 में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। गेहूं खरीददारी के लक्ष्य में की गई यह वृद्धि राज्य के किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने तथा कृषि आय में वृद्धि सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने कृषि विभाग से प्राप्त जिलावार उत्पादन अनुमान के आधार पर पैक्स एवं व्यापार मंडलों के माध्यम से गेहूं खरीददारी के लिए जिलावार लक्ष्य का पुनर्निर्धारण कर दिया है। सभी जिला पदाधिकारियों को संशोधित लक्ष्य के अनुरूप अधिप्राप्ति कार्य को प्राथमिकता के आधार पर संचालित करने का निर्देश दिया गया है। राज्य में सरकार किसानों से एमएसपी पर 32 हजार मीट्रिक टन मसूर की खरीदारी करेगी। रबी विपणन मौसम 2026-27 के लिए मसूर का न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी 7,000 रुपये निर्धारित किया गया है। मसूर के लिए किसानों को अच्छी कीमत मिलने से उनकी आय में भारी बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही 16,750 मीट्रिक टन चना और 28,000 मीट्रिक टन सरसों की खरीदारी एमएसपी पर की जाएगी। मसूर अधिप्राप्ति 10 अप्रैल से शुरू है जो कि 31 मई तक चलेगी।

## आभूषण दुकान लूटकर भाग रहे बदमाशों की फायरिंग में ग्रामीण की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गोपालगंज।** जिले में ज्वेलरी शॉप में दिनदहाड़े लूट के बाद भागते समय बदमाशों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। लूट और हत्या के बाद भोरे थाना क्षेत्र स्थित लाला छपरा बाजार इलाके में तनाव फैल गया है। लूटकर भाग रहे बदमाशों को स्थानीय लोगों की भीड़ ने दौड़ाकर पकड़ लिया और उसकी बेदम पिटाई की। वहीं बदमाशों की गोली का निशाना बने मृतक की पहचान कर ली गई है। मृतक भोरे थाना इलाके के सीसई गांव का रहने वाला था जिसका नाम डबलू मिश्रा था। पांच लुटेरे बाइक पर सवार होकर आए और स्वर्ण व्यवसायी दीपक वर्मा की ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाया। अपराधी दुकान में लूटपाट करने के इरादे से घुसे थे। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। लूटपाट करने के बाद जब अपराधी हथियार लहराते हुए भागने लगे तभी एक बदमाश की बाइक स्टार्ट नहीं हो पाई, जिस कारण उसे स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। अन्य बदमाशों को जब स्थानीय लोगों ने उनका पीछा करने का साहस दिखाया तब अपराधियों ने फायरिंग कर दी जिससे गोली लगने से डब्ल्यू मिश्रा की मौत हो गई। अपराधियों के भागने के (शेष पृष्ठ 10 पर )

## रिश्वत लेते प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** रोहतास जिले में शुक्रवार को निगरानी विभाग ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक राजपुर के प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी जनार्दन कुमार को 10 हजार रुपये घूस लेते पकड़ा गया है। गिरफ्तारी के बाद निगरानी टीम उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए अपने साथ पटना ले गई। बताया जा रहा है कि जनार्दन कुमार, राजपुर प्रखंड के पैक्स प्रबंधक प्रशांत कुमार से पैक्स गोदाम के सत्यापन के लिए 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे थे। इस पर पैक्स प्रबंधक ने निगरानी विभाग से शिकायत की। शिकायत की जांच और सत्यापन के बाद निगरानी टीम ने जाल बिछाकर आरोपी अधिकारी को घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है और लोग इस कदम की सराहना कर रहे हैं। निगरानी डीएसपी के अनुसार जनार्दन कुमार के खिलाफ विभाग को शिकायत मिली थी। जब इस शिकायत का सत्यापन किया गया तो आरोप सही पाए गए। इसके बाद निगरानी टीम ने पूर्व नियोजित योजना के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद निगरानी टीम ने जनार्दन कुमार के सासाराम स्थित घर पर भी तलाशी ली। हालांकि तलाशी के दौरान कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई के लिए पटना ले जाया गया।

## पोल से टकराई बाइक, दो चचेरे भाइयों की मौत

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** लौरिया थाना क्षेत्र के मठिया मंगूराहा चौक के समीप गुरुवार देर रात शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार तीन युवक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के पोल से जा टकराये। हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल लौरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने कुंदन कुमार (26) और प्रिंस कुमार (13) को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल विवेक मांझी की हालत नाजुक बनी हुई है।




# आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिलेगा स्मार्टफोन

## पोषण पखवाड़ा-2026 के समापन पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत आने वाले आईसीडीएस निदेशालय की ओर से पटना के ज्ञान भवन में पोषण पखवाड़ा-2026 का समापन किया गया। इस मौके पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद उपमुख्यमंत्री सह समाज कल्याण मंत्री बिजेंद्र यादव ने दिव्यांगता प्रोटोकॉल तथा दिव्यांगता जांच अनुसूची (डीएसएस) का औपचारिक शुभारंभ किया। विभागीय सचिव बंदना प्रेयषी ने कहा कि आगामी दो महीने में आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका को एंड्रायड आधारित मोबाइल फोन दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि डीएसएस एक सरल चेकलिस्ट है जिससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं 0-6 वर्ष के बच्चों में मोटर विकास, भाषा-संचार, संज्ञानात्मक विकास, सामाजिक-भावनात्मक व्यवहार, दृष्टि और श्रवण जैसे छह क्षेत्रों में विकासात्मक देरी की आसानी से पहचान कर सकेंगी। इसके साथ ही आंगनबाड़ी आशा/एएनएम, आरबीएसके टीम जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) तक मजबूत रेफरल प्रणाली स्थापित की जा रही है। इसके अलावा उन्होंने 'हमारे बच्चे, हमारा परिवार' नाम से व्हाट्सएप कम्युनिटी चैनल का लोकार्पण किया। इसके माध्यम से पोषण, देखभाल, प्रारंभिक शिक्षा और मस्तिष्क विकास से जुड़ी जानकारियां सीधे परिवारों तक पहुंचेंगी। उपमुख्यमंत्री सह मंत्री के माध्यम से प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) के तहत 6 वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित किया गया। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका और कर्मियों के लिए गए कार्यों का सराहना किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी ने कहा कि पोषण पखवाड़ा-2026 के दौरान पूरे बिहार में लगभग 71 लाख से अधिक गतिविधियां आयोजित की गईं। पोषण माह-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद बिहार ने देशभर में प्रथम स्थान हासिल किया था। उसी निरंतरता में पोषण पखवाड़ा-2026 में भी बिहार ने राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सचिव ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दी जा रही सुविधाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे कहा कि वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, बच्चे के जीवन के पहले 6 वर्ष शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास की मजबूत नींव होते हैं। इस अवधि में लगभग 85 प्रतिशत मस्तिष्क विकास पूरा हो जाता है। यदि इस दौरान उचित पोषण, संवाद, खेल-आधारित सीख और समय पर हस्तक्षेप नहीं मिलता तो बच्चे के पूरे भविष्य पर गहरा असर पड़ सकता है।

# विधानसभा सत्र के सफल संचालन हेतु सीएम ने दी अध्यक्ष प्रेम कुमार को बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अष्टादश बिहार विधानसभा के द्वितीय सत्र के उपवेशन का सफल संचालन संपन्न होने के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह सत्र लोकतांत्रिक परंपराओं, संसदीय मर्यादाओं और संवैधानिक दायित्वों के अनुरूप अत्यंत सुचारु रूप से संपन्न हुआ जो विधानसभा की गरिमा और परिपक्वता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि अध्यक्ष प्रेम कुमार के कुशल नेतृत्व और संतुलित संचालन के कारण सदन की कार्यवाही व्यवस्थित, सार्थक और परिणामोन्मुख रही। सम्राट चौधरी ने कहा कि विधानसभा केवल कानून निर्माण का मंच नहीं, बल्कि जनता की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। ऐसे में सत्र का शांतिपूर्ण और अनुशासित संचालन लोकतंत्र की मजबूती का संकेत है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष की निष्पक्षता और सभी पक्षों को समान अवसर देने की नीति ने सदन में स्वस्थ संवाद का वातावरण बनाया। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार सदन की कार्यवाही उच्च मानकों के अनुरूप संचालित होती रहेगी। मुख्यमंत्री ने पुनः अध्यक्ष प्रेम कुमार को सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में बिहार विधानसभा आगे भी नई मिसाल कायम करेगी और राज्य के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी।

# विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने दी विश्वास मत हासिल करने पर सीएम को बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा में आयोजित विशेष सत्र में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सदन में विश्वास मत प्राप्त कर लिया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में इसे लोकतंत्र की मजबूती और जनता के विश्वास की जीत बताया। सत्र की शुरुआत में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि यह उपवेशन लोकतांत्रिक परंपराओं, मर्यादा और उत्तरदायित्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विधानसभा केवल बहुमत का मंच नहीं, बल्कि विचार और जन-आस्था का केंद्र भी है। सत्ता का वास्तविक आधार जनता का विश्वास है जिसकी अभिव्यक्ति सदन के माध्यम से होती है। अध्यक्ष ने सदस्यों से शालीनता और संयम के साथ चर्चा में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि मतभेद लोकतंत्र की शक्ति हैं, लेकिन मर्यादा उसकी पहचान है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह संसदीय प्रक्रिया पारदर्शिता, शुचिता और संविधान के प्रति निष्ठा को और मजबूत करेगी। विश्वास मत पारित होने के बाद अपने समापन भाषण में अध्यक्ष ने कहा कि यह केवल राजनीतिक जीत नहीं, बल्कि बिहार की जनता के विश्वास और अपेक्षाओं की विजय है। उन्होंने सम्राट चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके नेतृत्व, नीतियों और जनता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में बिहार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत संरचना के क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के मंत्र के साथ प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। सदन में उपस्थित उपमुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल के सदस्य, अन्य विधायक, अतिथियों और पत्रकारों की मौजूदगी में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करते हुए राज्य के समग्र विकास के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

# विश्वास मत मिलने पर संजय सरावगी ने सम्राट चौधरी को दी बधाई

## किसी को भ्रम पालने की जरूरत नहीं, एनडीए एकजुट : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा के विशेष सत्र में नई सरकार के विश्वास मत हासिल करने के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलकर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि फ्लोर टेस्ट का सफलतापूर्वक पास होना मजबूत नेतृत्व और जनविश्वास की बड़ी जीत है। इस ऐतिहासिक सफलता के बाद उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सक्षम एवं दूरदर्शी नेतृत्व में बिहार विकास, सुशासन और स्थिरता के नए मानदंड स्थापित करते हुए प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर रहेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि सरकार ने सदन में आज बिहार के विकास और प्रदेश के समृद्ध बनाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता स्पष्ट कर दी है। राज्य में एनडीए सरकार जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नई सरकार के लक्ष्य पहले से ही स्पष्ट हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी कहा है और हम सभी सहमत हैं कि बिहार विकास, सुशासन और समावेशी विकास के उस पथ पर आगे बढ़ेगा जो नीतीश कुमार ने स्थापित किया है। हम बिहार को उसी पथ पर आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो पहले ही निर्धारित किया गया है। समृद्ध बिहार के निर्माण का वादा पूरा किया जाएगा। एनडीए सरकार पहले भी सत्ता में थी और आज भी है।

# एनबीबीएल ने पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस को नए बिलर के रूप में जोड़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड ने भारत कनेक्ट इकोसिस्टम पर बीमा श्रेणी के तहत डाक जीवन बीमा को एक बिलर के रूप में जोड़ा है। भारतीय स्टेट बैंक ने बिलर ऑपरेटिंग यूनिट के रूप में डाक जीवन बीमा को इस प्लेटफॉर्म पर लाने का कार्य किया है। इस सुविधा से अब पॉलिसीधारक अपनी पसंद के किसी भी भारत कनेक्ट-सक्षम ऑनलाइन और ऑफलाइन चैनलों के माध्यम से आसानी से अपने प्रीमियम का भुगतान कर सकेंगे।

# ए एन कॉलेज के लोक प्रशासन विभाग में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर विभागीय बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आज ए एन कॉलेज के लोक प्रशासन विभाग द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कविता राज ने की। विभागीय परिषद की बैठक में सदस्यों ने अपने-अपने ग्रामीण अनुभव को साझा भी किया। डॉ. कामना ने पंचायती राज संस्थाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह व्यवस्था भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करती है और ग्रामीण स्तर पर जनभागीदारी को सुनिश्चित करती है। डॉ प्रीति ने स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसहभागिता के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में डॉ. अमीरुल्लाह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पंचायती राज व्यवस्था की उपलब्धियों, चुनौतियों तथा इसके सुदृढ़ीकरण के उपायों के लिए हमें विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। इसके लिए जिम्मेदार नागरिक की जरूरत विद्यार्थियों के द्वारा पूरी की जा सकती है। बैठक में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। पूर्ववर्ती छात्र अमीषा और आदित्य नारायण ने बताया कि ग्रामीण स्तर के घरेलू उद्योगों से जुड़े लोगों की लोक कला, पारम्परिक भोजन बनाने से संबंधित कार्यक्रम को विकसित करने के लिए महाविद्यालय में लघु मेला का आयोजन किया जा सकता है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया गया और लोक प्रशासन के विभागीय परिषद के सभी सदस्यों ने लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने हेतु प्रेरित किया गया।

# बिहार का गौरव बढ़ाएंगे डॉ. आनंद रंजन झा, बॉलीवुड अभिनेत्री स्नेहा उलाल करेंगी सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/वैशाली।** बिहार के शिक्षा एवं कौशल विकास क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे कैरियर मिशन कम्पयूटर एकेडमी, जन्दाहा (वैशाली) के संचालक डॉ. आनंद रंजन झा एक बार फिर राज्य का नाम रोशन करने जा रहे हैं। उन्हें आगामी 'बिहारी हीरो अवार्ड 2026' में सम्मानित किया जाएगा। यह भव्य सम्मान समारोह 26 अप्रैल 2026 को राजधानी पटना में आयोजित होगा जिसमें बॉलीवुड अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी और अपने कर-कमलों से डॉ. झा को सम्मानित करेंगी। डॉ. आनंद रंजन झा को यह सम्मान 'बेस्ट कम्प्यूटर एजुकेशन, स्किल डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट' के लिए दिया जा रहा है। उन्होंने अपने संस्थान के माध्यम से हजारों युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनने का मार्ग दिखाया है। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। डॉ. झा की इस उपलब्धि से वैशाली जिले सहित पूरे बिहार में खुशी की लहर है। शिक्षा जगत, छात्रों एवं समाज के लोगों ने इसे गर्व का क्षण बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बीमा आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र), प्रणय सिन्हा एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स आदित्य कंस्ट्रक्शन के अंतर्गत साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड पंजीकृत बीमित व्यक्ति स्व. अशोक कुमार गिरी जो फतेहपुर, पटना में मानव बल के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पत्नी - सीमा देवी, पुत्री सृष्टि कुमारी एवं श्वेता कुमारी, पुत्र आदर्श कुमार गिरी को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. अशोक कुमार गिरी की मृत्यु 2-08-2025 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ईएसआईसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 369 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु. 11,070/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 99630-/ रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवास स्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को इएसआइ कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ईएसआई योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

# भाजपा 26 को मनाएगी भामाशाह जयंती

## समारोह में गणमान्य विद्वान, राजनेता, व्यवसायी, सामाजिक कार्यकर्ता भी होंगे शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा 26 अप्रैल को शूरवीर, धर्मवीर, दानवीर भामाशाह की जयंती भव्य तरीके से मनाएगी। इसको लेकर पार्टी के कार्यकर्ता तैयारी में जुटे हैं। पंचायती राज प्रकोष्ठ के बैनर तले (रविवार) को पटना स्थित बीआईए सभागार में भव्य जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है। भाजपा पंचायती प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश कुमार नंदन ने बताया कि 26 अप्रैल को बड़ी संख्या में लोग इस समारोह में भाग लेंगे और भामाशाह के जीवन-दर्शन, त्याग, राष्ट्रभक्ति और समाजसेवा के आदर्शों को समझेंगे और आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि लोकहित और आत्म-सम्मान के लिए अपना सर्वस्व दान कर देने वाली उदारता के गौरव-पुरुष भामाशाह के आदर्श और प्रेरणा को चिरस्थायी रखने के लिए आयोजित इस भव्य जयंती समारोह में समाज के गणमान्य विद्वान, राजनेता, व्यवसायी, सामाजिक कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी और उनकी जीवन गाथा का बखान करेंगे। उन्होंने कहा कि यह समारोह ऐतिहासिक होने जा रहा है। अब तक यह आयोजन सामाजिक स्तर पर होता था, लेकिन इस बार पार्टी के बैनर तले बड़े पैमाने पर आयोजित किया जा रहा है जिससे कार्यकर्ताओं और समाज में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि समारोह को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। समाज के सभी वर्गों को जोड़ते हुए भामाशाह के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुष की जयंती को पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया जाना चाहिए। समाज की नई पीढ़ी को भामाशाह के जीवन और उनके आदर्शों से परिचित कराना जरूरी है।

# बलराम दुबे बने विधि विभाग के सचिव-सह-विधि परामर्शी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मधेपुरा जिले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर कार्यरत बलराम दूबे को पटना स्थित विधि विभाग में सचिव-सह-विधि परामर्शी के पद पर नियुक्त किया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति बिहार के राज्यपाल के आदेश से प्रभावी मानी जाएगी। बलराम दूबे न्यायिक सेवा में लंबे अनुभव के लिए जाने जाते हैं और विभिन्न जिलों में न्यायिक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। औरंगाबाद और मधेपुरा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में उनके कार्यकाल को प्रशासनिक दक्षता और न्यायिक निष्पक्षता के लिए सराहा गया है। विधि विभाग में सचिव-सह-विधि परामर्शी का पद राज्य सरकार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है जहां नीतिगत मामलों, कानूनी सलाह और विभिन्न प्रशासनिक निर्णयों में विधिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। ऐसे में बलराम दूबे की नियुक्ति को विभाग के लिए अहम माना जा रहा है।

# एनएसई ने किया सीइआरसी नियम 2026 में मार्केट कपलिंग लागू करने का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ने हाल ही में इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (सीईआरसी) द्वारा जारी पावर मार्केट (ड्राफ्ट सेकंड संशोधन) नियम, 2026 की अधिसूचना का स्वागत किया जो मार्केट कपलिंग लागू करने से संबंधित है। प्रस्तावित संशोधन के अनुसार ग्रिड इंडिया (भारत सरकार का उपक्रम) आयोग की मंजूरी से अगले 6 महीनों के भीतर पावर मार्केट कपलिंग प्रोसीजर (पीएमसीपी) तैयार करेगा, ताकि अलग-अलग पावर एक्सचेंजों में मार्केट कपलिंग को लागू किया जा सके। इस पर एनएसई ने कहा कि मार्केट कपलिंग की शुरुआत भारतीय पावर मार्केट में पारदर्शिता, कामकाज की दक्षता और एक समान कीमत तय करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। 'वन नेशन, वन ग्रिड, वन प्राइस' के सिद्धांत के अनुसार, मार्केट कपलिंग लागू करना एक लंबे समय से इंतजार किया जा रहा सुधार है। बाजार से जुड़े लोगों का मानना है कि इससे पावर मार्केट और मजबूत होगा तथा सही तरीके से कीमत तय करने में मदद मिलेगी। मार्केट कपलिंग लागू होने के बाद, मार्केट कपलिंग ऑपरेटर (ग्रिड इंडिया) सभी तीनों स्पॉट पावर एक्सचेंजों से बोली को एक साथ इकट्ठा करेगा और एक केंद्रीकृत सिस्टम के जरिए उनका मिलान करेगा, ताकि एक ही मार्केट-क्लियरिंग प्राइस तय की जा सके। इसके बाद सभी स्पॉट एक्सचेंज अपने-अपने ट्रेड इसी एक तय कीमत के आधार पर सेटल करेंगे। यह तरीका मूल रूप से एनएसई के मंथली इलेक्ट्रिसिटी फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स के सेटलमेंट के तरीके से मिलता-जुलता है। इसमें किसी महीने की अंतिम सेटलमेंट प्राइस/ड्यू डेट रेट (डीडीआर) सभी तीन स्पॉट पावर एक्सचेंज (पीएक्सआईएल, आईईएक्स और एचपीएक्स) की रोजाना कीमतों के वॉल्यूम-वेटेड एवरेज के आधार पर तय की जाती है। यह गणना डीएएम के सभी सेगमेंट (कन्वेंशनल, ग्रीन और हाई प्राइस) और हर दिन के 96 टाइम ब्लॉक्स को ध्यान में रखकर की जाती है। इसके विपरीत कुछ एक्सचेंज केवल रोजाना कीमतों का साधारण औसत लेते हैं जिसमें ट्रेडिंग वॉल्यूम को नजरअंदाज किया जाता है। एनएसई का डीडीआर तरीका वैज्ञानिक रूप से तैयार किया गया है जिसमें असली ट्रेडिंग वॉल्यूम के आधार पर कीमतों को सही वेटेज दिया जाता है जिससे ज्यादा सटीक और भरोसेमंद कीमत निकलती है।

# विश्वास मत से बिहार में स्थिर और मजबूत सरकार का मार्ग प्रशस्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार को विश्वास मत प्राप्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. सुमन ने कहा कि यह विश्वास मत केवल संख्याओं की जीत नहीं, बल्कि बिहार की जनता के विश्वास, आकांक्षाओं और स्थिर एवं सशक्त नेतृत्व में भरोसे का प्रतीक है। यह स्पष्ट संदेश है कि बिहार की जनता विकास, सुशासन और सकारात्मक राजनीति के साथ खड़ी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में यह सरकार राज्य को प्रगति, समृद्धि और सामाजिक न्याय के नए आयामों तक ले जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) इस सरकार के साथ मिलकर बिहार के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। अंत में डॉ. सुमन ने कहा कि यह विश्वास मत बिहार के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम है और राज्य में स्थिरता एवं विकास का नया अध्याय लिखेगा।

# ग्रामीण सड़कों को मिली नई मजबूती, 2,869 किमी सड़कों का हुआ उन्नयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सभी 38 जिलों में ग्रामीण सड़क नेटवर्क को सुदृढ़, सुरक्षित और दीर्घकालिक बनाने के उद्देश्य से ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत व्यापक स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। इस योजना का मुख्य लक्ष्य पुरानी एवं जर्जर सड़कों का उन्नयन कर उन्हें आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित करना है, ताकि ग्रामीण संपर्कता हर मौसम में निर्बाध बनी रहे। इस योजना के अंतर्गत अबतक राज्यभर में हजारों किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़कों का कायाकल्प कर उन्हें नई संरचनात्मक मजबूती प्रदान की गई है। विशेष रूप से वे सड़कें, जिनकी पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि समाप्त हो चुकी थी। इस योजना के माध्यम से फिर से सुदृढ़ कर दीर्घकालिक उपयोग के योग्य बनाई जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि इस योजनान्तर्गत कुल 859 ग्रामीण सड़कों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है जिनकी लम्बाई 3,036 किलोमीटर है। इनमें से 783 सड़कों का उन्नयन कार्य पूर्ण हो चुका है। इससे 2,869 किलोमीटर ग्रामीण सड़कें मजबूत हुई हैं। इस दिशा में मिथिला क्षेत्र के मधुबनी जिले में सर्वाधिक 199 किलोमीटर, पश्चिमी चंपारण में 152 किलोमीटर, समस्तीपुर में 145 किलोमीटर तथा इसके अलावा गया जिले में 142 किलोमीटर सड़कों का उन्नयन किया गया है। इन कार्यों से स्थानीय स्तर पर यातायात व्यवस्था को नई गति मिली है। ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से इस योजना को एक्शन मोड में संचालित करते हुए गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्नयन के पश्चात सड़कों की संरचनात्मक मजबूती और समतल सतह सुनिश्चित की जा रही है।

# विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा उजागर : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बिहार विधानसभा में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को संसद में पारित नहीं होने देने पर कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समेत विपक्षी दलों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किए जाने का समर्थन और स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे महिला अधिकार के विरोधियों की निंदा की ही जानी चाहिए। महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए उन्होंने कहा कि इसका विरोध करने वाले दलों ने महिलाओं के अधिकारों के प्रति नकारात्मक रवैया अपनाया है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पास नहीं होना महिलाओं के साथ धोखा हुआ है। राजद, कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों पर सीधा निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इससे विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा भी उजागर हो गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पारित न होने के लिए विपक्ष को दोषी ठहराते हुए कहा कि विपक्ष का असली चेहरा बेनकाब हो गया है।

# संगठन सृजन साथी जनसंपर्क अभियान से बिहार कांग्रेस को मिलेगी नई ऊर्जा

## प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने बीपीसीसी पर्यवेक्षकों के साथ की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में 'संगठन सृजन साथी जनसंपर्क अभियान' को लेकर बीपीसीसी पर्यवेक्षकों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीपीसीसी ऐप तथा संगठन सृजन साथी जनसंपर्क अभियान की रणनीति और कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस संगठन को गांव और बूथ स्तर तक मजबूत और सक्रिय बनाना है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि संगठन सृजन साथी जनसंपर्क अभियान बिहार कांग्रेस के लिए संजीवनी का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हर गांव और हर बूथ पर संगठन को मजबूती दी जाएगी तथा पार्टी कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए सीधे संगठन से जोड़ा जाएगा। उन्होंने अभियान की रूपरेखा बताते हुए कहा कि 25 अप्रैल को सभी बीपीसीसी पर्यवेक्षक अपने-अपने प्रभार वाले जिलों के लिए रवाना होंगे और 30 अप्रैल तक जिलों में रहकर अभियान से संबंधित गतिविधियों को संचालित करेंगे। इस दौरान जिला अध्यक्षों एवं जिला कमेटी के साथ बैठक, प्रदेश कमेटी के दावेदारों और ब्लॉक अध्यक्षों के साथ समन्वय बैठक तथा सृजन साथी अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेस वार्ता भी आयोजित की जाएगी। राजेश राम ने आगे बताया कि अभियान के अगले चरण में 2 मई को दक्षिण बिहार के सभी नवनियुक्त जिला अध्यक्षों तथा 3 मई को उत्तर बिहार के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों एवं सभी पर्यवेक्षकों का स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष के साथ विशेष बैठक आयोजित की जाएगी।

# सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत जनता दरबार का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी के द्वारा 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत जिलाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिला प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनता दरबार में कुल 10 आवेदन/शिकायत पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने सभी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश देते हुए संबंधित विभागों को जवाबदेही सुनिश्चित करने को कहा। प्राप्त आवेदनों में आवेदिका विमला देवी, ग्राम-छतौना, थाना-नोखा द्वारा जनवितरण प्रणाली के अंतर्गत कम राशन वितरण एवं समय पर राशन नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई गई। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रोहतास को तत्काल जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया तथा दोषी पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इसी क्रम में आवेदक ओम प्रकाश चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष, छात्र जदयू द्वारा असामाजिक तत्वों एवं कुछ ग्रामीणों द्वारा उनकी भूमि पर अवैध कब्जा करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। साथ ही आवेदक शिवशंकर सिंह, पिता स्व. रामदेव सिंह, ग्राम-जयनगर, थाना-आकोढ़ीगोला द्वारा मौजा गोवर्धनपुर अंतर्गत खाता सं.-107 (सी.एस.), खेसरा नं.-27 (सी.एस.) तथा आर.एस. खाता नं.-249, खेसरा नं.-51 एवं 48 पर अवैध पक्का निर्माण कार्य को रोकने एवं बिहार सरकार की भूमि पर अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने हेतु आवेदन दिया गया। जिलाधिकारी ने इन दोनों मामलों को अति संवेदनशील मानते हुए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, रोहतास को निर्देशित किया कि वे स्थल निरीक्षण कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें तथा विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया प्रारंभ करें। इसके अतिरिक्त आवेदिका सुषमा कुमारी (ए.एन.एम.), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चेनारी द्वारा पारस्परिक स्थानांतरण के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस पर जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन, रोहतास को नियमों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अन्य प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रसारित करते हुए यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का त्वरित निष्पादन किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्राप्त आवेदनों की नियमित मॉनिटरिंग करें और निष्पादन की अद्यतन स्थिति से अवगत कराते रहें।

### हीटवेव से निपटने को डीएम ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# जलापूर्ति सुचारु रूप से बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हीटवेव की स्थिति से निपटने हेतु शुक्रवार को महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, मुखिया, जनप्रतिनिधि, नगर विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, प्रखंड स्तर के वरीय प्रभारी तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को हीटवेव से बचाव एवं राहत व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विशेष रूप से नल-जल योजना के कार्यों में तेजी लाने पर बल दिया गया, ताकि किसी भी वार्ड में पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही नगर क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल हेतु प्याऊ की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, खराब पड़े चापाकलों की शीघ्र मरम्मत कराने तथा सभी पीएचसी एवं सीएचसी में हीटवेव से प्रभावित मरीजों के उपचार हेतु विशेष वार्ड के सुचारू संचालन का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि गर्मी के मौसम में जलापूर्ति सुचारू रूप से बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। साथ ही पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने एवं वहां के निवासियों को पेयजल की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन, रोहतास द्वारा आमजन से अपील की गई है कि अत्यधिक गर्मी के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतें एवं किसी भी समस्या की सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन को दें।

# अनुमंडल पदाधिकारी ने किया जनता दरबार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। जनता दरबार में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कुल 47 परिवादी अपनी शिकायतें और आवेदन लेकर पहुंचे। प्राप्त मामलों में भूमि विवाद से संबंधित 15, राशन कार्ड से जुड़े 25 तथा अन्य श्रेणी के 07 मामले शामिल रहे। नागरिकों ने एसडीएम के समक्ष बारी-बारी से अपनी समस्याएं रखीं। भूमि विवाद के अधिकांश मामले दाखिल-खारिज, सीमांकन और आपसी बंटवारे से संबंधित थे। वहीं राशन कार्ड को लेकर नए कार्ड बनाने, नाम जोड़ने-हटाने और यूनिट सुधार जैसी शिकायतें प्रमुख रहीं। अन्य मामलों में पेंशन, आवास योजना और सड़क-पानी की समस्याएं सामने आईं। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी परिवादियों को धैर्यपूर्वक सुना और संबंधित कार्यालयों एवं पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदन पत्रों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर नागरिक को सम्मान मिले और उनकी जिंदगी आसान बने। इसके लिए प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध निपटारा जरूरी है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि भूमि विवाद के मामलों में अंचल और थाना स्तर पर समन्वय बनाकर त्वरित कार्रवाई की जाए। राशन कार्ड से जुड़े मामलों को खाद्य आपूर्ति विभाग 15 दिनों के भीतर निष्पादित करेगा। जनता दरबार में मौजूद नागरिकों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि सीधे पदाधिकारी से मिलकर समस्या रखने से समाधान की उम्मीद बढ़ी है। अनुमंडल प्रशासन ने बताया कि सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत प्रत्येक सप्ताह जनता दरबार लगाया जाएगा, ताकि आम लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## बुकिंग के बाद 19783 गैस सिलेंडर लंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

भभुआ। कैमूर जिले में रसोई गैस सिलेंडर का वितरण किए जाने के बाद भी 19783 बुकिंग लंबित हैं। हालांकि जिला प्रशासन का दावा है कि 2-3 दिनों में गैस उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। जिले में रसोई गैस आपूर्ति व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय एवं सजग है। आम उपभोक्ताओं को निर्बाध गैस उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। जिले में एचपीसीएल, बीपीसीएल एवं आईओसीएल कंपनियों की 19 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं।

## बुद्धिजीवी चेतना मंच ने मनाई वीर कुंवर सिंह की जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बुद्धिजीवी चेतना मंच के द्वारा वीर कुंवर सिंह की जयंती 23 अप्रैल को सुभाष नगर कार्यालय में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल कुमार शर्मा ने किया। अतिथियों का स्वागत सचिव केदारनाथ सिंह ने अंग वस्त्र और बुके देकर किया। वीर कुंवर सिंह समारोह में मुख्य अतिथि संजय सिंह बालाजी, सामाजिक कार्यकर्ता विनय बाबा डालमियानगर एवं श्रमिक नेता नागेश्वर सिंह ने विचार व्यक्त किया। मंच का संचालन प्रवक्ता उमेश कुमार सिंह ने किया। मंच के सभी सदस्य विनोद सिंह, नरेश, दयानंद सिंह, राहुल, शिक्षक दीप नारायण पांडे ने संबोधित किया। वहीं मोहन बीघा चौक पर गर्मी के मौसम को देखते हुए संगठन द्वारा शीतल पेयजल लगाया गया है।

## हत्या के आरोपित तीन अपराधियों को आजीवन कारावास, दो को 10 साल का सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** गत 24 मार्च 2024 को सासाराम अनुमंडल अन्तर्गत सासाराम मु0 (धौघाड़ ओ0पी0) में एक व्यक्ति को लूटपाट करने के दौरान गोली मारकर हत्या की घटना का अंजाम दिया गया था जिस संदर्भ में सासाराम मु. (धौघाड़ ओ0पी0) में कांड सं. 148/24, 25.03.2024 धारा 394/302 / 120 (बी) / 24 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में उक्त कांड का त्वरित गति से अनुसंधान पूर्ण कराकर घटना में शामिल निम्न पांचों अपराधकर्मियों के विरूद्ध न्यायालय, सासाराम में आरोप पत्र समर्पित कराया गया एवं इन पांचों दोषियों को सजा दिलाने हेतु उक्त कांड का स्पीडी ट्रायल चलाया गया जिसमें न्यायालय द्वारा घटना में शामिल तीन अपराधकर्मियों को आजीवन कारावास तथा दो अपराधकर्मियों को 10 साल का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक को जुर्माना में 20-20 हजार रूपए की सजा सुनाई गयी। न्यायालय ने विष्णु कुमार उम्र 27 वर्ष पिता राजेन्द्र लाल सा. माधोपुर थाना मनेर जिला पटना, विटू पासवान पिता ददन पासवान, सा. नन्दन थाना डुमरांव, जिला बक्सर, योगेश कुमार पिता कौशल सिंह, सा. धनकढा थाना धौघाड, जिला रोहतास को आजीवन कारावास और 20-20 हजार रुपए जुर्माना तथा मनोरंजन कुमार पिता विजय राम सा. मेदनीपुर थाना धौधाड़ जिला रोहतास, शंकर कुमार पिता दिनेश राम, सा. मेदनीपुर, थाना धौधाड जिला रोहतास को 10 साल का सासाराम कारावास और 20-20 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है।

## मीना मंच का गठन, बालिकाओं को सशक्त बनाने की पहल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय मध्य विद्यालय शिवगंज, डिहरी में बालिकाओं को सशक्त, जागरूक एवं आत्मविश्वासी बनाने के उद्देश्य से मीना मंच का गठन किया गया। इस पहल के तहत कक्षा 6, 7 एवं 8 की छात्राओं का एक समूह तैयार किया गया है जो विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक मुद्दों पर सक्रिय रूप से भागीदारी निभाएंगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने मीना मंच की संयोजक शिक्षिका के रूप में सुजाता प्रसाद को जिम्मेदारी सौंपी। उनके नेतृत्व में छात्राओं का चयन कर मंच का विधिवत गठन किया गया जिसमें कुल 20 बालिकाओं को सदस्य बनाया गया। चयनित छात्राओं में कक्षा 8 से पल्लवी कुमारी, खुशबू कुमारी, अंशिका कुमारी, कक्षा 7 से नंदनी कुमारी, चांदनी कुमारी, मिनत परवीन तथा कक्षा 6 से प्रीति कुमारी, सृष्टि कुमारी, रितु कुमारी, ज्योति कुमारी सहित अन्य छात्राएं शामिल हैं। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि मीना मंच का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक शनिवार को नियमित बैठक आयोजित कर बाल विवाह, बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, लैंगिक भेदभाव तथा शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करना है।

## राधा शांता कॉलेज तिलौथू में होगी लाइब्रेरी साइंस की पढ़ाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** राधा शांता महाविद्यालय तिलौथू में डिपार्टमेंट आफ लाइब्रेरी एंड इनफॉरमेशन साइंस से पाठ्यक्रम में पढ़ाई हेतु नव संबंधन के साथ सीट निर्धारित किया गया है। इस संबंध में राधा शांता महाविद्यालय तिलौथू के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि बिहार सरकार उच्च शिक्षा विभाग के सरकार के अवर सचिव राजीव कुमार चौधरी द्वारा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के कुलसचिव के नाम से पत्र जारी कर निर्देशित करते हुए आवश्यक करवाई हेतु प्रेषित किया गया है। प्राचार्य ने बताया कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के द्वारा राधा शांता महाविद्यालय तिलौथू, रोहतास में डिपार्टमेंट आफ लाइब्रेरी एंड इनफॉरमेशन साइंस पाठ्यक्रम के पढ़ाई हेतु 60 सीट के साथ संबंधन के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया गया था जिस प्रस्ताव के आलोक में समीक्षोपरांत




उच्च शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक पाठ्यक्रम के जांच पत्र के आलोक में विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए राधा शांता महाविद्यालय तिलौथू में डिपार्टमेंट आफ लाइब्रेरी एंड इनफॉरमेशन साइंस पाठ्यक्रम में वर्तमान सत्र 2026-27 के लिए 30 सीटों के निर्धारण के साथ नवसंबंधन प्रदान करने की प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई है। प्राचार्य ने बताया कि प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है। वर्तमान सत्र से कॉलेज में लाइब्रेरी साइंस के लिए 30 सीटों पर नामांकन होगा जो कॉलेज एवं कॉलेज के पोषक क्षेत्र पंचवन के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि इस महाविद्यालय का स्नातक स्तर पर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा एवं बिहार सरकार से कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में तीनों में स्थाई संबंधन प्राप्त है। इस महाविद्यालय में 2009 से व्यावसायिक पाठ्यक्रम के रूप में बीसीए और बीबीए में 60 सीटों पर नामांकन लेकर पढ़ाई की जाती है जहां से कई छात्र-छात्राओं का महाविद्यालय कैंपस से प्लेसमेंट भी हुआ है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस महाविद्यालय में कई रोजगार परक एवं प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों जैसे लोक प्रशासन, भूगोल आदि की भी पढ़ाई कराई जाती है। उन्होंने इस उपलब्धि पर सभी महाविद्यालय शिक्षक एवं कर्मियों के प्रति आभार जताते हुए इस तिलौथू पंचवन क्षेत्र के लिए शिक्षा जगत में एक अहम उपलब्धि बताया है जिससे यहां के छात्र-छात्राएं इस रोजगार परक कोर्स की पढ़ाई कर लाभान्वित होंगे।

## सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढी गोला (रोहतास)।** जिले के आयर कोठा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक शिक्षक की मौत हो गई वही बेटी और पत्नी घायल हो गईं। घटना की पुष्टि करते हुए आयर कोठा थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि वृहस्पतिवार की देर रात 12 बजे थाना क्षेत्र के पडूहार गांव के समीप मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार से आ रही चार चक्का वाहन हुंडई बिजली पोल में टक्कर मार दी। मौके पर ही ड्राइवर की मौत हो गई। ड्राइव कर रहे व्यक्ति की पहचान अजय सिंह उम्र 49 वर्ष पिता स्व. नरेश राय के रूप में हुई वे गयाजी से अपने पढ़ाई कर रहे बेटी खुशी कुमारी और पत्नी रीना देवी के साथ घर अकोढी गोला (बराढी) लौट रहे थे तभी यह घटना आयर कोठा थाना क्षेत्र में हुई। बताया जाता है कि अजय कुमार डालमिया नगर स्थित इंटर कॉलेज में शिक्षक थे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया वहीं चार चक्का वाहन को जब्त कर थाने लाई है।


बिहार सरकार

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय औरंगाबाद**

**(निविदा आमंत्रण)**

एत्द द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष–2026–27 में औरंगाबाद जिला के सभी थानों/प्रतिष्ठानों में प्रतिनियुक्त वाहनों में जी0पी0एस0 अधिष्ठापन, माईग्रेशन एवं रिचार्ज कराने के लिए निविदा आमंत्रण की जानी है। जो कोई भी निबंधित संवेदक/फर्म/कम्पनियॉ/प्रतिष्ठित कम्पनी द्वारा उच्च गुणवता वाली जी0पी0एस0 का सेवा उपलब्ध कराना चाहते है, वे अपना निविदा बंद लिफाफा में पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद कार्यालय के परिवहन शाखा, पुलिस केन्द्र, औरंगाबाद में कार्यालय अवधि में दिनांक–15.05.2026 तक जमा कर सकते है।

आवश्यकता आधारित विवरणी निम्न प्रकार है:–

| GPS | | | |
|---|---|---|---|
| New Device Installation | Software Migration | Sim Data Renewal (Recharge) | Warranty Time |
| | | | |

निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि–15.05.2026
निविदा खोलने की तिथि–18.05.2026

पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.001739 (Police) 2026-27

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।


## आग ने मचाया तांडव, इमारती के लकड़ी समेत पुआल जलकर राख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट थाना क्षेत्र के करूप बाजार में गुरुवार देर शाम लगी भीषण आग ने एक फर्नीचर दुकान के बगल रखे लाखों के लकड़ी के गट्ठर और पुआल को जलाकर राख कर दिया। घटना मानिक परासी गांव निवासी मुकेश शर्मा की फर्नीचर दुकान के पास हुई। मुकेश कई साल से करूप बाजार में कारोबार कर रहे हैं। उन्होंने तीन महीने पहले ही बगीचे से दो गाड़ी लकड़ी खरीदी थी जिसे दुकान के बगल में रखा गया था। लकड़ी के साथ मवेशियों के लिए रखा पुआल भी आग की चपेट में आ गया। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार आग की शुरुआत 11,000 केवी की हाईटेंशन लाइन से हुई। बिजली के तार पर पक्षी के टकराने से चिंगारी निकली और सीधे नीचे रखे पुआल के ढेर पर जा गिरी। सूखे पुआल ने तुरंत आग पकड़ ली और देखते ही देखते लपटें लकड़ी के मोटे गट्ठरों तक फैल गईं। आग इतनी तेज थी कि आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। दुकानदारों ने तुरंत काराकाट थाने को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सारी लकड़ी और पुआल पूरी तरह जल चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम प्रभात कुमार और थाना प्रभारी एसआई रफीक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने हालात का जायजा लिया और दुकानदार को राहत का भरोसा दिया। मुकेश शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि आग लगने का सही कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन ग्रामीणों का मानना है कि बिजली लाइन से गिरी चिंगारी ही वजह बनी। इस हादसे के बाद पूरे बाजार में दहशत का माहौल है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## औराई गांव में 11 केवी का जर्जर पोल बना खतरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** संझौली प्रखंड के औराई गांव में 11 केवी बिजली का पोल गिरने के कगार पर है। जर्जर हो चुके इस पोल से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन बिजली विभाग ने अब तक कोई कदम नहीं उठाया है। ग्रामीणों ने बताया कि पोल का निचला हिस्सा पूरी तरह गल चुका है और वह एक तरफ झुक गया है। तेज हवा या हल्की बारिश में भी इसके धराशायी होने का खतरा बना रहता है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि पोल के ठीक बगल में एक शिव मंदिर है। मंदिर परिसर में रोजाना दर्जनों बच्चे खेलते हैं। सुबह-शाम पूजा के लिए महिलाओं और बुजुर्गों की भीड़ लगी रहती है। 11 हजार वोल्ट की लाइन टूटकर गिरी तो जान-माल का भारी नुकसान तय है। स्थानीय निवासी ने कहा पिछले दो महीने से पोल इसी हालत में है। हमने संझौली के कनीय अभियंता को सूचना दी गई, पर सिर्फ आश्वासन मिला। कुछ ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग हादसे का इंतजार कर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार बरसात से पहले पोल नहीं बदला गया तो बिजली घंटों ठप हो सकती है। साथ ही करंट लगने से बच्चों और मवेशियों की जान को खतरा है। औराई के लोग दहशत में हैं और बच्चों को मंदिर के पास जाने से रोक रहे हैं।

# बढ़ती गर्मी के मद्देनजर डीडीयू मंडल ने की एडवाइजरी जारी

## कार्यस्थलों पर कर्मचारियों एवं स्टेशनों पर यात्रियों को किया जा रहा जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल अंतर्गत मंडल रेल अस्पताल/डीडीयू द्वारा वर्तमान में बढ़ते तापमान एवं गर्मी के प्रभाव को देखते हुए हीट वेव मैनेजमेंट संबंधी जागरूकता एडवाइजरी जारी की गई है। मंडल प्रशासन द्वारा रेल कर्मचारियों तथा यात्रियों से आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की गई है। जारी परामर्श में गर्मी से ऐंठन, गर्मी से थकावट तथा हीट स्ट्रोक के लक्षणों की जानकारी दी गई है। अत्यधिक प्यास लगना, चक्कर आना, सिरदर्द, कमजोरी महसूस होना, मांसपेशियों में दर्द, अधिक पसीना आना, शरीर का तापमान बढ़ना, बेचैनी अथवा गंभीर स्थिति में बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। एडवाइजरी में विशेष रूप से दिन में तेज धूप से बचने, हल्के एवं सूती वस्त्र पहनने, सिर को ढककर रखने अथवा अन्य बचाव साधनों का उपयोग करने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहने तथा ओआरएस, नींबू पानी, छाछ, लस्सी एवं अन्य तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी गई है। अनावश्यक शारीरिक परिश्रम से बचने तथा आवश्यकता अनुसार विश्राम करने पर भी बल दिया गया है। यदि कोई व्यक्ति गर्मी से प्रभावित हो जाए तो उसे तुरंत छायादार एवं ठंडे स्थान पर ले जाएं, तंग कपड़े ढीले करें, ठंडे पानी से शरीर को ठंडक दें, पानी पिलाएं तथा आवश्यकता होने पर चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराएं। डीडीयू मंडल द्वारा कार्यस्थलों पर रेल कर्मचारियों को तथा स्टेशनों पर यात्रियों को हीट वेव से बचाव संबंधी आवश्यक जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। मंडल प्रशासन द्वारा सभी से सतर्कता, सावधानी एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्शों का पालन करने की अपील की गई है, ताकि सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

ग्रीष्मकालीन मौसम एवं बढ़ती गर्मी को देखते हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा यात्रियों तथा रेल कर्मचारियों की सुविधा हेतु व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मंडल के सभी स्टेशनों के स्टेशन प्रबंधक कक्षों में ठंडा पानी, नींबू एवं ओआरएस आदि की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है जिसका लाभ लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर सहित ड्यूटी पर कार्यरत सभी कर्मचारी ले सकते हैं। इसी प्रकार की व्यवस्था मंडल के डीपो, यार्ड आदि प्रमुख कार्यस्थलों पर भी है। अंकोरहा तथा नबीनगर क्रू लॉबी में अतिरिक्त व्यवस्था कर डाउन एवं अप दिशा दिशा में जाने वाली ट्रेनों के चालक दल के बोतलों में ठंडा पानी रिफिल किया जा रहा है जिससे चालक दल को राहत मिल रही है। यात्रियों की सुविधा हेतु स्टेशनों पर पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ की गई है तथा टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों को चिन्हित कर पेयजल की अतिरिक्त व्यवस्था की जा रही है। डीडीयू, गया, सासाराम एवं डिहरी ऑन सोन स्टेशनों पर स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से पेयजल वितरण किया जा रहा है। स्काउट एवं गाइड की भी तैनाती की गई है जो यात्रियों को पेयजल उपलब्ध करा रहे हैं। मंडल प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी व समीक्षा की जा रही है।


बिहार सरकार

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय औरंगाबाद**

**निविदा आमंत्रण**

एत्द द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष–2026–27 में औरंगाबाद जिलाबल के वाहनों की आतंरिक एवं बाह्य स्थिति में सुधार एवं सुचारू रूप से संचालन हेतु सीट कभर, फुट मैट, स्टेयरिंग कभर, फॉग लाईट, कॉशन बार लाईट, वी0आई0पी0 लाईट एवं पुलिस स्टीकर क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रण की जानी है। जो कोई भी निबंधित संवेदक/फर्म/कम्पनियॉ/प्रतिष्ठित कम्पनी द्वारा उच्च गुणवता वाली निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति करना चाहते है। वे अपना निविदा बंद लिफाफा में पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद के कार्यालय अवधि में दिनांक–15.05.2026 तक परिवहन शाखा, पुलिस केन्द्र, औरंगाबाद में जमा कर सकते है। सामग्रियों का विवरणी निम्नलिखित है:–

01. सीट कभर
02. फुट मैट,
03. स्टेयरिंग कभर,
04. फॉग लाईट,
05. कॉशन बार लाईट एवं
06. वी0आई0पी0 लाईट
07. पुलिस स्टीकर

निविदाकर्त्ता उपरोक्त लिखे गये वाहनों की एशोसिरिज के अनुसार प्रति युनिट की दर से निविदा देगें। निविदाकर्त्ता निम्नांकित शर्तों के साथ अपना निविदा बंद लिफाफा में जमा कर दें:–

01. फर्म का निबंधन एवं जी0एस0टी0 का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
02. निविदादात्ता को चरित्र प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
03. स्थानीय स्तर पर निबंधित फर्म को प्राथमिकता दी जाएगी।
04. निविदादात्ता को जमानत के तौर पर 10,000/–(दस हजार) रूपये का डिमांड ड्राफ्ट पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद के नाम से निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
05. असफल निविदादात्ता को जमानत की राशि 10,000/–(दस हजार) रूपये का डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दिया जायेगा।
06. दर का अनुमोदन सामग्री की उच्च गुणवत्ता एवं न्यूनतम दर(जी0एस0टी0 सहित) के आधार पर किया जायेगा।
07. पत्र निर्गत होने के उपरान्त सामग्री की आपूर्ति 02(दो) दिनों के अन्दर कर देनी होगी, अन्यथा स–समय आपूर्ति नहीं होने के स्थिति में सफल निविदादात्ता की निविदा निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
08. किसी भी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि–15.05.2026
निविदा खोलने की तिथि–18.05.2026

पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR. No. 001700 (Police) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# गुणवत्ता व सुरक्षा मानकों का सख्त अनुपालन का डीएम ने दिया निर्देश

## मध्याह्न भोजन योजना की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिला पदाधिकारी कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में मध्याह्न भोजन योजना के सफल, गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप संचालन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित पदाधिकारियों को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।



जिला पदाधिकारी ने कहा कि मध्याह्न भोजन योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य प्रारंभिक विद्यालयों में बच्चों को निर्धारित मेनू के अनुसार पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्वच्छता, गुणवत्ता और नियमित अनुश्रवण पर विशेष जोर दिया।

बैठक में बताया गया कि जिले के 1358 प्राथमिक विद्यालयों में विद्यालय शिक्षा समिति तथा 816 विद्यालयों में स्वयंसेवी संस्था एकता शक्ति फाउंडेशन के माध्यम से योजना का संचालन किया जा रहा है। कुछ प्रखंडों में पूरी तरह विद्यालय शिक्षा समिति द्वारा संचालन हो रहा है, जबकि अन्य में मिश्रित व्यवस्था लागू है।

जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शिक्षा विभाग द्वारा जारी एसओपी का सख्ती से पालन अनिवार्य है। इसमें खाद्यान्न की समय पर आपूर्ति, गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग, सुरक्षित भंडारण, स्वच्छ रसोई व्यवस्था, भोजन तैयार करने और वितरण के दौरान साफ-सफाई एवं सुरक्षा मानकों का पालन शामिल है।

उन्होंने निर्देश दिया कि भोजन तैयार करने से पहले रसोइयों की व्यक्तिगत स्वच्छता, रसोईघर की साफ-सफाई तथा खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। साथ ही भोजन वितरण से पूर्व उसका परीक्षण (टेस्टिंग) अनिवार्य रूप से किया जाए और बच्चों को हाथ धोने के बाद ही भोजन परोसा जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि भोजन वितरण के बाद रसोईघर एवं बर्तनों की समुचित सफाई की जाए तथा अपशिष्ट का सुरक्षित निपटान सुनिश्चित किया जाए। विद्यालयों में प्राथमिक उपचार की व्यवस्था एवं आपातकालीन संपर्क नंबर भी अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किए जाएं। केन्द्रीयकृत रसोईघरों के संचालन पर भी विशेष ध्यान देते हुए कहा गया कि वहां साफ-सफाई, गुणवत्ता नियंत्रण, सुरक्षित पैकेजिंग एवं समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच तथा कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी अनिवार्य किया गया। जिला पदाधिकारी ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देश दिया कि एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित कर नियमित समीक्षा करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों पर सख्त कार्रवाई करें। साथ ही प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक प्रतिवेदन तैयार कर समीक्षा बैठक में प्रस्तुत करने को कहा गया। उन्होंने चेतावनी दी कि मध्याह्न भोजन योजना में किसी भी प्रकार की अनियमितता, गड़बड़ी या लापरवाही से बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, साधन सेवी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एजुकेशन एक्सपो में पेंटिंग, रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** आर्यन्स ग्रुप के तत्वावधान में स्थानीय आईएमए भवन में एडुकेशन एक्सपो 2026 के अंतर्गत पेंटिंग, रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन हैवन ग्रुप ऑफ कंपनीज के डायरेक्टर मो. अमजद सिद्दीकी, पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के सचिव प्रकाश चंद्र रमन, नालंदा कॉलेज के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. रत्नेश अमन, हाईरैंक पब्लिक स्कूल के प्राचार्य केतन रमन, शिक्षक दिनेश कुमार उर्फ बॉबी एवं सुमित पटेल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में जिले के लगभग दो दर्जन विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में इनर व्हील क्लब की डॉ. मंजू प्रसाद एवं रूबी सिन्हा उपस्थित रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों के कार्यों का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मो. अमजद सिद्दीकी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों की रचनात्मकता को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। वहीं प्रकाश चंद्र रमन ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाती हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करती हैं।



डॉ. रत्नेश अमन ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसमें रचनात्मक गतिविधियों का समावेश भी जरूरी है, ताकि विद्यार्थियों का मानसिक और बौद्धिक विकास संतुलित रूप से हो सके। आर्यन्स ग्रुप के मृत्युंजय कुमार उर्फ बंटी राज आर्यन्स ने बताया कि एडुकेशन एक्सपो 2026 के तहत आयोजित यह प्रतियोगिता सफल रही। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 3 मई को स्थानीय टाउन हॉल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही बेबी फैशन शो, ओपन क्विज, साइंस एग्जीबिशन तथा कक्षा 10वीं व 12वीं के सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने जैसे कई आकर्षक कार्यक्रम भी होंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# सुनीं गईं आमजनों की समस्याएं, त्वरित निष्पादन के दिए गए निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय ल्लसबका सम्मान-जीवन आसान का उद्देश्य राज्य के नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उन्हें सरल, सहज एवं सम्मानजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में सुविधा प्रदान करने हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की जाती है। जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिलास्तर पर समाहरणालय सभाकक्ष में प्रभारी जिला पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित हुई। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 11 शिकायतें दर्ज कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई में थाना वारिसलीगंज अंतर्गत ग्राम चांदपुर की बबीता कुमारी द्वारा रास्ता अवरुद्ध करने, ग्राम खोजपुरा के सनी कुमार द्वारा विद्यालय में नामांकन कराने, थाना सिरदला अंतर्गत ग्राम तारण के उमेश प्रसाद गुप्ता द्वारा धान अधिप्राप्ति की राशि नहीं मिलने तथा थाना रोह अंतर्गत ग्राम मोरमा के राजेन्द्र प्रसाद द्वारा रास्ता अवरुद्ध किए जाने से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई गईं। प्रभारी जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर तैयारी तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के सहयोग से आगामी दिनांक 9 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर तैयारियां जोरों पर है। इसी क्रम में शुक्रवार को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के प्रकोष्ठ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, नवादा के प्रतिनिधि, श्रम अधीक्षक के प्रतिनिधि, कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग, जिला खनन पदाधिकारी तथा दूरभाष विभाग, नवादा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करने, लंबित सुलहनीय वादों के अधिकाधिक निष्पादन तथा आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। सचिव ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी विभागाध्यक्षों से लगातार विचार-विमर्श किया जा रहा है। साथ ही जिले के सभी थानाध्यक्षों को शत-प्रतिशत नोटिस तामिला कराने का निर्देश जारी किया गया है तथा नोटिस संबंधित थानों के माध्यम से भेजे जा रहे हैं। बैठक में नवादा न्यायमंडल के न्यायिक पदाधिकारियों से भी आवश्यक विचार-विमर्श किया जा रहा है, ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी से खनन मामलों, वन विभाग के प्रतिनिधि से वन वाद, श्रम विभाग के प्रतिनिधि से श्रम वाद, विद्युत विभाग से बिजली बिल संबंधी मामलों तथा दूरभाष विभाग से टेलीफोन वादों के निष्पादन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि इस बार अधिक से अधिक सुलहनीय वादों का निपटारा सुनिश्चित करने के लिए व्यवहार न्यायालय के पीठ लिपिक एवं कार्यालय लिपिकों को पक्षकारों पर नोटिस निर्गत करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही सहयोग के लिए पारा विधिक स्वयंसेवकों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।

# प्रगणकों-पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** आगामी जनगणना कार्य को लेकर कौआकोल प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष में चल रहा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हो गया। 13 अप्रैल से 24 अप्रैल तक अलग-अलग बैचों में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रखंड क्षेत्र के कर्मियों को जनगणना कार्य से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान हाउस लिस्टिंग, परिवार संबंधी जानकारी संकलन, प्रपत्र भरने की प्रक्रिया तथा डिजिटल माध्यम से डाटा अपलोड करने के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर गौरव कुमार, अरुण कुमार, मनोज कुमार वर्मा एवं शिवशंकर कुमार द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जबकि शिक्षक जयप्रकाश मेहता एवं गोपाल कुमार सिन्हा ने प्रशिक्षण कार्य में सहयोग किया। समापन अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, इसलिए सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं सावधानी के साथ करें। बताया गया कि जनगणना का प्रथम चरण 02 मई से प्रारंभ होगा, जिसके अंतर्गत हाउस गणना (हाउस लिस्टिंग) का कार्य किया जाएगा। अधिकारियों ने सभी कर्मियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर त्रुटिरहित एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से जनगणना कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया।

# संतुलित उर्वरक उपयोग को लेकर गांवों में चला जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार उर्वरकों के असंतुलित एवं अत्यधिक प्रयोग से उत्पन्न समस्याओं को देखते हुए संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने हेतु कृषि विज्ञान केंद्र एवं आत्मा के संयुक्त तत्वाधान में नवादा जिले के विभिन्न पंचायतों के दर्जनों गांवों में 13 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026 तक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, जैव उर्वरक, कार्बनिक खाद तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यूरिया एवं डीएपी के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति किसानों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देते हुए किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उर्वरकों के प्रयोग की सलाह दी गई। किसानों को फसलवार अनुशंसित उर्वरक मात्रा एवं संतुलित पोषण प्रबंधन अपनाकर फसल उत्पादन बढ़ाने के तरीकों की जानकारी भी प्रदान की गई।

# नवादा रेलवे स्टेशन पर गंदगी का अंबार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा रेलवे स्टेशन पर व्याप्त गंदगी और अव्यवस्थाओं को लेकर दिल्ली से चलकर आए सामाजिक कार्यकर्ता विजय प्रधान ने कड़ा रुख अपनाया है। स्टेशन परिसर का जायजा लेने के दौरान वे हालात देखकर भड़क उठे और व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए। विजय प्रधान ने कहा कि एक ओर सरकार द्वारा नए रेलवे स्टेशन के निर्माण का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर यात्रियों की मूलभूत सुविधाएं पूरी तरह से नजरअंदाज की जा रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से ओवरब्रिज की कमी को बड़ी समस्या बताया। उनके अनुसार, प्लेटफॉर्म नंबर एक से प्लेटफॉर्म नंबर दो पर जाने के लिए यात्रियों को पटरियों को पार करना पड़ता है, जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। यह स्थिति खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए और भी खतरनाक साबित हो रही है। स्टेशन की साफ-सफाई को लेकर भी उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि स्टेशन के शौचालयों की हालत बेहद खराब है। लेडीज और पुरुष दोनों शौचालयों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साफ-सफाई के अभाव में लोग मजबूरी में खुले में शौच करने को विवश हैं, जो न केवल असुविधाजनक है बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है। प्रधान ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे को लेकर वीडियो भी बनाया है, जिसमें स्टेशन की बदहाल स्थिति साफ तौर पर देखी जा सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसके कारण आम लोगों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विजय प्रधान ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद और विधायक से अपील की कि वे नवादा रेलवे स्टेशन की स्थिति में सुधार के लिए ठोस कदम उठाएं।




# नालंदा कॉलेज में मनाई गई शेक्सपियर की 462वीं जयंती

## शेक्सपीयर के साहित्य में संवेदनाओं व नैतिक मूल्यों का गहन चित्रण : प्रो. सुनीता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा कॉलेज की प्राचार्य एवं अंग्रेजी साहित्य की विदुषी प्रोफ़ेसर सुनीता सिन्हा ने कहा है कि शेक्सपीयर के साहित्य में मानवीय संवेदनाओं, नैतिक मूल्यों और सार्वभौमिक मानवता का गहन चित्रण मिलता है, जो आज भी समाज को दिशा प्रदान करता है। वह शुक्रवार को नालंदा कॉलेज में विश्व प्रसिद्ध लेखक नाटककार विलियम शेक्सपियर की 462वीं जयंती पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करने के पश्चात उन्हें संबोधित कर रही थीं।




कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और शेक्सपियर के नाटकों- मर्चेंट ऑफ वेनिस, मैकबेथ, ट्वेल्थ नाइट के चुनिंदा दृश्यों का मंचन किया। इस अवसर पर भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। भाषण प्रतियोगिता में खुशी आनंद प्रथम, आराध्या प्रेरणा द्वितीय तथा अंजलि प्रजापति तृतीय स्थान पर रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में आरती कुमारी ने प्रथम, अनन्या ने द्वितीय और शैल प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अभिनय प्रतियोगिता में ईशा एवं अनन्या को संयुक्त रूप से प्रथम तथा रजिया एवं आशीष को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बेहतरीन पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के लिए ईशा को पुरस्कृत किया गया। सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को प्राचार्य सुनीता सिन्हा ने पुरस्कृत किया। मौके पर पूर्व प्राचार्य प्रोफ़ेसर आर पी कच्छवे ने शेक्सपीयर के साहित्य की वैश्विक प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका साहित्य आज भी समाज को दिशा प्रदान करता है।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ आर के परमहंस ने ऐसे आयोजनों के लिए प्राचार्य प्रो सुनीता सिन्हा को धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और सृजनात्मकता को प्रोत्साहन मिलता है। कार्यक्रम में अनेक शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुईं।

# हर्षोल्लास के साथ मना राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल नवादा के बैनर तले प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा परिसर अवस्थित राजेंद्र भवन में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह-प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने उपस्थित किसानों एवं ग्रामीणों को पंचायती राज व्यवस्था के महत्व, ग्रामीण विकास में इसकी भूमिका तथा स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाने के विभिन्न पहलुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायत व्यवस्था लोकतंत्र की आधारशिला है, जो गांव स्तर पर विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जागरूक करते हुए उन्हें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने पंचायत व्यवस्था को मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. शशांक शेखर सिंह,अंगद कुमार, रजत रंजन,फार्म प्रबंधक सुमिताप रंजन एवं पिंटू पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जाम और अतिक्रमण से जूझ रहा नवादा शहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शहर इन दिनों भीषण ट्रैफिक जाम और अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहा है। शहर के प्रमुख मार्ग—अस्पताल रोड, मेन रोड, विजय बाजार, स्टेशन रोड, प्रसाद बीघा रोड, कचहरी रोड, काली रोड, सोनार पट्टी रोड और गया रोड—लगभग हर दिन जाम की चपेट में रहते हैं। सुबह और शाम के समय स्थिति और भी विकट हो जाती है, जब लोगों को घंटों तक जाम में फंसे रहना पड़ता है। इस समस्या का मुख्य कारण सड़कों पर बढ़ता अतिक्रमण और अनियंत्रित पार्किंग है। दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे सामान फैलाकर अतिक्रमण करना और वाहन चालकों द्वारा जहां-तहां गाड़ियां खड़ी कर देना आम बात हो गई है। इससे सड़कों की चौड़ाई सिमट जाती है और आवागमन बाधित होता है।



इसके अलावा ई-रिक्शा और ऑटो चालकों की मनमानी भी जाम को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या वर्षों से चली आ रही है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। कई बार प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के अभियान चलाए गए, लेकिन कुछ दिनों बाद स्थिति फिर से जस की तस हो जाती है। इससे आमजन में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जाम के कारण न केवल लोगों का समय बर्बाद होता है, बल्कि मरीजों को अस्पताल पहुंचने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्कूली बच्चों और नौकरीपेशा लोगों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अतिक्रमण पर सख्ती से कार्रवाई की जाए, पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए और ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

# रालोमो जिलाध्यक्ष ने की मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ़।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सोनू कुशवाहा ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात की। यह मुलाकात राजधानी स्थित मुख्यमंत्री आवास पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस दौरान सोनू कुशवाहा ने मुख्यमंत्री को बुके भेंट कर तथा फूल-माला पहनाकर उन्हें मुख्यमंत्री पद संभालने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से नालंदा जिले के विभिन्न सामाजिक एवं विकासात्मक मुद्दों पर संक्षिप्त चर्चा भी की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में विकास की गति और तेज होगी तथा नालंदा जैसे ऐतिहासिक जिले को भी इसका व्यापक लाभ मिलेगा। सोनू कुशवाहा ने विशेष रूप से नालंदा में एक भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित करने की इच्छा जताई और इसके लिए मुख्यमंत्री से समय देने का आग्रह किया। इस पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा कि वे जल्द ही अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच समय निकालकर इसकी जानकारी देंगे। उन्होंने नालंदा के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार सभी जिलों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर मौजूद अन्य कार्यकर्ताओं ने भी मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में बिहार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गया में खेलों को प्रोत्साहित करने की पहल, 218 प्रखंड स्तरीय स्टेडियम तैयार : डॉ प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** जिले में खेलों के समग्र विकास और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गया जिला अतिथि गृह सभागार में जिला खेल पदाधिकारी तथा विभिन्न खेल संघों के अध्यक्षों और सचिवों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में टेबल टेनिस, कबड्डी, बैडमिंटन, क्रिकेट, तीरंदाजी, हॉकी, हैंडबॉल, रिंग टेनिस, बास्केटबॉल, शतरंज, वॉलीबॉल, खो-खो, शूटिंग, फुटबॉल और कराटे से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और प्रतिभाओं को निखारने पर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि गया जिले में अब तक 218 प्रखंड स्तरीय स्टेडियमों का निर्माण किया जा चुका है। इन स्टेडियमों में बाउंड्री, शौचालय, वस्त्र परिवर्तन कक्ष, गार्ड कक्ष, 400 मीटर दौड़ ट्रैक, फुटबॉल मैदान और दर्शक दीर्घा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही कई अन्य स्टेडियमों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने जानकारी दी कि 1 करोड़ 54 लाख रुपये की लागत से तैयार हो रहा बैडमिंटन कोर्ट अंतिम चरण में है और जल्द ही खिलाड़ियों को समर्पित किया जाएगा। इससे युवाओं को आधुनिक सुविधाओं के साथ अभ्यास का अवसर मिलेगा। तैराकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्विमिंग पूल निर्माण पर भी चर्चा हुई। गांधी मैदान, गया के मध्य स्थित तालाब को आधुनिक स्वरूप में विकसित कर तैराकी के अनुकूल बनाया जा रहा है जिसके लिए विशेषज्ञों से परामर्श लिया जा रहा है। बैठक में खेल पदाधिकारियों ने अभ्यास के लिए समुचित मैदान और स्थान की कमी का मुद्दा उठाया। इस पर डॉ. प्रेम कुमार ने संबंधित अभियंताओं को निर्देश दिया कि जल्द उपयुक्त भूमि चिन्हित कर खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध कराई जाए। बैठक के बाद उन्होंने अभियंताओं के साथ हरिदास सेमिनरी खेल परिसर, गया कॉलेज खेल परिसर और प्रस्तावित धुर्वे स्टेडियम का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान खिलाड़ियों से संवाद कर उनकी जरूरतों की जानकारी ली गई। उन्होंने आश्वासन दिया कि धुर्वे में अत्याधुनिक और विशाल स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा जहां सभी खेलों के लिए समुचित व्यवस्था होगी। साथ ही मौजूदा खेल परिसरों की कमियों को भी शीघ्र दूर करने की बात कही। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी नेहा कुमारी, अधिवक्ता मुकेश शर्मा, आनंद शंकर तिवारी, संतोष कुमार छोटे, राजनंदन गांधी, धीरू, शशि सिन्हा, राहुल राज, सत्यम वर्मा, प्रकाश कुमार, आशुतोष कुमार, रवि कुमार, सरवर अली, निशांत गोस्वामी, रविंद्र कुमार सिंह, डॉ. मनीष, राजेंद्र कुमार वर्मा, अंजर अहमद, विकास कुमार, खातिब अहमद, लक्ष्मण कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जिला प्रशासन ने किया लू से बचाव को लेकर गाइडलाइन जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में गर्म हवाएं/लू से बचाव हेतु वरीय पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि गया जिला में अप्रैल माह से अत्यधिक गर्मी पड़ रही है तथा आगे और अधिक गर्मी पड़ने की संभावना है जिससे बचाव हेतु सरकार द्वारा गाइडलाइन जारी किया गया है जिसका पालन शत प्रतिशत कराने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त, गया नगर निगम, गया/कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत/नगर परिषद को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ का संचालन कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही पूर्व से बने प्याऊ की मरम्मति कर संचालन करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही साथ संबंधित प्याऊ पर बैनर/पोस्टर के माध्यम से गर्म हवाएं/लू से बचने हेतु 'क्या करें, क्या न करें' की जानकारी का प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही प्रत्येक प्याऊ की निगरानी संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा, यथा साफ-सफाई, पेयजल की उपलब्धता इत्यादि। उन्होंने कहा कि जहां भी खराब पड़े चापाकल बचे हुए है, उन्हें यथाशीघ्र मरम्मत करना सुनिश्चित करें। साथ ही नल जल की मरम्मत करना सुनिश्चित करेंगे। यदि मरम्मति कार्य में विलंब हो रहा है तो तुरंत वैसे स्थल पर पानी टैंकर बहाल कर पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता को स्पष्ट निर्देश दिया कि चापाकल मरम्मति का कार्य तेजी से कराएं। साथ ही जहां नए चापाकल की आवश्यकता है, वहां चापाकल यथाशीघ्र लगाना सुनिश्चित करेंगे।

# एसडीओ ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण, कार्रवाई के निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** ग्रामीणों की शिकायत पर अनुमंडल पदाधिकारी नीमचक बथानी केशव आनंद के द्वारा शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र महाकर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सिर्फ एक डाक्टर उपस्थित पाये गये और एक डॉक्टर अनुपस्थिति पाये गये, एक डॉक्टर उपस्थिति बनाकर अनुपस्थित थे और एक ऑपरेटर भी अनुपस्थित पाये गये। उक्त मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि आमजन को गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ सेवा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेगा।

# सर्वाइकल कैंसर व मासिक धर्म स्वच्छता पर दी गई जानकारी

## इनर व्हील क्लब ऑफ गया सनराइज की पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डाइट में इनर व्हील क्लब ऑफ गया सनराइज के बैनर तले सर्वाइकल कैंसर, मासिक धर्म स्वच्छता और ओरल कैंसर को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं और प्रतिभागियों को महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष डॉ. निभा जयेन, आईएसओ डॉ. सोनम, संपादक डॉ. लवली और डॉ. एकता वर्मा उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न पहलुओं पर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। सत्र के दौरान सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय, एचपीवी टीकाकरण और नियमित जांच के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि समय पर जांच और टीकाकरण से इस बीमारी की रोकथाम संभव है। मासिक धर्म स्वच्छता पर चर्चा करते हुए स्वच्छ आदतों को अपनाने, सुरक्षित उत्पादों के उपयोग और इससे जुड़े सामाजिक मिथकों को दूर करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि सही जानकारी और जागरूकता से महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार लाया जा सकता है। ओरल कैंसर जागरूकता सत्र में तंबाकू और गुटखा के दुष्प्रभावों, शुरुआती लक्षणों की पहचान और समय पर जांच कराने की आवश्यकता को विस्तार से समझाया गया। विशेषज्ञों ने कहा कि जागरूकता और समय पर उपचार से इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. अमित रत्न द्विवेदी और ईवीएम वर्षा का विशेष योगदान रहा जिनके सहयोग से कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य के प्रति चेतना बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं, ऑन द स्पॉट निवारण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 100 से अधिक आमजनों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें।

# मांझी समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगा हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से)

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के तत्वावधान में 25 अप्रैल 2026, शनिवार को हरिदास सेमिनरी स्कूल के सभागार में आयोजित होने जा रहा भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह अब अंतिम तैयारियों के चरण में पहुंच गया है। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम को ऐतिहासिक, भव्य और गरिमामयी स्वरूप देने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। हर वर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस बार भी मांझी समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने वर्ष 2026 में मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है। आयोजन को शिक्षा के प्रति जागरूकता और प्रेरणा के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी करेंगे जबकि मुख्य अतिथि के रूप में हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मंत्री संतोष मांझी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार, विधायकगण और कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति भी प्रस्तावित है। समारोह में गया सहित बिहार के विभिन्न जिलों से सैकड़ों छात्र-छात्राओं के शामिल होने की संभावना है। खास तौर पर मांझी-मुसहर समाज के लगभग 500 से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की भागीदारी तय मानी जा रही है। यह आयोजन सामाजिक समरसता, शिक्षा प्रोत्साहन और प्रतिभा सम्मान का एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करेगा। कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आगंतुकों के स्वागत, पंजीकरण, बैठने की व्यवस्था और कार्यक्रम के सुचारु संचालन के लिए सभी जरूरी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) ने अभिभावकों, छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करें और आयोजन को सफल बनाएं। इस अवसर पर शंकर मांझी (राष्ट्रीय सचिव), नारायण प्रसाद मांझी (जिला अध्यक्ष), राकेश कुमार (जिला सचिव), सुनील मांझी (जिला महासचिव), दीना मांझी (जिला अध्यक्ष, दलित प्रकोष्ठ), संतोष सागर (युवा जिला अध्यक्ष), रामसनेही मांझी (जिला संगठन सचिव), सदानंद प्रेमी और जिला प्रवक्ता इंजीनियर दिवाकर सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

# पकरी पुल-नेवधी रोड में सड़क निर्माण की मांग, लोगों को हो रही परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के पकरी पुल से सलोने बीघा होते हुए नेवधी रोड तक लगभग 3 किलोमीटर सड़क नहीं रहने के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और आवागमन सुगम हो जाएगा। इस संबंध में राजद नेता संगम यादव ने सड़क निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि सड़क नहीं रहने के कारण लोगों को काफी लंबा रास्ता तय करना पड़ता है जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। वहीं ग्राम दौलतपुर से 39 पुल तक करीब 3 किलोमीटर का रास्ता भी जर्जर स्थिति में है। सड़क खराब रहने के कारण इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन ठप है। यदि इस सड़क का निर्माण हो जाता है तो प्रखंड मुख्यालय की दूरी घटकर महज 9 किलोमीटर रह जाएगी। वर्तमान में सड़क की स्थिति खराब होने के कारण लोगों को प्रखंड कार्यालय पहुंचने के लिए करीब 15 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की है, ताकि आवागमन की समस्या से निजात मिल सके।

# सड़क पर अतिक्रमण और गंदगी से आवागमन बाधित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** प्रखंड क्षेत्र के सेवईचक गांव से बकसोती की ओर जाने वाली सड़क की स्थिति बदहाल हो गई है। सड़क पर जगह-जगह गंदगी और अतिक्रमण के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के द्वारा सड़क किनारे ही कचरा और अन्य सामग्री रख दी गई है जिससे रास्ता संकरा हो गया है। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि सड़क पर नाली निर्माण, झोपड़ी, कचरा और घरेलू सामान बिखरे पड़े हैं। इस वजह से तीन पहिया वाहनों को जाने में मुश्किल होती है। कहीं-कहीं बाइक को भी ले जाने में मुश्किल हो गया है। नगर पंचायत में आने के बावजूद सड़क की सफाई भी नियमित रूप से नहीं कराई जाती है।

# डॉ.प्रेम कुमार ने जानकी नवमी पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ.प्रेम कुमार ने माता सीता के पावन प्राकट्य का प्रतीक जानकी नवमी पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। जानकी नवमी को वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। यह पर्व माता सीता के जन्म की स्मृति में मनाया जाता है जो एक पवित्र, संयमशील और त्यागमयी स्त्रीत्व की प्रतीक हैं। उनका जीवन आदर्श नारीत्व, पतिव्रता धर्म, सहनशीलता और आत्म बलिदान की याद दिलाता है। यह दिन उन स्त्रियों के लिए विशेष है जो विवाह, सौभाग्य और संतान सुख की कामना रखती हैं। यह पर्व विशेष रूप से मिथिला, उत्तर प्रदेश, बिहार और नेपाल के क्षेत्रों में श्रद्धा और उत्साह से मनाया जाता है।

# गांवों में सड़क सुरक्षा को मिली नई रफ्तार, 82 प्रतिशत जेब्रा क्रॉसिंग का काम पूरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध आवागमन के साथ सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ग्रामीण कार्य विभाग ने व्यापक पहल की है। ग्रामीण पथों पर पैदल चलने वाले यात्रियों विशेषकर विद्यालय जाने वाले बच्चों, अस्पताल जाने वाले मरीजों और बुजुर्गों की सुरक्षा के मद्देनजर विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर जेब्रा क्रॉसिंग का निर्माण कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा दुर्घटनाओं की आशंका को न्यूनतम करने के लिए ग्रामीण पथों के अत्यंत महत्वपूर्ण और व्यस्त जंक्शनों, विद्यालयों, अस्पतालों, प्रखंड मुख्यालयों और अन्य प्रमुख स्थानों के समीप कुल 36,891 स्थानों की पहचान की गई है। इनमें अब तक 82 प्रतिशत से अधिक स्थलों पर कार्य पूर्ण करते हुए कुल 30,377 जेब्रा क्रॉसिंग का निर्माण पूरा किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त शेष बचे 6,514 चिन्हित स्थानों पर जेब्रा क्रॉसिंग का निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है और इसे जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि कार्यप्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा इन नव-निर्मित जेब्रा क्रॉसिंग की जियो-टैगिंग भी अनिवार्य रूप से की जा रही है। इस क्रम में अब तक 21,764 से अधिक जियो-टैग तस्वीरें विभागीय पोर्टल पर अपलोड की जा चुकी है जिससे निगरानी एवं मूल्यांकन की प्रक्रिया अधिक प्रभावी हुई है। ग्रामीण कार्य विभाग न सिर्फ सुदूर गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ने के लिए संकल्पित है। बल्कि, उन सड़कों पर चलने वाले आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# कुरमावां पंचायत में स्वच्छता अभियान को लेकर ग्राम सभा आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड के ग्राम पंचायत कुरमावां स्थित पंचायत सरकार भवन में स्वच्छता अभियान को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया उमेश कुमार ने की। इस दौरान उप सरपंच आर्या कश्यप, वार्ड सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम सभा में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने, गांव में साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। मुखिया उमेश कुमार ने ग्रामीणों से अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने और स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। सभा में उपस्थित लोगों ने भी स्वच्छ गांव बनाने के लिए सहयोग का भरोसा जताया।


## कार्यालय : जिला परिषद, पलामू

E-mail- zilaparishad.palamu@gmail.com

### सील दूकान रद्द करने हेतु आवश्यक सूचना

जिला परिषद्, पलामू अन्तर्गत लंबी अवधि से दूकान का किराया जमा नहीं करने वाले दूकानों को बोर्ड में पारित आदेश के आलोक में सील किया गया। दूकान सील करने के उपरांत किरायादारों को अनेको बार नोटिस हस्तगत/चस्पा किया गया, साथ ही ज्ञापांक 03/जि0प0, दिनांक 03.01.26 एवं ज्ञापांक 448/जि0प0, दिनांक 05.03.26 द्वारा दैनिक समाचार पत्रों में सूचना दी गयी की बकाया किराया एक सप्ताह के अन्दर जमा करे अन्यथा दूकान का सामान जब्त करते हुए, दूकान का आवंटन रद्द कर दिया जायेगा। अनेको नोटिस तथा दैनिक समाचार पत्रों में सूचना के उपरांत भी किरायादारो द्वारा अब तक बकाया किराया जमा नहीं किया गया है। बकाया किराया वाले दूकानदारो की सूची निम्नवत हैः—

| क्र0 | दुकानदार का नाम/पता | प्रखण्ड | दुकान संख्या | दूकान सील का पत्रांक/दिनांक | कुल बकाया राशि | पूर्व में प्रेषित नोटिस हस्तगत/चस्पा की विवरणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नसीम शेख, पिता जहीर अहमद शेख | हुसैनाबाद | E-08 | 1654/18.07.2025 | 66240.00 | पत्रांक 2002/19.09.25 पत्रांक 2372/19.11.25 |
| 2 | नीरज कुमार, पिता ध्रुव प्रसाद अग्रवाल | हुसैनाबाद | E-10 | 1654/18.07.2025 | 42763.00 | पत्रांक 2003/19.09.25 पत्रांक 2373/19.11.25 |
| 3 | कुमार दयान्नद, पिता मंदीप राम | हुसैनाबाद | E-16 | 1654/18.07.2025 | 66240.00 | पत्रांक 2004/19.09.25 पत्रांक 2371/19.11.25 |
| 4 | विरेन्द्र कुमार ठाकुर, पिता स्व0 रामप्रीत ठाकुर | तरहसी | A-05 | 1665/24.07.2025 | 43092.00 | पत्रांक 2439/20.11.25 |
| 5 | अजीत कुमार, पिता दुदुन साव | तरहसी | A-15 | 1665/24.07.2025 | 41040.00 | पत्रांक 2440/20.11.25 |
| 6 | पिन्टु सिंह, पिता जगनाथ सिंह | हरिहरगंज | A-05 | 1660/21.07.2025 | 50688.00 | पत्रांक 2056/19.09.25 पत्रांक 2335/19.11.25 |
| 7 | पंकज कुमार चौधरी, पिता राजाराम चौधरी | छतरपुर | 03 | 1659/21.07.2025 | 39600.00 | पत्रांक 2060/19.09.25 पत्रांक 2341/19.11.25 |
| 8 | अजीत कुमार, पिता गोपाल प्रसाद बरई | छतरपुर | 07 | 1659/21.07.2025 | 22704.00 | पत्रांक 2059/19.09.25 पत्रांक 2342/19.11.25 |
| 9 | पवन कुमार, पिता बैजनाथ प्रसाद | छतरपुर | 14 | 1659/21.07.2025 | 50160.00 | पत्रांक 2057/19.09.25 पत्रांक 2344/19.11.25 |
| 10 | पिन्कु साव, पिता संजय साव | विश्रामपूर | A/17 | 1657/21.07.2025 | 57600.00 | पत्रांक 2006/19.09.25 |
| 11 | कौशल कुमार, पिता रंजन प्रसाद | विश्रामपूर | A/18 | 1657/21.07.2025 | 46200.00 | पत्रांक 2007/19.09.25 |
| 12 | राकेश कुमार केशरी, पिता सचितानंद केशरी | विश्रामपूर | A/24 | 1657/21.07.2025 | 36600.00 | पत्रांक 2009/19.09.25 |
| 13 | मुमताज चुड़ीफरोश, पिता कुर्बान अली | विश्रामपूर | A/27 | 1657/21.07.2025 | 36000.00 | पत्रांक 2010/19.09.25 |
| 14 | जयंत कुमार चौहान, पिता श्यामसुन्दर चौहान | विश्रामपूर | A/28 | 1657/21.07.2025 | 36000.00 | पत्रांक 2011/19.09.25 |
| 15 | शिलादित बक्सराय, पिता अमरेश्वर बक्सराय | विश्रामपूर | A/29 | 1657/21.07.2025 | 48600.00 | पत्रांक 2012/19.09.25 |
| 16 | मनीष कुमार, पिता राधा साव | विश्रामपूर | A/30 | 1657/21.07.2025 | 27000.00 | पत्रांक 2013/19.09.25 |
| 17 | अमित कुमार, पिता विनोद साहु | विश्रामपूर | B/18 | 1657/21.07.2025 | 57600.00 | पत्रांक 2014/19.09.25 |
| 18 | अंकिता सिंह, पिता नरेन्द्र कुमार सिंह | विश्रामपूर | B/19 | 1657/21.07.2025 | 44400.00 | पत्रांक 2015/19.09.25 |
| 19 | सैरूण बीबी, पति इलियास अंसारी | विश्रामपूर | B/29 | 1657/21.07.2025 | 21600.00 | पत्रांक 2017/19.09.25 |
| 20 | सतीश कुमार चन्द्रवंशी, पिता आनंद लाल | विश्रामपूर | B/30 | 1657/21.07.2025 | 42000.00 | पत्रांक 2018/19.09.25 |
| 21 | अनुपमा सिंह, पति विनय कुमार | विश्रामपूर | B/31 | 1657/21.07.2025 | 43200.00 | पत्रांक 2019/19.09.25 |
| 22 | मो0 समसुद्दीन अंसारी, पिता स्व0 शेख नजिर | सदर मेदिनीनगर | E-09 | 1683/31.07.2025 | 10080.00 | पत्रांक 1915/19.09.25 |
| 23 | कुंदन कुमार, पिता मोहन प्रसाद | सदर मेदिनीनगर | E-14 | 1683/31.07.2025 | 67200.00 | पत्रांक 1914/19.09.25 |
| 24 | माया देवी, पति कमलेश राम | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | A-19 | 1684/31.07.2025 | 57600.00 | पत्रांक 2166/10.10.25 |
| 25 | ओम प्रकाश, पिता भागेश्वर मांझी | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | A-25 | 1684/31.07.2025 | 57600.00 | पत्रांक 2167/10.10.25 |
| 26 | शैलेन्द्र नाथ, पिता रामनारायण सिंह | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | A-27 | 1684/31.07.2025 | 57600.00 | पत्रांक 2172/10.10.25 |
| 27 | सुदेश्वर विश्वकर्मा, पिता स्व0 बनवारी विश्वकर्मा | सतबरवा | B-15 | 1687/31.07.25 | 250800.00 | पत्रांक 2101/26.09.25 |
| 28 | जहीर अंसारी, पिता रमुज अंसारी | सतबरवा | B-16 | 1687/31.07.25 | 191400.00 | पत्रांक 2102/26.09.25 |

उपरोक्त दूकानदारो को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है की दिनांक 09.05.2026 तक कॉलम संख्या– 6 में अंकित सम्पूर्ण बकाया राशि जिला परिषद्, पलामू कार्यालय में अथवा सचिव जिला परिषद्, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu) के नाम से खाता संख्या– 84017795458, IFSE CODE - SBIN0RRVCGB में जमा कर दें। जमा पर्ची के साथ कार्यालय में संपर्क कर रसीद प्राप्त कर लेंगे। बकाया राशि जमा नहीं करने पर दूकान का सामान जब्त कर, दूकान का आवंटन रद्द कर दिया जाएगा साथ ही निलाम पत्रवाद दायर कर बकाया राशि की वसूली की जाएगी।

ह0/—
उप विकास आयुक्त—सह—
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू

PR 378334 District (26-27)_D

संपादकीय

## ईरान की ताकत बरकरार

संघर्षविराम के ऐलान के बावजूद जमीन पर हालात पूरी तरह शांत नहीं हैं। अमेरिका ने ईरान के खिलाफ समुद्री नाकाबंदी जारी रखी है और अपनी सैन्य तैयारियों को बरकरार रखा है। वहीं ईरान ने साफ कर दिया है कि वह धमकियों और दबाव के माहौल में किसी भी तरह की बातचीत के लिए तैयार नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ जारी संघर्षविराम को अनिश्चित काल के लिए बढ़ाने का ऐलान किया है। यह फैसला उस समय लिया गया जब संघर्षविराम समाप्त होने में कुछ ही घंटे बाकी थे और हालात तेजी से बिगड़ते नजर आ रहे थे। ट्रंप ने कहा कि यह कदम ईरान को एक साझा और स्पष्ट प्रस्ताव तैयार करने का समय देने के लिए उठाया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि यह निर्णय पाकिस्तान के अनुरोध पर लिया गया है। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस फैसले के लिए ट्रंप का धन्यवाद किया और इसे क्षेत्रीय शांति के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। ट्रंप ने भी अपने संदेश में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की भूमिका का जिक्र किया। हालांकि, संघर्षविराम के ऐलान के बावजूद जमीन पर हालात पूरी तरह शांत नहीं हैं। अमेरिका ने ईरान के खिलाफ समुद्री नाकाबंदी जारी रखी है और अपनी सैन्य तैयारियों को बरकरार रखा है। वहीं ईरान ने साफ कर दिया है कि वह धमकियों और दबाव के माहौल में किसी भी तरह की बातचीत के लिए तैयार नहीं है। इस बीच, इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में हवाई हमले जारी रखे हैं, जिसमें कई लोग घायल हुए और कई घरों को नुकसान पहुंचा। गाजा में भी हमले जारी हैं, जिससे क्षेत्र में मानवीय संकट और गहरा गया है। इस स्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया है कि संघर्षविराम केवल कागजी राहत है, जबकि वास्तविकता में तनाव बना हुआ है। राजनयिक स्तर पर भी स्थिति उलझी हुई है। इस्लामाबाद में बातचीत को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है और ईरानी प्रतिनिधिमंडल के नहीं पहुंचने से आंतरिक मतभेदों के संकेत मिल रहे हैं। चीन ने भी स्थिति को गंभीर बताते हुए हस्तक्षेप किया है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की मांग की है। अब यदि अमेरिकी रक्षा विभाग की खुफिया शाखा के ताजा आकलन की बात करें, तो यह तस्वीर और जटिल हो जाती है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान अब भी अपनी प्रमुख सैन्य क्षमताएं बनाए हुए है और वह एक मजबूत क्षेत्रीय शक्ति बना हुआ है। यह आकलन उन दावों के विपरीत है, जिनमें कहा गया था कि ईरान की सैन्य ताकत को गंभीर रूप से कमजोर कर दिया गया है। खुफिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की वायु और नौसेना पूरी तरह नष्ट नहीं हुई है और उसकी रणनीतिक क्षमता अभी भी प्रभावी बनी हुई है। इससे यह संकेत मिलता है कि अमेरिका के सार्वजनिक बयान और वास्तविक स्थिति में अंतर है। यह अंतर भविष्य की रणनीति और निर्णयों को प्रभावित कर सकता है। इसी बीच, एक और महत्वपूर्ण रिपोर्ट सामने आई है, जिसने अमेरिका की सैन्य तैयारियों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। रक्षा विश्लेषकों और पेंटागन से जुड़े सूत्रों के अनुसार, ईरान के साथ सात सप्ताह तक चले संघर्ष में अमेरिका ने अपने कई महत्वपूर्ण मिसाइल भंडार का बड़ा हिस्सा खर्च कर दिया है। एक अध्ययन के अनुसार, अमेरिका ने अपने प्रिसिजन स्ट्राइक मिसाइल का लगभग 45 प्रतिशत, थाड इंटरसेप्टर का लगभग आधा और पैट्रियट वायु रक्षा मिसाइलों का करीब 50 प्रतिशत इस्तेमाल कर लिया है। इसके अलावा टॉमहॉक मिसाइल का लगभग 30 प्रतिशत और अन्य लंबी दूरी की मिसाइलों का भी बड़ा हिस्सा खर्च हो चुका है। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका के पास फिलहाल ईरान के खिलाफ अभियान जारी रखने के लिए पर्याप्त हथियार मौजूद हैं, लेकिन यदि उसे चीन जैसे किसी बड़े प्रतिद्वंद्वी के साथ संघर्ष करना पड़ा, तो मौजूदा भंडार पर्याप्त नहीं होगा। इन हथियारों को फिर से तैयार करने में एक से चार साल तक का समय लग सकता है, जबकि पूरी क्षमता हासिल करने में और ज्यादा समय लग सकता है।

# नेपाल की राजनीति में भूचाल !

**राजनीति के जानकारों का कहना है कि रबी लामिछाने पर यदि इतने सारे गंभीर आरोप नहीं होते, तो निश्चित रूप से नेपाल के प्रधानमंत्री वही बनते। मगर नई सरकार के लिए सबसे बड़ी दुविधा यही है कि अपने पार्टी आलाकमान को आरोपमुक्त कैसे बनाए? आरोप एक नहीं, अनेक हैं। प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के मंत्रिमंडल में भी जो दागी थे, वे पद से हटते ही बागी हो गए। अभी गृहमंत्री सुदन गुरुंग को हटाने के वास्ते पार्टी के भीतर माहौल बनाने वाले लोगों में कुछ दिन पहले मंत्री पद से हटाए गए दीपक शाह भी बताए गए हैं। इस समय सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में घमासान मचा हुआ है। अभी से कई गुट बालेंद्र शाह पर दबाव बनाए हुए हैं। 'जेन जी रेड फोर्स' ने नैतिक आधार पर गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग की थी। मौजूदा परिस्थिति में नई सरकार की साख पर जनता का विश्वास कम होने का खतरा पैदा हो गया है। 'जेन जी रेड फोर्स' नेपाल में माओवादी सेंटर से जुड़ी युवा शाखा है, जिसका गठन वर्ष 2025 में स्मृति तिमिल्सिना की अगुआई में किया गया था।**

**पुष्परंजन**

नेपाल में सत्ता परिवर्तन के बाद आम लोगों को उम्मीद थी कि देश के विकास को नई दिशा मिलेगी, जनकल्याण की नीतियां एवं योजनाएं आकार लेंगी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। मगर अब देश के शासन और सियासत में ही नई चुनौतियां पैदा हो गई हैं। नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह इस्तीफा ऐसे समय आया है, जब हवाला व्यवसायी दीपक भट्ट के साथ उनके कथित व्यावसायिक संबंधों को लेकर जांच चल रही है और पार्टी के अंदर तनातनी थीं।

गुरुंग का इस्तीफा नहीं होता, तो अंतःपुर का झगड़ा खुल कर बाहर आ जाता। उनका कहना है कि उनसे जुड़े मामलों में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने पद से इस्तीफा दिया है, ताकि कोई ये न कह सके कि पद पर रहते वे जांच प्रक्रिया को प्रभावित कर रहे हैं।

गृहमंत्री के इस्तीफे के बाद नेपाल में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। गुरुंग ने कहा, 'हाल के दिनों में सार्वजनिक स्तर पर उनके निवेश, जिसमें शेयरों में निवेश भी शामिल है, उसे लेकर उठाए गए सवालों को मैंने गंभीरता से लिया है, नैतिकता पद से बड़ी होती है। देश में चल रहा युवाओं का आंदोलन सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग कर रहा है, उसने भी यही संदेश दिया है कि सार्वजनिक जीवन साफ-सुथरा होना चाहिए और नेतृत्व जवाबदेह होना चाहिए। अगर कोई मेरे भाइयों और बहनों के बलिदान से बनी सरकार पर सवाल उठाता है, तो उसका जवाब नैतिकता है।'

गुरुंग ने सोशल मीडिया पर सफाई देते हुए कहा, 'बहुत सारी अफवाहें' फैल रही हैं। तथ्यों को अटकलों से अलग करने की जरूरत है। आरोप और सच्चाई एक ही चीज नहीं हैं। फैसले सबूतों पर आधारित होने चाहिए, भावनाओं पर नहीं। मैं पार्टी द्वारा लिए गए हर फैसले का पूरी तरह पालन करूंगा और जांच में सहयोग करूंगा। अब सवाल यह है कि क्या पार्टी आलाकमान ने उन्हें इस्तीफा देने को कहा था?





गौरतलब है कि बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार में किसी मंत्री का यह दूसरा इस्तीफा है। प्रधानमंत्री ने नौ अप्रैल को श्रम, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा मंत्री दीपक कुमार साह को पद से हटा दिया था। उनको पार्टी अध्यक्ष रवि लामिछाने के एक औपचारिक पत्र के बाद हटाया गया था। यह पत्र पार्टी के केंद्रीय अनुशासन आयोग की जांच रपट पर आधारित था, जिसमें कहा गया था कि साह ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपनी पत्नी को स्वास्थ्य बीमा बोर्ड के सदस्य के तौर पर बनाए रखा। यह पद काफी समय से लगभग निष्क्रिय पड़ा था। दीपक कुमार साह संसद सदस्य बनने से पहले मेडिकल दाखिले में फर्जीवाड़ा करने के आरोप में अपनी कंपनी के सहयोगी के साथ गिरफ्तार किए गए थे। उनका मामला नेपाल की एक उच्च अदालत में लंबित था। प्रधानमंत्री ऐसे शख्स को मंत्री बनाने की वजह से भी आलोचना के घेरे में थे।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी पारदर्शिता और साफ-सुथरी राजनीति का पैगाम देकर सत्ता में आई थी और उसके लिए अब जनता की उम्मीदों की कसौटी पर खरा उतरने की चुनौती है। बालेंद्र शाह ने पहले श्रम मंत्री दीपक साह को सत्ता दुरुपयोग के आरोप में मंत्रिमंडल से बाहर किया। साह चुनाव से पहले मेडिकल में दाखिले में पैसे उगाही के मामले में जेल जा चुके थे। मगर इस बार देश के गृहमंत्री सुदन गुरुंग शक के घेरे में थे। गुरुंग ने जहां निवेश किया था, उसके तार कुख्यात हवाला कारोबारी दीपक भट्ट के साथ जुड़े बताए जा रहे हैं।

दीपक भट्ट को इसी महीने एक अप्रैल को नेपाल पुलिस के 'सेंट्रल इनवेस्टिगेशन ब्यूरो' ने हिरासत में लिया था। धन शोधन जांच विभाग के अधिकारी बता रहे हैं कि युवाओं के आंदोलन के बाद खरीदे गए ये शेयर, गुरुंग के संपत्ति घोषणापत्र में दर्ज नहीं किए गए थे। संपत्ति शुद्धिकरण अनुसंधान विभाग ने व्यवसायी दीपक भट्ट और सुलभ अग्रवाल के कार्यालय पर छापा मारा, जहां गृहमंत्री गुरुंग द्वारा किए गए निवेश के कुछ कागजात मिले हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में एक खेमे का कहना है कि जब गृहमंत्री के खिलाफ गंभीर आरोप सामने आए हैं, तो हम चुप नहीं रह सकते।

गृहमंत्री सुदन गुरुंग का संक्षिप्त कार्यकाल विवादों से घिरा रहा है। पार्टी के सांसदों ने शिकायत की है कि निरीक्षणों के दौरान वे चुने हुए प्रतिनिधियों के साथ तालमेल बनाने में नाकाम रहे और दूसरे मंत्रालयों के मामलों में दखल दिया। आरोप है कि बीते 26 मार्च को पद संभालने के तुरंत बाद गुरुंग ने पुलिस प्रमुख दान बहादुर कार्की को निर्देश दिया कि वे पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक को गिरफ्तार करें। मगर जब गुरुंग ने स्पष्ट कर दिया कि वे किसी भी जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हैं और पार्टी जो भी फैसला लेगी, उसका पालन करेंगे, तभी से लोग मान कर चल रहे थे कि उनके सितारे गर्दिश में हैं। अगर देश भर में बुलडोजर की कार्रवाई नहीं होती, तो नेपाली मीडिया में यह मामला सुर्खियों में होता।

दरअसल, सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में दिक्कत शीर्ष स्तर पर है। नेपाल के पूर्व पत्रकार और उप प्रधानमंत्री पद पर रह चुके राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रमुख रबी लामिछाने पर मुख्य रूप से गोरखा मीडिया नेटवर्क के प्रबंध निदेशक के रूप में दस करोड़ नब्बे लाख रुपए से अधिक की अवैध हेराफेरी करने और पोखरा, चितवन, रूपन्देही, काठमांडो की कई सहकारी समितियों से करोड़ों रुपए के अवैध हस्तांतरण का आरोप है, जिसके बाद उन्हें हिरासत में लिया गया था। इससे पहले, वर्ष 2023 में नेपाल की सर्वोच्च अदालत ने रबी लामिछाने को अमेरिकी नागरिकता छोड़ने के बाद नेपाली नागरिकता फिर से प्राप्त करने की उचित प्रक्रिया का पालन नहीं करने के कारण उन्हें उपप्रधानमंत्री के पद से बर्खास्त कर दिया था।

राजनीति के जानकारों का कहना है कि रबी लामिछाने पर यदि इतने सारे गंभीर आरोप नहीं होते, तो निश्चित रूप से नेपाल के प्रधानमंत्री वही बनते। मगर नई सरकार के लिए सबसे बड़ी दुविधा यही है कि अपने पार्टी आलाकमान को आरोपमुक्त कैसे बनाए? आरोप एक नहीं, अनेक हैं। प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के मंत्रिमंडल में भी जो दागी थे, वे पद से हटते ही बागी हो गए। अभी गृहमंत्री सुदन गुरुंग को हटाने के वास्ते पार्टी के भीतर माहौल बनाने वाले लोगों में कुछ दिन पहले मंत्री पद से हटाए गए दीपक शाह भी बताए गए हैं।

इस समय सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में घमासान मचा हुआ है। अभी से कई गुट बालेंद्र शाह पर दबाव बनाए हुए हैं। 'जेन जी रेड फोर्स' ने नैतिक आधार पर गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग की थी। मौजूदा परिस्थिति में नई सरकार की साख पर जनता का विश्वास कम होने का खतरा पैदा हो गया है। 'जेन जी रेड फोर्स' नेपाल में माओवादी सेंटर से जुड़ी युवा शाखा है, जिसका गठन वर्ष 2025 में स्मृति तिमिल्सिना की अगुआई में किया गया था। प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह का भारत के दौरे पर आने का कार्यक्रम था, लेकिन लगता नहीं कि इस ज्वलंत मुद्दे को छोड़ कर वे दिल्ली आएंगे।

अध्यात्म

## जो व्यक्ति सकारात्मक सोच और धैर्य के साथ प्रयास करता है, वही सफल होता है

पुराने समय में एक राजा के राज्य पर उसके शत्रु राज्य ने आक्रमण कर दिया। युद्ध में राजा हार गया। उसके अधिकांश सैनिक मारे गए और शत्रु सेना उसके पीछे पड़ गई। अपनी जान बचाने के लिए राजा जंगल की ओर भागा और एक गहरी गुफा में जाकर छिप गया। शत्रु सैनिक उसका पीछा करते-करते गुफा तक पहुंच गए। उन्होंने गुफा के अंदर जाकर राजा को खोजा, लेकिन वह उन्हें नहीं मिला। बाहर निकलकर उन्होंने गुफा के मुंह पर बड़े-बड़े पत्थर लगा दिए, ताकि राजा बाहर न निकल सके। सैनिकों को विश्वास था कि अब राजा का अंत निश्चित है। गुफा के अंदर राजा अकेला, थका हुआ और भूख-प्यास से परेशान बैठा था। चारों ओर अंधेरा था और बाहर निकलने का कोई रास्ता दिखाई नहीं दे रहा था। धीरे-धीरे उसके मन में निराशा घर करने लगी। उसने सोचा कि अब उसका जीवन यहीं समाप्त हो जाएगा। इसी बीच उसे अपनी मां की कही हुई एक बात याद आई- 'कुछ तो कर, यूं ही मत मर।' यह बात याद आते ही उसके मन में ऊर्जा और सकारात्मकता आ गई। उसने खुद से कहा कि जब तक सांस है, तब तक प्रयास करना चाहिए। बिना कोशिश किए हार मान लेना सबसे बड़ी हार है। राजा ने हिम्मत जुटाई और गुफा के मुख्य द्वार पर रखे पत्थरों को हटाने का प्रयास शुरू किया। शुरुआत में उसे बहुत कठिनाई हुई, लेकिन उसने हार नहीं मानी। धीरे-धीरे उसने एक-एक पत्थर को खिसकाना शुरू किया। कई घंटों की मेहनत के बाद उसने बाहर निकलने का एक छोटा सा रास्ता बना लिया। राजा गुफा से बाहर निकलने में सफल हो गया। बाहर निकलकर वह अपने मित्र राज्य के पास पहुंचा और सहायता मांगी। मित्र राजा की मदद से उसने फिर से सेना तैयार की और शत्रुओं पर आक्रमण किया। इस बार वह पूरी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ लड़ा और अंततः विजय प्राप्त कर अपना राज्य वापस हासिल कर लिया।

**सीखः** कभी हार न मानना। जीवन में कठिन परिस्थितियां सभी के सामने आती हैं, लेकिन जो व्यक्ति आखिरी पल तक प्रयास करता है, वही सफल होता है। जैसे उस राजा ने निराशा के बावजूद कोशिश जारी रखी, वैसे ही हमें भी हर परिस्थिति में उम्मीद बनाए रखनी चाहिए। सकारात्मक सोच बनाए रखना। जब राजा पूरी तरह निराश हो चुका था, तभी उसकी मां की बात ने उसे नई ऊर्जा दी।

# किताबें, हमारी सच्ची मित्र

**पढ़ने-लिखने से मस्तिष्क की सक्रियता बनी रहती है, जोकि विभिन्न रोगों की रोकथाम में मददगार सिद्ध होती है। निरंतर अध्ययन का शौक भूलने की बीमारी से 40 फीसदी तक बचाव कर सकता है। अक्सर बुढ़ापे में याद्दाश्त खोने तथा मानसिक कमजोरी (डिमेंशिया) की समस्या से जूझना पड़ता है लेकिन इस संदर्भ में हुआ एक शोध जीवन भर पढ़ने, लिखने तथा नई भाषाएं सीखने जैसी बौद्धिक गतिविधियों में सक्रिय रहने वाले लोगों में डिमेंशिया का खतरा कम होने का खुलासा करता है। शोध के अनुसार, दिमाग को जितना व्यस्त रखेंगे, अल्जाइमर जैसी बीमारियों को उतना ही पीछे धकेल पाएंगे। शिकागो की रश यूनिवर्सिटी मैडिकल सैंटर की शोधकर्ता एंड्रिया जमिट के नेतृत्व में हुए इस अध्ययन में पाया गया कि मानसिक स्वास्थ्य केवल बुढ़ापे की आदतों पर निर्भर नहीं करता, बल्कि यह जीवन भर के बौद्धिक परिवेश से प्रभावित होता है।**

**दीपिका अरोड़ा**

अच्छी पुस्तकों से श्रेष्ठ मित्र शायद ही कोई हो! संस्कारित करने, कौशल निखारने से लेकर भावनात्मक बुद्धिमता की नींव रखने तक किताबों की भूमिका अपरिहार्य है। पुस्तकें पढ़ने से न केवल आत्म-जागरूकता बढ़ती है, बल्कि हमारी सोच को भी सही आकार मिलता है। ज्ञान में अप्रत्याशित वृद्धि होने के साथ-साथ, अपने आसपास की दुनिया को एक नए दृष्टिकोण से देखने-समझने की सोच भी विकसित होती है। बर्नार्ड शॉ के अनुसार, 'विचारों के युद्ध में किताबें ही अस्त्र होती हैं।'

गुणवत्तापूर्ण साहित्य पढ़ने से जहां मानसिक तनाव घटता है, वहीं ज्ञान का प्रकाश समूचे तौर पर व्यक्तित्व का कायाकल्प भी कर सकता है। पुस्तकों की इसी विशेषता के मद्देनजर, ब्राजील में कैदियों के लिए एक अनूठा रीड्क्षडग प्रोग्राम चलाया गया है, जिसे 'पढ़ने के माध्यम से मुक्ति' कहा जाता है। इसके अंतर्गत, किसी किताब को पढ़कर, समीक्षा करने से सजा कम होगी। आमतौर पर एक किताब की समीक्षा पर 4 दिन की राहत मिलती है, एक वर्ष में अधिकतम 48 दिन की सजा घट सकती है। इस अभियान का उद्देश्य जहां बंदियों की सजा में कटौती करना अथवा उन्हें तनाव मुक्त बनाना है, वहीं उससे भी कहीं अधिक अच्छी पुस्तकों द्वारा शिक्षित करके उनका व्यवहार सुधारना है, ताकि कालान्तर में एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर उन्हें मुख्यधारा में वापस लाना आसान हो।

अंग्रेजी के लेखक जोसेफ एडिसन एक जगह लिखते हैं, 'पढ़ना मन और शरीर दोनों के लिए एक व्यायाम है।' निश्चय ही, इस कथन में कोई अतिशयोक्ति नहीं। किताबें, अखबार आदि पढ़ने की आदत से जहां भाषा समृद्ध होती है, वहीं उच्चारण भी शुद्ध होता है। कल्पनाशीलता को असीम आकाश मिलता है, एकाग्रता तथा स्मरणशक्ति में आश्चर्यजनक बढ़ौतरी होती है। यहां तक कि 'डिजिटल शिक्षा मॉडल' को दुनिया का भविष्य मान चुके विद्वजनों को भी किताबों के संबंध में अपनी सोच का पुनर्मूल्यांकन करना पड़ा। दरअसल, विगत कुछ वर्षों में हुए शोधों, अनुभवों तथा सीखने के परिणामों के दौरान शिक्षा नीति निर्माताओं, शिक्षकों तथा अभिभावकों ने पाया कि तकनीकी उपयोग से पढ़ाई भले ही सरल हो गई हो, किंतु ज्ञान की सहज उपलब्धता ने बच्चों के बुनियादी कौशल भी कमजोर कर डाले। स्वीडन में हुआ एक शोध स्क्रीन पर पढ़ने वाले छात्रों की एकाग्रता तथा गहराई से समझने की क्षमता कम होने का तथ्य उजागर करता है। यही कारण है कि विश्व की सबसे अधिक डिजिटल शिक्षा प्रणालियों में गिने जाने वाले फिनलैंड, स्वीडन जैसे देश एकबारगी फिर किताब, कागज तथा पैन की ओर लौट रहे हैं। कई देशों में मोबाइल फोन, टैबलेट इत्यादि के उपयोग को सीमित अथवा प्रतिबंधित किया जा रहा है।



पढ़ने-लिखने से मस्तिष्क की सक्रियता बनी रहती है, जोकि विभिन्न रोगों की रोकथाम में मददगार सिद्ध होती है। निरंतर अध्ययन का शौक भूलने की बीमारी से 40 फीसदी तक बचाव कर सकता है। अक्सर बुढ़ापे में याद्दाश्त खोने तथा मानसिक कमजोरी (डिमेंशिया) की समस्या से जूझना पड़ता है लेकिन इस संदर्भ में हुआ एक शोध जीवन भर पढ़ने, लिखने तथा नई भाषाएं सीखने जैसी बौद्धिक गतिविधियों में सक्रिय रहने वाले लोगों में डिमेंशिया का खतरा कम होने का खुलासा करता है। शोध के अनुसार, दिमाग को जितना व्यस्त रखेंगे, अल्जाइमर जैसी बीमारियों को उतना ही पीछे धकेल पाएंगे। शिकागो की रश यूनिवर्सिटी मैडिकल सैंटर की शोधकर्त्ता एंड्रिया जमिट के नेतृत्व में हुए इस अध्ययन में पाया गया कि मानसिक स्वास्थ्य केवल बुढ़ापे की आदतों पर निर्भर नहीं करता, बल्कि यह जीवन भर के बौद्धिक परिवेश से प्रभावित होता है।

शोधकर्त्ताओं ने लगभग 1,939 बुजुर्गों पर 8 साल तक नजर रखी। इनकी औसत आयु 80 वर्ष के करीब थी। निष्कर्षों में सामने आया कि जो लोग बचपन से लेकर बुढ़ापे तक किताबों, समाचार-पत्रों, पुस्तकालयों तथा भाषा सीखने जैसे कार्यों से जुड़े रहे, उनमें अल्जाइमर का खतरा उन लोगों की तुलना में 38 फीसदी कम था, जो इन गतिविधियों में कम सक्रिय थे। मानसिक रूप से सक्रिय लोग औसतन 94 वर्ष की आयु में अल्जाइमर के शिकार हुए, जबकि सक्रिय न रहने वालों में ये लक्षण 88 वर्ष में ही दिखने लगे। डॉ. जमिट की मानें तो सीखने की ललक पैदा करने वाले कार्यक्रम, जैसे- लाइब्रेरी तक पहुंच तथा शुरुआती शिक्षा व्यवस्था डिमेंशिया के मामलों को कम करने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने कहा, हालांकि, यह अध्ययन पूरी तरह से कारण-प्रभाव साबित नहीं करता, लेकिन इसे एक बड़ी उम्मीद माना जा रहा है। अकेले भारत में साल 2036 तक डिमेंशिया मरीजों की संख्या 1.7 करोड़ तक पहुंचने की आशंका व्यक्त की गई है, ऐसे में पढ़ना-लिखना एक सरल एवं प्रभावी बचाव का रास्ता हो सकता है।

कुल मिलाकर, अच्छा साहित्य गुणों में पारस पत्थर से किसी प्रकार भी कम नहीं, जो लोहे को भी कंचन बनाने का पूर्ण सामर्थ्य रखता है। किताबों का महत्व आंकते हुए एक बार लोकमान्य तिलक ने भी कहा था, 'किताबों में वह शक्ति होती है, जो नरक को स्वर्ग बना देती है।' आज जब समाज में नैतिक मूल्यों का पतन चरम पर है, ऐसे में देश के भविष्य को बाल्यकाल से ही अच्छी सामग्री के पठन-पाठन का अभ्यस्त बनाना अत्यधिक जरूरी जान पड़ता है। सही दिशा ज्ञान ही स्वच्छ सामाजिक वातावरण के निर्माण की राह प्रशस्त कर सकता है और इस विषय में अच्छी किताबों से बड़ा मार्गदर्शक भला कौन होगा?

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
दाम्पत्य सम्बन्धों को दूसरों के कारण प्रभावित न होने दें। मन में वैचारिक उथल-पुथल चलती रहेगी। महिलाओं को सार्वजनिक क्षेत्रों में सावधानी रखनी चाहिये।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। अविवाहित लोगों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। आपके मनोबल में वृद्धि होगी।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में नये तरीकों को अपना सकते हैं। घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहने वाला है। भावनात्मक सम्बन्ध काफी गहरे होंगे।

**कर्क**
आपकी दिनचर्या अत्यधिक सन्तुलित रहेगी। विद्यार्थी अध्ययन को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। पैतृक व्यवसाय में अच्छी सफलता मिलेगी।

**सिंह**
परिजनों का पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। कानूनी मामलों में उलझ सकते हैं। बच्चों की सेहत को लेकर चिन्ता हो सकती है। आज काम धीमी गति से होंगे।

**कन्या**
व्यापारिक सम्बन्धों के माध्यम से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। अपनी खुशियों को परिवार वालों के साथ बाँटेंगे। सम्पत्ति के विक्रय को लेकर आ रही बाधा दूर होगी।

**तुला**
कारोबार के विस्तार को लेकर आपको उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। समय का सार्थक उपयोग करेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपकी विशेष रुचि रहेगी।

**वृश्चिक**
सन्तान की शिक्षा पर अत्यधिक ध्यान देंगे। सही रणनीति के साथ कार्य करने से आपको लाभ मिलेगा। खर्चों पर नियन्त्रण करने का प्रयास करेंगे।

**धनु**
अपनी बातों को लेकर अड़ियल रवैया अपनाने से बचना चाहिये। जीवनसाथी आपसे कुछ उपहार की अपेक्षा रख सकता है। धन सम्बन्धी मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं।

**मकर**
विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। प्रबल इच्छाशक्ति से नये कार्यों को आरम्भ कर सकते हैं। अधिकारी आपका उत्साहवर्धन कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा।

**कुंभ**
नजदीकी सम्बन्धियों के सहयोग से अभिभूत होंगे। पसन्दीदा संगीत का आनन्द उठा सकते हैं। वरिष्ठ पदों पर बैठे लोग भी आपसे सलाह लेने को उत्सुक रहेंगे।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में योग्यता और कुशलता का परिचय देंगे। परिवार में आपसी सहयोग और सौहाद्र का वातावरण रहेगा। फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों को प्रसिद्धि मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### आरपीएस रेसिडेंसियल स्कूल, की छात्राओं ने रैंप वॉक प्रतियोगता में बाजी मारी

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एमिटी संस्थान द्वारा श्री कृष्ण विज्ञान केन्द्र में आयोजित भव्य रैंप वॉक प्रतियोगिता में शहर के 25 प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया, जिसमें आरपीएस रेसिडेन्शियल स्कूल, पटना ने प्रथम स्थान



प्राप्त किया । इस कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और प्रस्तुति कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समन्वयक रूबी गहराना एवं दीप्ति गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनके कुशल मार्गदर्शन एवं प्रयासों से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय की ओर से विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। आरपीएस रेसिडेन्शियल स्कूल के चेयरमैन डॉ. कुमार पुष्पंजय, प्रबंध निदेशक कुमार पृतंजय, प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह एवं उप प्राचार्या श्रीमती उषा सिन्हा ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार का आयोजन छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

### 415 ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 415 ग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान अरवल जिले के किंजर निवासी राकेश कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, पालीगंज इलाके में गांजा की अवैध सप्लाई की सूचना पुलिस को मिल रही थी। इसके बाद पुलिस ने मुखबिर को सक्रिय किया और जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी गांजा बेचने के लिए पालीगंजझअरवल मोड़ के पास पहुंचा, पहले से घात लगाए पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 415 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि जांच किया जा रहा है कि आरोपी किन-किन लोगों से जुड़ा है और गांजा की सप्लाई नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल हैं।

### शव यात्रा की एक बेकाबू बस ने पहले ट्रांसफार्मर में मारी ठोकर, तीन पोल किया क्षतिग्रस्त,अंधकार मे भखरा

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के भखरा गांव में शुक्रवार की दोपहर उस वक्त अफरा तफरी का माहौल हो गया, जब गांव में एक महिला की मृत्यु हो जाने के बाद बस पर शव यात्रा ले जा रहे बस बेकाबू हो गई और पहले ट्रांसफार्मर में जोरदार ठोकर मारा, जहां से ऊपर से पोल टूट गई, उसके बाद तेजी से निकलने के दौरान तीन पोल में ठोकर मारते हुए वह तेजी से निकल गए, जिससे पूरा गांव अंधेरे में है, हालांकि इस घटना से कोई हताहत नहीं हुई स्थानीय लोगों ने बताया कि भखरा गांव में उमेश सिंह की पत्नी की असमयिक निधन हो गई थी उन्ही का मंजिल जा रहा था,इस दौरान जहां



चालक की लापरवाही के कारण ट्रांसफार्मर के पोल में जोरदार ठोकर मार दी, जिससे पोल ऊपर से टूट गया, उसके बाद तेजी से निकलने के दौरान उसके चपेट में तीन पोल में जोरदार ठोकर मार दी, जिससे तीनों पोल टूट गये। हालांकि इस दौरान बस पर सवार लोगों को जान माल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन पूरे गांव में अंधेरा छाया हुआ है इस पूरे मामले में कनिय विद्युत अभियंता रंजीत कुमार ने बस चालक पर एक लाख दस हजार का जुमार्ना लगाया है, उन्होंने बताया कि 11 केवि एचटी लाइन का डीपी स्ट्रक्चर, पीएससी पोल, 11 केवि बेस चैनल,एसीएसआर रैबिट कंडक्टर, अर्थिंग सेट कंपलीट समेत नौ तरह के उपकरण भारी मात्रा में क्षतिग्रस्त हो गया है। ऐसे में ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि शनिवार से सभी क्षतिग्रस्त बिजली आपूर्ति को दुरुस्त किया जाएगा।

### लहसूना पुलिस ने ऑपरेशन देसी शराब के तहत 1000 जावा महुआ गुड घोल को किया नष्ट

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान शुक्रवार को लहसुना थाने की पुलिस के द्वारा थानाध्यक्ष खुशबू खातून के नेतृत्व में चपौर बांध पर सघन छापेमारी की गई, जहां इस ताबड़तोड़ ऑपरेशन में तकरीबन दो दर्जन से अधिक भट्ठियों को ध्वस्त किया गया, जहां तकरीबन 1000 जावा महुआ गुड घोल को नष्ट किया गया है। थानाध्यक्ष खुशबू ने बताया कि चपौर बांध में लगातार देसी शराब धड़ल्ले से बनाया जा रहा था, जिसकी सूचना मिल रही थी जिसे सत्यापन करते हुए टीम गठित किया गया और चारों तरफ से चपौर बांध के आसपास के इलाकों के घेर कर



तवातोड़ छापेमारी की गई, जहां पर छापेमारी के दौरान जमीन के अंदर गढ्ढे मे अंदर कर रखे हुए जावा महुआ गुड घोल को नष्ट किया गया है, इसके अलावा शराब बनाने के उपकरण और चूल्हे को भी ध्वस्तु की गई है ।हालांकि इस दौरान शराब बनाने वाले कारोबारी भागने में सफल रहे हैं, लेकिन सबों को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

# महिला आरक्षण बिल को लेकर भाकपा माले का राज्यव्यापी विरोध मार्च

**कहा- भाजपा बिल के नाम पर महिलाओं को कर रही गुमराह**





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने महिला आरक्षण बिल को लेकर विरोध मार्च निकाला। पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महिला आरक्षण बिल के नाम पर देश की महिलाओं को भ्रमित कर रही है। विरोध मार्च पार्टी कार्यालय से शुरू होकर स्टेशन रोड, थाना चौक होते हुए तिमुहानी तक पहुंचा। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। भाजपा ने महिला आरक्षण बिल पास तो कर दिया, लेकिन उसमें जनगणना और परिसीमन की शर्त जोड़ दी। यानी 2029 से पहले ये लागू ही नहीं होगा। ये महिलाओं के साथ सीधा धोखा है। भाजपा सिर्फ चुनावी फायदे के लिए बिल का ढोल पीट रही है, महिलाओं को गुमराह कर रही है।"नेताओं ने मांग की कि महिला आरक्षण बिल को बिना किसी शर्त के तुरंत लागू किया जाए। साथ ही एससी-एसटी और ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था की जाए।बिल में साफ-साफ नहीं बताया गया कि कब से लागू होगा। जब तक जनगणना नहीं होगी, परिसीमन नहीं होगा, तब तक कुछ नहीं। सरकार बताए कि महिलाओं को 33% आरक्षण कब मिलेगा?बिल सिर्फ कागजी है। इसे तुरंत लागू करना चाहिए ताकि पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं की भागीदारी बढ़े। विरोध मार्च के बाद भाकपा माले ने मांग की गई है कि महिला आरक्षण बिल को बिना देरी लागू किया जाए। बहरहाल धनरूआ में प्रखंड कार्यालय से बाजार होते हुए बडिहा मोड पर नुक्कड़ सभा किया गया, बही मसौढी में माले कार्यालय से तीनमुहानी गुमटी पर नुक्कड़ सभा की गई धनरूआ में अध्यक्षता कामरेड वीरेंद्र प्रसाद और संबोधित प्रखंड सचिव कामरेड अकलू पासवान ने किया, जबकि मसौढी मे भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य सह जिला कार्यालय सचिव कामरेड कमलेश कुमार ब प्रखंड सचिव राकेश ने संबोधित करते हुए बताया कि मौजूदा सरकार महिला आरक्षण पर झूठा प्रचार प्रसार कर रही है,मौके पर मसौढी में नागेश्वर पासवान संजय पासवान ,श्याम नारायण सिंह, सिद्धेश्वर सिंह, दिनेश बिन्द,बही धनरूआ में कामरेड रिंकूं देवी, कामरेड निरंजन वर्मा कामरेड जितेंद्र राम, शामिल थे।

### पेड़ से टकराई बुलेट, एक की मौके पर मौत, दो गंभीर घायल

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पालीगंज में शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बुलेट सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा चंढोस गांव के पास उस समय हुआ जब तेज रफ्तार बुलेट अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। मृतक की पहचान अरवल जिले के किंजर गांव निवासी शाहनवाज आलम के रूप में हुई है। वहीं घायलों की पहचान गुड्डी कुमारी और अरविंद कुमार के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को तत्काल इलाज के लिए पालीगंज अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों लोग बुलेट से अरवल के किंजर गांव से पालीगंज की ओर आ रहे थे। चंढोस गांव के समीप अचानक बाइक सवार का संतुलन बिगड़ गया और बाइक पेड़ से जा भिड़ी।

## 500 एम एल का 20 बीस केन बीयर के साथ शराब सप्लायर गिरफ्तार, हटिया पटना एक्सप्रेस ट्रेन से ला रहा था शराब

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया रेल खंड के तारेगना रेलवे स्टेशन के समीप 500 एम एल का 20 कैन बियर लेकर जा रहे शराब सप्लायर को एक्साइज पुलिस ने रंगे हाथ दबोचा है। दरअसल



एक्साईज पुलिस को लगातार ऐसी सूचना मिल रही है कि झारखंड से आने वाली पटना की ओर विभिन्न ट्रेनों से लगातार विदेशी शराब की सप्लाई की जा रही है। ऐसे में गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी को सत्यापन करते हुए एक्साइज सुपरीटेंडेंट संजय कुमार चौधरी के निर्देश पर टीम गठित करते हुए तारेगना रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी कर छापेमारी की गई, जहां पर एक युवक को काले रंग के बैग में रखे हुए 20 कैन बियर के साथ उसे रंगे हाथ दबोचा हैः गिरफ्तार युवक का नाम सनी कुमार पिता भीम प्रसाद मखदुमपुर जहानाबाद का रहने वाला है, जो मसौढी में अन्यत्र जगह पर डिलीवरी करने की तैयारी थी। बहरहाल एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि लगातार ट्रेनों के जरिए मसौढ़ी में शराब की खेप आ रही है जैसे-जैसे सूचना मिलती है सत्यापन कर उन सभी शराब सप्लायरों को गिरफ्तार किया जा रहा है। अब तक 50 से अधिक शराब सप्लायर को ट्रेन के जरिए शराब लेकर आने वाले सप्लायरों क्षको मसौढी से गिरफ्तारी की गई हैं यह ऑपरेशन अनवरत चलाया जा रहा है।

# हाथों में बेड़ियां लगाकर मसौढी में भाजपा महिला मोर्चा का विरोध प्रदर्शन

**नारीशक्ति वंदन अधिनियम बिल पारित नहीं होने दिए जाने का विरोध**




**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नारायण उत्सव हॉल मसौढ़ी में भाजपा के कार्य समिति सदस्य काजल सिंह उर्फ आशा किरण सिंह के नेतृत्व में जनआक्रोश जिला महिला सम्मेलन आयोजित किया गया ! कार्यक्रम के बाद शहर में महिलाओं ने हाथों में जंजीर की बेडीयां लगाकर विरोध प्रदर्शन करते दिखी जहां आशा किरण सिंह ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा नारीशक्ति वंदन अधिनियम बिल पारित किया जा रहा था,लेकिन कांग्रेस और विपक्ष ने बिल पारित नहीं होने दिया, नारीशक्ति के स्वाभिमान का विपक्ष ने अपमान किया है, हम महिलाएं अभी भी राजनीतिक बेड़ियों से जकड़े हुए है। कांग्रेस और पूरा विपक्ष नहीं चाहता कि महिलाओं को लोकसभा में 33%आरक्षण मिले, विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा उजागर हो गया है। इस मौके पर भाजपा नेत्री शोभा कुमारी ने कहा कि नारीशक्ति वंदन अधिनियम बिल लोकसभा में पारित नहीं होने देकर कांग्रेस और विपक्ष ने देश के समस्त नारी शक्तियों को हराया है। इसका बदला हम महिलाए जरूर लेंगे। महिला सबकुछ भूल सकती है, अपना अपमान कभी नहीं भूलती।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्ययक्ष रजनीश कुमार, जिला से तेजनारायण शर्मा, लंकेश, जितेंद्र, भाजपा नगर अध्यक्ष आशीष देव, अजीत पाण्डे, राणा लखन सिंह , शैलेन्द्र शर्मा, आलोक कुमार, संजीव कुमार, सोशल मीडिया आलोक कुमार, संतोष कुमार, सन्नी कुमार,चंदन कुमार सुनीता कुमारी, लक्ष्मी देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी, कंचन कुमारी,एवं सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रही.. !सम्मेलन के उपरांत कपूरी चौक से तारेगना स्टेशन तक सैकड़ों महिलाओं के द्वारा आक्रोश मार्च (पदयात्रा) निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

# मानव शास्त्री शचीन्द्र नारायण की पुस्तक का लोकार्पण

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 'Status of Primitive Tribal Groups of Bihar' शीर्षक पुस्तक का लोकार्पण 15 अप्रैल 2026 को Society for Empowerment द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान एन. सिन्हा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल स्टडीज में किया गया। यह पुस्तक प्रख्यात मानवशास्त्री प्रोफेसर सचिंद्र नारायण द्वारा लिखित है। यह पुस्तक बिहार के आदिम जनजातीय समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति, सांस्कृतिक पहचान तथा विकास की चुनौतियों का गहन एवं शोधपरक विश्लेषण प्रस्तुत करती है। पुस्तक में इन समुदायों के समावेशी विकास हेतु नीतिगत हस्तक्षेप, लक्षित योजनाओं एवं सतत विकास की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया है। प्रोफेसर




सचिंद्र नारायण एक प्रतिष्ठित विद्वान हैं, जिन्होंने मानवशास्त्र, ग्रामीण विकास एवं मानवाधिकार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके जीवन-वृत्त के अनुसार वे ए. एन. सिन्हा सामाजिक अध्ययन संस्थान, पटना में वरिष्ठ प्रोफेसर रह चुके हैं तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष प्रतिवेदक के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। वे पंचायती राज, मनरेगा सहित विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों से जुड़े रहे हैं और उनके शोध कार्यों का उपयोग नीति निर्माण में किया गया है। भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग द्वारा सम्मानित प्रो. नारायण ने 100 से अधिक शोध पत्र एवं अनेक महत्वपूर्ण पुस्तकें लिखी हैं। उनके शोध कार्यों में जनजातीय विकास, आपदा प्रबंधन, गांधीवादी विचारधारा एवं सतत विकास जैसे विषय प्रमुख हैं। इस पुस्तक का लोकार्पण संगोष्ठी की अकादमिक गहराई को और सुदृढ़ करता है तथा यह नीति-निर्माताओं, शोधकताओं एवं विकास क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ ग्रंथ सिद्ध होगी।

### ट्रक ने पीछे से ट्रक में मारी टक्कर, चालक की मौत

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज-कनपा रोड पर फतेहपुर गांव के पास शुक्रवार को पीछे से आए एक तेज रफ्तार ट्रक ने आगे चल रहे ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में एक ट्रक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान धनंजय कुमार (42 वर्ष), पिता उपेंद्र प्रसाद, ग्राम मानिकपुर, थाना परवलपुर, जिला नालंदा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आगे चल रहा ट्रक सामान्य गति से जा रहा था, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी । टक्कर में पीछे से आ रही ट्रक ड्राइवर की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पालीगंज पुलिस मौके पर पहुंचकर चालक के शव को अपने कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया।

## उर्वरक के संतुलित उपयोग को लेकर किसानों को किया गया जागरूक

**'सही पोषण, समृद्ध किसान' का दिया गया संदेश**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कृषि कार्यालय के ई किसान भवन में किसानों को उर्वरक के संतुलित उपयोग को लेकर जागरूक किया गया। मौके पर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुधीर शाह एवं सभी पंचायत के किसान कोऑर्डिनेटर, किसान सलाहकार एवं किसान उपस्थित रहे दरअसल शुक्रवार को ,प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन कर 'सही पोषण, समृद्ध किसान' का नारा दिया गया।गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को बताया कि जरूरत से ज्यादा यूरिया और डीएपी का इस्तेमाल खेत की सेहत बिगाड़ रहा है। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति घट रही है और उत्पादन लागत बढ़ रही है। मिट्टी जांच के बाद ही खाद डालें। नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश का संतुलन जरूरी है। साथ में जैविक खाद, हरी खाद और जिंक-सल्फर का भी प्रयोग करें। इससे 15-20% तक लागत घटेगी और पैदावार 10% तक बढ़ेगी।कार्यक्रम में 150 से ज्यादा किसानों ने हिस्सा लिया। मौके पर मिट्टी जांच के लिए 50 किसानों से नमूने भी लिए गए। विभाग ने बताया कि जांच रिपोर्ट 15 दिन में मुफ्त दी जाएगी। किसानों ने बताया की हम तो बस यूरिया ही डालते थे। आज पता चला कि ज्यादा यूरिया से जमीन बंजर हो जाती है। अब मिट्टी जांच कराकर ही खाद डालेंगे। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुधीर शाह ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि किसान भाई लागत कम कर आमदनी बढ़ाएं। नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के छिड़काव की जानकारी भी दी गई है। हर पंचायत में ऐसे कैंप लगाए जाएंगे।कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि उर्वरक दुकानदार से पक्की रसीद लें और संतुलित मात्रा में ही खाद का प्रयोग करें। सही पोषण से ही खेत और किसान दोनों समृद्ध होंगे।

## सात घरों में बिजली चोरी मामले में तकरीबन 100,905 का लगाया गया जुर्माना

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान मसौढ़ी प्रखंड के जगपुरा बीघा में शुक्रवार को ताबड़तोड़ सघन छापेमारी की गई, जहां पर कुल सात घरों में बिजली चोरी के मामले में चोरी पकड़ी गई है,जहाँ सबों के खिलाफ मसौढी थाने में प्राथमिकी दर्ज करते हुए कुल 1,00,905 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। दरअसल विद्युत आपूर्ति शाखा मसौढी-2 के कनिय विद्युत अभियंता आशीष कुमार की पूरी टीम के साथ शुक्रवार को जगपुरा बिगहा में कुल सात घरों में छापेमारी की गई ,जहां मुख्य एलटी लाइन में टोका फंसाकर और मीटर बायपास कर बिजली चोरी कर रहे थे, जिसमें जनार्दन प्रसाद पिता रामदाहीन प्रसाद पर 11,984 रुपया का जुमार्ना लगाया गया है। इसके अलावा कलिता देवी पति रंजीत कुमार पर 5766, रीता देवी पति अजय कुमार 6125, जगेंद्र प्रसाद बिजेंद्र प्रसाद पर 1451, कविता कुमारी पति पिंटू कुमार 8193, चंद्रिका प्रसाद पिता जगन प्रसाद 13712 रुपया, धनवंत कुमार पिता बिरजू प्रसाद पर 41074 का जुर्माना लगाते हुए मसौढ़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# मसौढ़ी में बेखौफ बदमाश, फुटपाथ दुकानदार को भी नहीं छोड़ा, कार से आए और 40 हजार के फल लेकर हुये फरार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी नगर में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब उन्होंने फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले छोटे दुकानदारों को भी अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है. ताजा मामला नगर के मेन रोड का है, जहां बीते गुरुवार की देर रात बदमाशों ने एक फल दुकान को पूरी तरह साफ कर दिया.पीड़ित दुकानदार नगर के संघतपर निवासी महावीर साव प्रतिदिन की तरह अपनी दुकान



तिरपाल से ढंक कर घर चला गया था. सीसीटीवी फुटेज से खुलासा हुआ कि रात के लगभग 3:00 बजे, एक कार दुकान के सामने आकर रुकी. कार से उतरे युवकों ने बड़ी इत्मीनान से दुकान पर बंधा तिरपाल खोला और उसमें रखे कीमती फलों को एक-एक कर कार में लोड करना शुरू कर दिया. बदमाश लगभग 40 हजार रुपये के फल समेट कर स्टेशन रोड की ओर फरार हो गए.शुक्रवार सुबह जब महावीर साव अपनी दुकान पर पहुंचे, तो सारा सामान गायब देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई. नगर परिषद द्वारा रेलवे गुमटी पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे में चोरी की यह पूरी वारदात कैद हो गई है. फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि किस तरह बदमाश बेखौफ होकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं.दुकानदार महावीर साव ने कहा कि हम गरीब लोग मेहनत कर पेट पालते हैं. बदमाशों ने हमारी पूरी पूंजी ही चोरी कर ली.अब प्रशासन से ही न्याय की उम्मीद है.इधर पीड़ित दुकानदार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है.

# स्कूल में ताला बंद कर शिक्षक फरार, गेट पर खड़े बच्चों को घंटों करना पड़ा इंतजार

**बदहाल शिक्षा व्यवस्था की खुली पोल**





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के एक सरकारी स्कूल से शिक्षा व्यवस्था को शर्मसार करने वाली तस्वीर सामने आई है। जहाँ शिक्षक स्कूल में ताला बंद कर गायब हो गए, और बच्चे स्कूल खुलने का इंतजार करते रहे मामला उत्क्रमित मध्य विद्यालय दिघवा का है। सुबह बच्चे स्कूल पहुंचे तो गेट पर ताला लटका मिला। कोई भी शिक्षक मौजूद नहीं था। बच्चे धूप में 10 बजे तक गेट खुलने का इंतजार करते रहे, फिर थक-हारकर घर लौट गए। स्कूली बच्चों ने बताया की मास्टर साहब नहीं आए। बहुत देर से खड़े हैं। अब घर जा रहे हैं। दिघवां गांव की एक महिला ने बताया कि.रोज ऐसा ही होता है। मास्टर लोग लेट से आते हैं, कभी-कभी तो आते ही नहीं। बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। कौन सुनेगा हमारी?" ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल में कुल 6 शिक्षक पदस्थापित हैं, लेकिन अक्सर एक-दो ही आते हैं। हाजिरी रजिस्टर में फजीर्वाड़ा कर वेतन उठाया जा रहा है। मिड-डे मील भी नियमित नहीं बनता। गांव के लोगों की माने तो स्कूल भगवान भरोसे चल रहा है। न पढ़ाई होती है, न साफ-सफाई। शिकायत करो तो कोई सुनवाई नहीं। तभी तो प्राइवेट स्कूल में नाम लिखवाना पड़ता है। वह इस मामले में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुमार श्री ने बताया कि मामला गंभीर है। इसकी जांच के लिए टीम भेजी जा रही है। चार शिक्षक बिना सूचना गायब मिले है,उनसबों का वेतन काटने के साथ विभागीय कार्रवाई की जा रही है।बहरहाल सरकार शिक्षा पर करोड़ों खर्च कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर लापरवाही से "सर्व शिक्षा अभियान" को पलीता लग रहा है। सवाल ये है कि जब शिक्षक ही गैर-जिम्मेदार होंगे तो बच्चे कैसे पढ़ेंगे?

## संक्षिप्त समाचार

### गन्ना विभाग की बैठक में उत्पादन बढ़ाने पर जोर

**मोतिहारी/सुगौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गन्ना विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र में गन्ना उत्पादन बढ़ाने तथा किसानों की समस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।बैठक की अध्यक्षता जीएम रमेश शुक्ला ने की। इस अवसर पर डीजीएम के.एन. एस.आर. भारद्वाज ने गन्ना विकास से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा प्रस्तुत की। डिप्टी केन मैनेजर अजय तिवारी और संजीव कुमार चौहान ने क्षेत्रीय स्तर पर चल रहे कार्यों की जानकारी दी। गन्ना अधिकारी अमित सिंह, रणजीत सिंह एवं अजय शर्मा ने किसानों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों तथा नई तकनीकों के उपयोग पर प्रकाश डाला। अधिकारियों ने किसानों से आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने और समय पर गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित करने की अपील की। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा तथा उत्पादन बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।



### जनता के दरबार में 40 आवेदनकर्ताओं की हुई सुनवाई

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 40 आवेदनकताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) पूर्वी चंपारण शैलेंद्र कुमार भारती, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) मो.शिबगतुल्लाह,वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार सहित अन्य पदाधिकारीगण ने उपस्थित होकर प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई की। जिलाधिकारी के द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार से ही फोन करके मामले के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा । भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया ।




### ईस्ट चंपारण लायंस क्लब के द्वारा पौधरोपण

पर्यावरण रक्षार्थ ईस्ट चंपारण लायंस क्लब ने लगाया वृक्ष

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लायंस इंटरनेशनल के द्वारा निर्धारित विशेष अभियान के तहत 18 अप्रैल से 26 अप्रैल तक पर्यावरण रक्षा के लिए 'लायंस पर्यावरण सेवा सप्ताह' में आज शुक्रवार को ईस्ट चंपारण लायंस क्लब ने लक्ष्य राज पब्लिक स्कूल मोतिहारी के मैदान में वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण करते हुए क्लब अध्यक्ष अशोक जायसवाल ने बताया कि लायंस इंटरनेशनल ने बिशेष अभियान चलाया है जिसमे पेड़ लगाना, प्लास्टिक का उपयोग कम करना, पानी की बचत करना, कचरा प्रबंधन करना जैसे विषयों पर कार्य करते हुए जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर क्लब सचिव सच्चिदानंद पटेल, उपाध्यक्ष इंजीनियर सुधांशु सिन्हा, प्रोजेक्ट चेयरमैन निलेश रंजन, एडमिनिस्ट्रेटर मनोज जायसवाल, वरीय सदस्य अमरनाथ साहू, सुधांशु रंजन, सुजीत कुमार सिंह,सुधीर गुप्ता, शुभम गुप्ता, मनीष कु.झा,विद्यालय डायरेक्टर रामबाबू प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।



### बंगाल में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है : यमुना सिकरिया

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उद्योगपति भाजपा नेता यमुना सिकरिया एवं किसान मोर्चा बिहार के पूर्व अध्यक्ष भाजपा प्रवक्ता अखिलेश सिंह के द्वारा बंगाल चुनाव पर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। इस अवसर पर यमुना सिकरिया ने बंगाल में प्रथम चरण के चुनाव पर अत्यधिक मतदान के लिए सभी बंगाल वासियों का धन्यवाद दिया और कहा यह मतदान परिवर्तन की ओर इशारा करता है और भाजपा के पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है और अखिलेश सिंह ने कहा बंगाल में ममता के सरकार से हर वर्ग त्रस्त हैं महिलाओं को सुरक्षा नहीं है, युवाओं को नौकरी नहीं है ममता सरकार ने नारी वंदना विधेयक का विरोध किया बंगाल के लोग इस सरकार से छुटकारा पाना चाहते हैं वहां के लोग भाजपा के पक्ष में खुलकर मतदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह सबका साथ सबका विकास की नीतियों पर बंगाल के लोगों का पूरा भरोसा है और वहां पूर्ण बहुमत की भाजपा की सरकार बनने जा रही है।



### हिलसा में परीक्षा केंद्र बदलाव पर छात्र जदयू का विरोध, परीक्षा नियंत्रक से की मुलाकात

**हिलसा (नालंदा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हिलसा के छात्र जदयू नेताओं ने परीक्षा केंद्र में बदलाव को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। शुक्रवार को नालंदा पूर्वी भाग के अध्यक्ष आशीष पटेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पटना स्थित पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय कार्यालय पहुंचा, जहां उन्होंने परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रो. मनोज कुमार से मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं। छात्र नेताओं ने बताया कि स्नातक परीक्षा केंद्र को बिहारशरीफ स्थानांतरित किए जाने से छात्रों को भारी परेशानी होगी। पहले एस.यू. कॉलेज, हिलसा का केंद्र शहर के सरदार पटेल कॉलेज में ही निर्धारित होता था, लेकिन इस बार सेमेस्टर-6 का केंद्र केएसटी कॉलेज, बिहारशरीफ कर दिया गया है, जो हिलसा से लगभग 35 किलोमीटर दूर है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से खासकर छात्राओं को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। प्रतिनिधिमंडल ने मांग किया कि पूर्व की तरह ही परीक्षा केंद्र हिलसा में ही निर्धारित किया जाए। परीक्षा नियंत्रक डॉ. मनोज कुमार ने छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही इस दिशा में उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया। मौके पर प्रसेनजीत कुमार, राकेश कुमार, अंकश रंजन सहित अन्य छात्र जदयू कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### पैक्स अध्यक्ष के निधन पर जताया शोक

**नगरनौसा(नालंदा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगरनौसा प्रखंड के खजुरा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद की गुरुवार को निधन हो गया।पैक्स अध्यक्ष के निधन के बाद प्रखंड के पैक्स अध्यक्षों के बीच शोक की लहर व्याप्त है। पैक्स अध्यक्षों ने कहा कि बैजनाथ प्रसाद की मौत से पैक्स को एक अपूरणीय क्षति हुई है।पैक्स अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें निर्भीक एवं किसानों व पैक्स अध्यक्ष की समस्याओं को मुखरता से उठाने वाला बताया।पैक्स अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद विगत कई माह से बीमार चल रहे थे।पैक्स अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद का यह चौथा टर्म था।इनका बड़ा पुत्र महेंद्र सिंह वर्तमान में खजुरा पंचायत का मुखिया हैं।

### जोविन्द बने बिहार ड्राइवर महासंघ के मीडिया प्रभारी

**नगरनौसा(नालंदा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगरनौसा प्रखंड के बडीहा गांव निवासी जोविन्द कुमार उर्फ कुणाल सिंह यादव को बिहार ड्राइबर महासंघ के मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है।इस आशय का पत्र बिहार ड्राइबर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार राय द्वारा जारी किया गया है।प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार राय द्वारा जारी पत्र में कहा गया है जोविन्द कुमार उर्फ कुणाल सिंह को बिहार ड्राइबर महासंघ के मीडिया प्रभारी नियुक्त किया जाता है साथ ही जिला अध्यक्ष के निष्क्रिय होने के कारण जिलाध्यक्ष पद संभालने का भी जिम्मेदारी दिया गया।



# 61 बोरा खाद जब्त, तीन युवक पुलिस की गिरफ्त में

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना थाना क्षेत्र के सीमावर्ती घोंघिया गांव में शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एसएसबी बड़हरवा कैंप के जवानों ने 61 बोरा खाद जब्त कर लिया। यह कार्रवाई शुक्रवार दोपहर की गई।मिली जानकारी के अनुसार, एसएसबी उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में जवानों ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी और जितना पुलिस के साथ संयुक्त छापेमारी की। इस दौरान एक गोदाम में रखे खाद को तीन युवक बाइक के माध्यम से नेपाल भेजने की तैयारी में लगे थे। मौके से तीनों युवकों को हिरासत में लेते हुए बाइक और गोदाम में रखे सभी खाद को जब्त कर कैंप लाया गया।बताया जा रहा है कि सीमा क्षेत्र में लगातार कार्रवाई के बावजूद खाद की तस्करी का नेटवर्क सक्रिय है। सूत्रों के अनुसार, इस सिंडिकेट का मास्टरमाइंड घोड़ासहन का एक बड़ा खाद कारोबारी बताया जा रहा है, जो बिना वैध कागजात के रातों-रात खाद को सीमा पार नेपाल भेजवाता है।ग्रामीणों ने जब्त खाद की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए हैं। इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामकुमार पासवान ने बताया कि पूरे मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।आगे बता चले प्रखंड क्षेत्र में जब्त खाद के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। सूत्रों के अनुसार, कुछ बड़े खाद कारोबारी इस मामले को दबाने और अपने ऊपर कार्रवाई से बचने के लिए खाद को ह्लावारिशह्व घोषित कराने की कोशिश में जुटे हैं। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि संगठित तरीके से काम कर रहे खाद सिंडीकेट पर कोई असर न पड़े।स्थानीय स्तर पर यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और अब सभी की निगाहें प्रखंड कृषि पदाधिकारी की कार्रवाई पर टिकी हैं। लोगों का कहना है कि यदि इस मामले में निष्पक्ष जांच होती है, तो बड़े स्तर पर अवैध कारोबार का खुलासा हो सकता है।गौरतलब है कि हाल ही में गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी मात्रा में खाद जब्त की गई थी। इस कार्रवाई में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिस और एसएसबी की भी मौजूदगी रही थी। हालांकि, अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि जब्त खाद का वास्तविक मालिक कौन है।प्रखंड कृषि पदाधिकारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी सूरत में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में कितनी पारदर्शिता और सख्ती दिखाता है, और क्या वाकई बड़े कारोबारियों पर कार्रवाई हो पाती है या मामला लावारिश घोषित कर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 09 मई 2026 के सफल आयोजन एवं व्यापक प्रचार - प्रसार हेतु आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के तत्वावधान में दस से अधिक प्रचार रथों को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिषेक कुमार दास द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार नितिन त्रिपाठी, एडीजे रेशमा वर्मा, एडीजे-1 सुरेंद्र प्रसाद, राहुल रंजन, श्रीमती गरीमा रानी, नसीम नजर अवर, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पुनीत कुमार तिवारी सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर प्रचार रथों को रवाना किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिषेक कुमार दास ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत न्याय सुलभता का सशक्त माध्यम है, जिसके द्वारा विभिन्न प्रकार के वादों का त्वरित, सुलहपूर्ण एवं प्रभावी निष्पादन संभव है। उन्होंने आमजन से अधिकाधिक संख्या में राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार नितिन त्रिपाठी ने बताया कि प्रचार रथों के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता फैलाई जाएगी, ताकि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन हो सके तथा आमजन को सुलभ न्याय प्राप्त हो।

## शिकारगंज पुलिस ने लूटकांड के आरोपी को किया गिरफ्तार, घर से दबोचा गया

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना की पुलिस को लूटकांड के एक मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना कांड संख्या 20/25 से जुड़े इस मामले के नामजद अभियुक्त संजय साहनी को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त संजय साहनी, पिता पुण्य देव साहनी, ग्राम बरदाहा, थाना मुफ्फसिल, जिला पूर्वी चंपारण का निवासी बताया जाता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए शिकारगंज थानाध्यक्ष गोपाल कुमार ने बताया कि आरोपी की लंबे समय से तलाश की जा रही थी और उसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा कुर्की-जब्ती का आदेश भी निर्गत किया जा चुका था। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी को उसके घर से दबोच लिया। उन्होंने बताया कि 16 जनवरी 2025 को आरोपी ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर थाना क्षेत्र के गोढ़िया गांव में एक सोना-चांदी के कारीगर से हथियार का भय दिखाकर करीब एक लाख रुपये के जेवरात लूट लिए थे। पुलिस इस मामले में उसके दोनों सहयोगियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं, गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। बता दें कि पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा है। छापेमारी दल में एएसआई सुनील कुमार सिंह, सिपाही पुरुषोत्तम कुमार, गृह रक्षक लाल मुनि सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## जनगणना को लेकर शिवाजीनगर में दी गई महत्वपूर्ण जानकारी



**शिवाजीनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवाजीनगर के सभागार भवन में बुधवार को जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारी को लेकर तीसरे दिन भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सुपरवाइजर और पर्यवेक्षकों के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला के रूप में संचालित किया गया। 13 अप्रैल से 24 अप्रैल तक चार चरणों में आयोजित किया जाएगा। बीडीओ आलोक कुमार सिंह ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है जिसकी सफलता पूरी तरह सभी कर्मियों पर निर्भर करती है जो घर-घर जाकर आंकड़ा संग्रह करते हैं। परगनकों और पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया कि हुए इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी जिम्मेदारी ईमानदारी और सतर्कता के साथ निभाए। उन्होंने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकान की गणना की जाएगी जिसके तहत प्रत्येक घर तक पहुंच कर विस्तृत जानकारी लेनी होगी। यह जानकारी लेने से भविष्य की योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। प्रशिक्षक के रूप में मृत्युंजय कुमार सिंह, मृत्युंजय कुमार राय, संतोष कुमार, उमेश प्रसाद राय ,अमित कुमार मिश्रा ने प्रतिभागियों को जनगणना की रूपरेखा ,कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर प्रवेक्षकों के रूप में पारस नाथ महाराज ,नीलू कुमारी, विपिन बिहारी प्रसाद सहित अन्य प्रवेक्षकों ने भाग लिया।

## इंडिया ग्लोब ग्रैंड ट्रेड फेयर बना शॉपिंग का हॉटस्पॉट

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स (कोलकाता) एवं सीसीजी मार्केटिंग एंड सर्विसेज (कोलकाता) द्वारा राजधानी के ज्ञान भवन में आयोजित इंडिया ग्लोबल ग्रैंड ट्रेड फेयर इन दिनों खरीदारों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले के शुभारंभ के साथ ही यहां लोगों की भारी भीड़ उमड़ने लगी है, जहां हर वर्ग के लोग देश-विदेश के उत्पादों की खरीदारी का लुत्फ उठा रहे हैं। मेले में प्रवेश करते ही आगंतुकों को अंतरराष्ट्रीय बाजार जैसा अनुभव मिल रहा है। खासकर युवाओं, महिलाओं और परिवारों की बड़ी संख्या यहां पहुंच रही है, जो विदेशी परफ्यूम, ड्राई फ्रूट्स, ज्वेलरी, होम डेकोर और लेटेस्ट फैशन परिधानों की खरीदारी कर रहे हैं। अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट्स, दुबई के परफ्यूम और ईरान की ज्वेलरी स्टॉल पर सबसे ज्यादा भीड़ देखी जा रही है। मेले में करीब 75000 से अधिक उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें फर्नीचर, इंटीरियर, कपड़े, जूते-चप्पल, हैंडीक्राफ्ट और लेदर प्रोडक्ट्स शामिल हैं। पूरा परिसर वातानुकूलित होने के कारण लोग आराम से खरीदारी कर पा रहे हैं, जिससे उनका अनुभव और भी सुखद बन रहा है। मेले के आयोजक चंदन चटर्जी ने बताया कि यह मेला न केवल व्यापारियों के लिए बड़ा मंच है, बल्कि आम लोगों के लिए एक इंटरनेशनल शॉपिंग फेस्टिवल जैसा माहौल तैयार कर रहा है। हर दिन बढ़ती भीड़ इस बात का संकेत है कि पटना के लोगों में ऐसे आयोजनों को लेकर खासा उत्साह है। यह मेला 26 अप्रैल 2026 तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अपने परिवार और दोस्तों के साथ पहुंचकर इस खास शॉपिंग अनुभव का हिस्सा बनें।



## 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत, बांका में 7345 मामलों के निष्पादन की तैयारी तेज

**बांका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में आगामी 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर तैयारी तेज कर दी गई है। अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों एवं संबंधित विभागों के साथ लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्री लिटिगेशन श्रेणी में कुल 3770 मामलों की पहचान की गई है, जिनमें 2800 मामलों में नोटिस तामील कराया जा चुका है। वहीं पोस्ट लिटिगेशन श्रेणी में कुल 3575 मामलों को चिन्हित किया गया है, जिनमें 2040 मामलों में नोटिस की सेवा की जा चुकी है। इस प्रकार कुल 7345 मामलों के निष्पादन की तैयारी की जा रही है।राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर 8 अप्रैल को न्यायिक पदाधिकारियों, पैनल अधिवक्ताओं तथा पारा लीगल वालंटियर्स के साथ बैठक की गई।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता का सांसद ने किया उद्घाटन

एथलेटिक्स खेल की आत्मा है खेल कूद तक सीमित नहीं है : राधामोहन



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेहरू स्टेडियम मोतिहारी में शुक्रवार को जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा आयोजित 17वी जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री सह माननीय सांसद राधामोहन सिंह ने उद्घाटन कर शुभारंभ किया।श्री सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करती है,बल्कि युवाओं में अनुशासन, समर्पण और देशभक्ति की भावना भी विकसित करती है। एथलेटिक्स खेलों की आत्मा है। यह केवल दौड़, कूद और फेंक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन के संघर्ष, धैर्य और जीत की कहानी भी है।आज भारत खेलों के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने खेलों को नई दिशा और ऊर्जा दी है।खेलो इंडिया अभियान के माध्यम से देशभर में खेल प्रतिभाओं को पहचान और प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

### व्यू प्वाइंट का सांसद ने किया निरीक्षण

**मोतिहारी ( पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रोइंग क्लब गायत्री मंदिर के निकट पर्यटन मंत्रालय द्वारा बनाए जाने वाले व्यू प्वाइंट का सांसद राधा मोहन सिंह ने अधिकारियों के साथ शुक्रवार को स्थल निरीक्षण किया। रोइंग क्लब के अंदर 10 करोड़ की लागत से मुख्य बाउंड्री एवं मुख्य द्वार के निर्माण के साथ ही चिल्ड्रन पार्क, घाट निर्माण, सीटिंग एरिया एवं जन सुविधाओं का निर्माण होगा। इसी तरह 4 करोड़ की लागत से गायत्री मंदिर के बगल में भी निर्माण कार्य होगा ।यह दोनों ही कार्य पर्यटन दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण है इन दोनों कार्यों का शिलान्यास एवं प्रारंभ 28 अप्रैल 2026 को होगा। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, पीडब्लूडी कार्यपालक अभियंता कृष्ण कुमार,उपमहापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद, संजू निषाद, धीरज जायसवाल, चेतन कुमार सहित कई अन्य शामिल थे ।



## बंगाल में परिवर्तन की लहर, भाजपा के प्रति बढ़ता जनविश्वास : रीमा सिंह

**पटना/ बांका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में इस बार बदलाव की स्पष्ट आहट सुनाई दे रही है। जनता के बीच बढ़ते असंतोष और परिवर्तन की इच्छा अब खुलकर सामने आने लगी है। यह बातें भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता रीमा सिंह ने अपने वक्तव्य में कही। उन्होंने कहा कि इस बार बंगाल भी भगवामय होने की ओर अग्रसर है और राज्य की जनता बड़े परिवर्तन के लिए तैयार है। पिछले कुछ वर्षों में राज्य सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरने में विफल रही है। विकास, सुरक्षा और महिलाओं के सम्मान जैसे मुद्दों पर आम लोगों में निराशा बढ़ी है।

रीमा सिंह ने कहा कि यही कारण है कि अब बंगाल की जनता भारतीय जनता पार्टी की ओर आशा और विश्वास के साथ देख रही है। भाजपा की नीतियां और नेतृत्व आम जनमानस के बीच भरोसा जगा रही हैं। महिलाओं, युवाओं और गरीब वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए पार्टी लगातार जनसंपर्क और जनसेवा के माध्यम से अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में बंगाल की जनता बदलाव का स्पष्ट संदेश देगी और राज्य में नई दिशा तथा नई सरकार का मार्ग प्रशस्त होगा।

## आपदा के समय आपदा मित्रों की भूमिका महत्वपूर्ण : विधायक

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से आपदा प्रवंधन के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित विधायक अरुण कुमार ने कहा कि आपदा के समय आपदा मित्रों की भूमिका महत्वपूर्ण है । बाढ़,सुखाड़, भूकम्प, अग्नि ,सुनामी, सड़क दुर्घटना के समय प्राथमिक उपचार और तुरंत राहत पहुचाने से आपदा पीड़ितों को मदद किया जा सकता है । फाउंडेशन पूरे बिहार में आपदा से बचने को लेकर जन जागरूकता अभियान चला रहा है । वही फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि आपदा बिन बुलाये मेहमान की तरह है जो किसी भी समय प्रकट हो सकता है । बिहार में सर्वाधिक मौत नदी में डूबने और सड़क दुर्घटना , लू के कारण होता है । उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने का सलाह दिया कि गर्मी में लू से बचने के लिए दोपहर में न निकले और खूब पानी पिये सूती का फूल कपड़ा पहने । फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर सुजीत कुमार ने कहा कि हर पंचायत मे हमलोग युवा विकाश केंद्र का स्थापना कर रहे है जहाँ पर आपदा पीड़ितों को मदद के लिए प्रशिक्षित किया जायेगा तथा प्राथमिक उपचार किट सभी युवा विकाश केंद्र में उपलब्ध रहेगा । घर मे गैस के उपयोग में सावधानी बरतें बराबर रेगुलेटर एवं पाइप को चेक करें लीकेज होने पर तुरंत बदले । कार्यक्रम में सैंकड़ो स्वयंसेवक मौजूद रहे ।

### दूरसंचार सलाहकार समिति की बैठक

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीएसएनल मोतिहारी के सभागार में पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण का दूरसंचार सलाहकार समिति बैठक सत्र 2026-27 का आयोजन शुक्रवार को किया गया । बैठक की अध्यक्षता संसद श्री राधामोहन सिंह ने किया। अपने संबोधन में सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि बीएसएनएल 2025-26 में इबिटा पॉजिटिव है जो काफी सालों के बाद हुआ है । यह इबिटा पॉजिटिव व्यावसायिक मुनाफा हुआ है इसका कारण सरकार का बीएसएनल के प्रति सकारात्मक सहयोग करना। सभी बीटीएस को 4ऋमें कन्वर्ट के दिया गया है, 5G में अगले साल तक कन्वर्ट हो जाएगा । ये पूर्ण स्वदेशी का सपना पूरा करेगा। मौके पर वाल्मिकीनगर सांसद सुनील कुमार,बीएसएनल महाप्रबंधक मुजफ्फरपुर सुनील कुमार सिंह, परिचालन क्षेत्र प्रमुख मोतिहारी हरेंद्र कुमार, परिचालन क्षेत्र प्रमुख बेतिया शैलेन्द्र कुमार, सहायक महाप्रबंधक महेश कुमार,यांत्रिक वित्त सलाहकार संजय कुमार, दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य श्री प्रकाश अस्थाना, बबुआ जी सिंह, राकेश कुमार सिंह, योगेंद्र प्रसाद, मदन पटेल,पंकज कुमार सिन्हा ,ऋषभ कुमार, निखिल कुमार, शैलेंद्र कुमार मिश्रा,आशीष रंजन सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।



### स्नातक पंचम सेमेस्टर की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से प्रारंभ

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक (सी.बी.सी.एस) पंचम सेमेस्टर, सत्र 2023-27 की परीक्षा 24 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो गई। मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को एस.आर.ए.पी कॉलेज, चकिया, मोतिहारी डिग्री इवनिंग कॉलेज, मोतिहारी, के.एस.आर. एन. डिग्री कॉलेज, मठिया और एस.एन.एस. आर.एन.एस. डिग्री कॉलेज, केसरिया के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। 24/04/2026 को परीक्षा के पहले दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में मेजर ग्रुप -ए के अंतर्गत राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, प्राचीन भारतीय इतिहास, अंग्रेजी और रसायन शास्त्र विषयों की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें कुल 635 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में मेजर ग्रुप - बी के अंतर्गत भूगोल, अकॉउंट्स, अर्थशास्त्र, उर्दू, बॉटनी और संस्कृत विषयों की परीक्षा हुई, जिसमें 989 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा कदाचार मुक्त, अनुशासित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

## जनगणना प्रगणकों एवं पर्यवेक्षको का प्रशिक्षण संपन्न, 2 मई से घर-घर पहुंचेंगे प्रगणक

**अमरपुर,बांका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अमरपुर प्रखंड मुख्यालय में जनगणना से संबंधित प्रगणकों का 12 दिनों से चल रहा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। शुक्रवार की संध्या करीब 6:00 बजे प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी सह अपर चार्ज अधिकारी संजय कुमार सिन्हा ने जानकारी दी की जनगणना कार्य से जुड़े सभी प्रगणको और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। 2 मई से पहले सभी प्रगणकों को एचएलबी आवंटित किया जाएगा, साथ ही जनगणना से संबंधित आवश्यक सामग्री भी वितरित की जाएगी। प्रखंड क्षेत्र में कुल 431 एचएलबी इकाइयों का निर्माण किया गया है, जिनके लिए 397 प्रगणकों को तैनात किया जाएगा, जबकि 47 प्रगणकों को रिजर्व में रखा गया है। इसके साथ ही 66 पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है, इसके अलावा सात पर्यवेक्षकों को रिजर्व में रखा गया है। बताया कि जिस एचएलबी में कम जनसंख्या है उस एचएलबी का प्रभार बगल के प्रगणक को दिया जाएगा। आगामी दो मई से सभी प्रगणक अपने-अपने निर्धारित क्षेत्र में जाकर जनगणना कार्य शुरू करेंगे। इस दौरान वह घर-घर जाकर परिवारों से संबंधित आवश्यक जानकारी एकत्र करेंगे। यह डाटा भविष्य में सरकारी योजनाओं और नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बताया गया कि प्रशिक्षण के दौरान सभी कर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए ताकि जनगणना कार्य को सटीक, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से पूरा किया जा सके।



# रसायन-पेट्रो-रसायन सेक्टर को नई रफ्तार देने की तैयारी

## उद्योग जगत के साथ केंद्र की रणनीतिक बैठक





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने रसायन और पेट्रो-रसायन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए उद्योग जगत की शीर्ष हस्तियों के साथ अहम बैठक की। कर्तव्य भवन में आयोजित इस बैठक में 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान वैश्विक परिदृश्य, खासकर पश्चिम एशिया में जारी संकट का असर भी केंद्र में रहा। मंत्री ने स्पष्ट किया कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों में भारत को अपनी आपूर्ति श्रृंखला को अधिक लचीला और विविध बनाना होगा, ताकि बाहरी जोखिमों का प्रभाव कम किया जा सके। इसके साथ ही वैश्विक रसायन और पेट्रो-रसायन मूल्य श्रृंखला में भारत की स्थिति को मजबूत करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया। जेपी नड्डा ने उद्योग की अपार संभावनाओं पर भरोसा जताते हुए कहा कि सरकार 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए समान अवसर उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने संकेत दिया कि अनुचित व्यापारिक गतिविधियों से निपटने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

बैठक में देश की प्रमुख कंपनियों— Reliance Industries Limited, Indian Oil Corporation Limited, Bharat Petroleum Corporation Limited, GAIL (India) Limited, Tata Chemicals सहित करीब 25 सीईओ और उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपने सुझाव साझा किए। रसायन एवं पेट्रो-रसायन क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव है, जो कृषि, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल, निर्माण और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे कई प्रमुख क्षेत्रों को सहारा देता है। वर्तमान में लगभग 220 अरब डॉलर के इस सेक्टर का लक्ष्य 2040 तक एक ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक 1.5 ट्रिलियन डॉलर से अधिक तक पहुंचने का है।

सरकार और उद्योग के बीच यह तालमेल, बदलती वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत को एक मजबूत, आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी औद्योगिक शक्ति बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

# पंचायती राज स्थापना दिवस पर ग्राम कचहरी को सशक्त बनाने पर जोर




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के चरकावां पंचायत स्थित पंचायत भवन में शुक्रवार को पंचायती राज स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया मोहम्मद सेराज अंसारी ने की, जबकि संचालन सरपंच दयानंद प्रसाद द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरपंच दयानंद प्रसाद ने पंचायती राज व्यवस्था के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 24 अप्रैल 1993 को देश में पंचायती राज व्यवस्था लागू की गई थी, जिसे 24 अप्रैल 2010 से स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। उन्होंने कहा कि देश के विकास की मजबूत नींव गांव, गली और पंचायत स्तर से ही रखी जाती है। जमीन विवाद, आपसी मनमुटाव, शिक्षा, स्वास्थ्य, नल-जल और हरियाली जैसी योजनाओं का क्रियान्वयन पंचायत स्तर से ही शुरू होता है। उन्होंने ग्राम कचहरी को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान में मामलों के निष्पादन में प्रतिवादियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने में प्रशासनिक सहयोग पर्याप्त नहीं मिल पाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यदि पुलिस प्रशासन एवं प्रखंड स्तर के अधिकारी निष्पक्षता और ईमानदारी से पंचायत के कार्यों में सहयोग करें, तो देश के समग्र विकास को नई गति मिल सकती है। साथ ही, उन्होंने सरकार से मांग की कि ग्राम कचहरी में पंच एवं सरपंच पद के लिए शिक्षित उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि स्थल जांच, संवाद और निष्पक्ष निर्णय प्रक्रिया को और मजबूत किया जा सके।

# ग्रामीणों को दी गई विकास से जुड़ी कई योजनाओं की जानकारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** प्रखंड क्षेत्र के रतनपुर स्थित पंचायत सरकार भवन में शुक्रवार को पंचायती राज दिवस के अवसर पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया मंजू देवी ने की। यह बैठक जिला पंचायत राज पदाधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को पीएआई, एलएसडीजी एवं ओएसआर जैसी योजनाओं एवं उनके उद्देश्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता, पारदर्शिता और जनभागीदारी के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर सरपंच राजश्री शर्मा, मुखिया प्रतिनिधि अजय प्रजापति, कार्यपालक सहायक सुधीर कुमार, ग्राम कचहरी सचिव सुजाता कुमारी, लोहिया स्वच्छता कर्मी सत्येंद्र पासवान, अनुज कुमार, दीपक कुमार, राधे मोहन पासवान, अलकारिया देवी, रितेश कुमार, डोमन भुईंया, लखन भुईंया, मुनि देवी, बसंत मेहता, जयगोविंद राम, मंजय कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कुटुंबा गढ़ में प्राचीन काल के मिले हैं कई अवशेष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में इतिहास की कई गुत्थियों को समेटे हुए है। चाहे वह प्राकृतिक संपदा हो या पुरातात्विक। जिले के कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां अब तक रहस्य उजागर हो। ऐसा ही है कुटुंबा गढ़। औरंगाबाद-डाल्टेनगंज पथ के अंबा से कुटुंबा गढ़ किला की दूरी करीब छह किलोमीटर दूर है। गढ़ पर ही उच्च विद्यालय स्थित है। गढ़ का इतिहास जानने एवं देखने दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं। यहां जाने के लिए हर समय वाहन उपलब्ध रहता है। यहां प्राचीन काल के कई अवशेष मिले। बिहार की सबसे पुरानी सभ्यता के संकेत भी मिले लेकिन आज भी यह स्थल उपेक्षित है। इसे वह स्थान नहीं मिल सका है जो ऐसे स्थल को मिलना चाहिए। प्राचीन सभ्यता का अवशेष यह समझने के लिए काफी है कि भारतीय सभ्यता का विस्तार इस स्थल से होकर गुजरा है। इसके रहस्य से पर्दा उठना शुरू हुआ लेकिन वह पूरी तरह उठ नहीं सका। पुरातत्व विभाग इसकी खुदाई कराए तो गढ़ के इतिहास का पता चलेगा। हमे अपने इतिहास को और विरासत को सहेजकर रखने की जरूरत है। आने वाली पीढ़ी के लिए यह प्राचीनकाल का आइना बनेगा। कई शताब्दियों की मानव सभ्यता के विकास के बावजूद हमारी निगाहें उनपर टीकी है जिससे हमारा महत्व परिभाषित हो। पुरातत्व विभाग की टीम ने कई दिनों तक कुटुंबा गढ़ की खोदाई की थी। खुदाई में शुंगकालीन अवशेष



मिले। हर्षवर्द्धन काल के सिक्के और थाली बरामद हुए। यह देखकर इस स्थान की महत्ता सामने आने लगी थी। खोदाई के दौरान पुरातत्व विभाग के डा. अनंतशुतोष द्विवेदी को वैष्णव काल का भी कुछ अवशेष मिला तो स्पष्ट हो गया कि बिहार की सभ्यता सबसे पुरानी होने का संकेत दे रही है। खुदाई में कई देवी-देवताओं की मूर्तियां मिली थी। धर्म परिवर्तकों की मूर्तियां, शीशे का बर्तन एवं लौह ताम्र पाषाणकालीन नमूने मिले थे।

**53 एकड़ में फैला है कुटुंबा गढ़**

कुटुंबा गढ़ कुल 53 एकड़ में फैला है। भूमि के बाहरी भाग में प्राचीन के अवशेष, भव्य तालाब, गढ़ पर बना मठ एवं किले का अवशेष है। इससे यह प्रमाणित होता है कि गढ़ में इतिहास के स्वर्णिम काल के बिखरे पन्ने इधर-उधर पड़े हैं। अल्प खोदाई में प्राचीन मूर्तियां, सिक्के, मिट्टी के बर्तन, मिलने से यह साफ है कि यहां विभिन्न धर्मो के प्रवर्तकों ने भी समय बिताया था। पुरातत्व विभाग की टीम ने खोदाई के दौरान यह माना था कि गढ़ के गर्भ से जो असाधारण तत्व मिले हैं वह बिहार के किसी अन्य हिस्से में नहीं मिले थे।

**घर की पुताई के लिए मिट्टी लाते थे ग्रामीण**

स्थानीय ग्रामीण पर्व के दौरान घर की पुताई के लिए कुटुंबागढ़ मिट्टी लेने आते थे। खोदाई के दौरान कई बार मूर्तियां, बर्तन, सिक्के एवं अन्य सामान निकलते थे। गढ़ का इतिहास जानने की उत्सुकता बचपन से थी जिसे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेश पर पुरातत्व विभाग ने पूरा किया लेकिन अभी भी कई राज सामने आने बाकी हैं। यहां के लोगों को उम्मीद है कि इस स्थल को सहेजा जाएगा। इसे बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकेगा।

# भय के साथ काम करने को विवश हैं डाक्टर



**उपेंद्र कश्यप/ नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** लगभग डेढ़ लाख की आबादी अपने इलाज के लिए जिस अस्पताल पर निर्भर है, उस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर डर डर कर काम कर रहे हैं। इसमें 12 कमरे हैं और सभी जर्जर हैं। स्थिति इतनी बुरी है कि छत टूट कर गिरता रहता है और चिकित्सक उसके नीचे बैठकर इलाज करते हैं। जो ओपीडी है वहां चिकित्सा पदाधिकारी बैठकर मरीजों का इलाज करते हैं और कई बार ऐसा हो चुका है जब छत टूटकर नीचे गिरा है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अनमोल कुमार बताते हैं कि डर के बीच ही काम करते हैं। कई बार छत का प्लास्टर टूट कर गिरा है। लगभग 100 मरीज इलाज के लिए ओपीडी में आते हैं। इस कमरे में एसी नहीं है। डा. अनमोल कहते हैं कि पंखा इसलिए नहीं चलाते कि तपती दुपहरी में लू न मार दे। ओपीडी के सटे ही है दवा खाना। जहां मरीजों को दवा मिलता है, और इसी कमरे में मरीजों का निबंधन होता है। यहां प्रायः तीन कर्मी बैठकर काम करते हैं। कर्मी मोहम्मद इस्माइल अंसारी कहते हैं कि डर लगता है। कई बार तो उनके अगल बगल में ही छत का प्लास्टर टूट कर गिरा है। ऐसी स्थिति महिला पुरुष और लेबर वार्ड में भी है।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. यतीन्द्र प्रसाद कहते हैं कि पुराना भवन है। सभी कमरे जर्जर हैं। इस स्थिति से जिला पदाधिकारी और सिविल सर्जन को अवगत कराया गया है। पत्राचार किया गया है। नया भवन बनाने की मांग की गई है।

# अनियमित बिजली आपूर्ति से लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बिजली विभाग के लापरवाही एवं लोड सेंडिंग के नाम पर किये जा रहे अनियमित बिजली आपूर्ति के खिलाफ भाजपा नेता पूर्व जिलामंत्री सह सभापति प्रतिनिधि बिहार विधान परिषद आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में देव स्थित बिजली ऑफिस का घेराव किया गया। इस दौरान आलोक कुमार सिंह ने कहा कि अनियमित बिजली आपूर्ति से देव शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में उपभोक्ताओं आम जनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा, देव एक पर्यटन स्थल जहां लाखों श्रद्धालुओं का आगमन होता है। बिजली के बिना लोग नारकीय जीवन जीने को बाध्य होते है। सरकार द्वारा किरासन तेल का आपूर्ति पूर्णतः बंद कर दिया गया। बिजली नही रहने पर खास कर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों एवं अत्यंत निर्धन परिवार अभिशप्त जीवन जीने को बाध्य होते है। शाम में जब बिजली नही रहती तो एक तरफ छात्रों को पढ़ाई एवं गृहणी माताओं बहनों को खाना बनाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता। पेय जल



आपूर्ति के लिए नल का जल हो या सूचना संवाद के लिए मोबाइल, टीवी की उपलब्धता सभी बिना बिजली के शोभा की वस्तु बन जाती है। इस संबध में एक मांग पत्र जिलाधिकारी के नाम से सहायक विद्युत अभियंता शिवरतन लाल एवं कनीय विधुत अभियंता देव को सौंपा गया जिसमें देव शहरी एवं ग्रामीण फीडर में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने, लोड सेंडिंग आवश्यक प्रतीत होने पर भी रात्रि में 6 बजे से 11 बजे तक अनिवार्य रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित किया जाने, कनीय विधुत अभियंता देव, सहायक विद्युतअभियंता विधुत आपूर्ति अवर प्रमंडल देव का आवासन देव में ही सुनिश्चित कराया जाये, विभागीय गाड़ी का समुचित उपयोग देव में विद्युत आपूर्ति में आने वाले व्यवधानों को दूर कराने में किया जाए। विधुत सब स्टेशन देव में कार्यरत बिजली मिस्त्री एवं मानव बल के द्वारा किए जाने वाला अवैध उगाही को बंद कराया जाने जैसे कई प्रकार की मांग जनहित में रखा जिसका निस्तारण की मांग पत्र से संबधित पत्र सौंपा। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता योगेन्द्र सिंह, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष बिपीन कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, सतीश कुमार मिश्रा, विकास प्रताप सिंह, शत्रुध्न चौधरी, कुमार धीरज, रूपेश कुमार, रॉबिन कुमार सिंह, अजित कुमार चौरासिया, सचिन कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, गुलशन कुमार सिंह, चंदन मिश्रा, विशाल कुमार, मनीष कुमार, पूर्व पंचायत समिति संतोष कुमार सिंह, पूर्व पंचायत समिति मृत्युंजय कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह, बलराम चंद्रवंशी, वर्षानंद तिवारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# चिलचिलाती धूप से तपने लगी धरती, 42 डिग्री पहुंचा तापमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में एक बार फिर से उमस भरी गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। बीते कुछ दिनों से तीखी धूप और चिलचिलाती गर्मी ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है। जिले का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जिससे लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। वहीं तपन व उमस भरी गर्मी ऐसी कि कूलर-पंखा सब फेल हो जा रहा है। घर के बाहर लोगों को कहीं भी सुकून नहीं मिल रहा था। सुबह नौ बजे के बाद लोग अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। दोपहर में शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। घर से बाहर निकले लोग लू के थपेड़ों से परेशान रहते हैं। थोड़ी दूर चलने पर लोग पसीना-पसीना हो जाते हैं। इस कारण लोग बार-बार पानी या जूस भी पीते रहे। तपिश इतनी तेज है कि दिन में बाहर धूप में निकलना थर्ड डिग्री की सजा से कम नहीं है। सुबह से ही सूरज देवता पूरे रौब में नजर आते हैं। विद्यालय जाने वाले बच्चे, कार्यालय जाने वाले कामकाजी सभी गर्मी के प्रकोप से परेशान हैं। सभी को राहत की तलाश है। सदर अस्पताल के चिकित्सक डा. अभिषेक कुमार सिह ने बताया कि लू से गर्मी से निपटने का सबसे अच्छा तरीका स्वच्छ पानी का उपयोग करना है। अगर आप हर थोडी देर में पानी के छींटे अपने चेहरे पर मारते हैं तो आप तरोताजा महसूस करते हैं। जानकार बताते हैं कि धूप में निकलने से परहेज करें। अगर निकलना पड़े तो अपने चेहरे को पूरी तरह ढंक कर निकले। इससे आपकी त्वचा ठीक रहेगी। गर्मियों के मौसम में वैसे तो हर कोई धूप में निकलने से बचता लेकिन अगर निकलना बहुत जरूरी हो तो इसे टाला भी नहीं जा सकता। धूप में निकलने से सबसे ज्यादा डर लू लगने का बना रहता है। अगर किसी का शरीर गरम हो और कान ठंडे हो तो कहा जा सकता है कि उसे लू लगी हूई है। अगर चाहे तो थोड़ी सी सावधानी रखकर इससे बचा जा सकता है।

## एक नजर

### दो शराबी पुत्रों को मां ने भिजवाया जेल

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के राजा बिगहा गांव में घरेलू विवाद का एक मामला सामने आया है, जहां मां की शिकायत पर पुलिस ने शराब के नशे में धुत दो भाइयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दौलती देवी ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर बताया कि उनके पुत्र अरुण दास और जितेंद्र दास अक्सर शराब पीकर घर में हंगामा करते हैं। शुक्रवार को भी दोनों ने नशे की हालत में अपने माता-पिता के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। स्थिति बिगड़ने पर परिजनों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया और ब्रेथ एनालाइजर से जांच की, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई। रफीगंज थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि दोनों आरोपी नशे में परिवार के साथ दुर्व्यवहार कर रहे थे। मेडिकल जांच के बाद उन्हें औरंगाबाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### जिले में छोटे उद्योग खुलने से युवाओं को मिल रहा रोजगार

**औरंगाबाद।** जिले में लघु उद्योगों के विकास की कई संभावनाएं है बावजूद व्यवस्था की जटिलताओं के कारण ये छोटे उद्योग बड़े स्वरूप में विकसित नहीं हो पा रहे हैं। जिला मुख्यालय के शहरी क्षेत्र में ह्यूम पाइप, कृषि यंत्र, बर्तन निर्माण की कई इकाईयां संचालित हो रही है परंतु सरकारी स्तर से अपेक्षित बढ़ाया और सरल प्रक्रिया न मिलने के कारण इन उद्योगों का विस्तार नहीं हो पा रहा है। स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की क्षमता रखने वाले ये छोटे उद्योग यदि मजबूत हो तो बड़ी संख्या में युवाओं और मजदूरों को रोजगार मिल सकता है। साथ ही जिले में आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। वहीं शहरी क्षेत्र में ट्रैक्टर का डाला, हल, केजविल जैसे कृषि यंत्रों के निर्माण की लगभग आठ छोटी फैक्ट्रियां चल रही है। सड़क निर्माण और आहर-नहर निर्माण में उपयोग होने वाले ह्यूप पाइप की करीब 15 फैक्टियां कार्यरत हैं। सदर प्रखंड के जगदीशपुर गांव और दाउदनगर में बर्तन निर्माण की फैक्ट्री दिन रात संचालित रहती है जहां बड़ी संख्या में मजदूर लगातार कार्यरत रहते हैं। इन उद्योगों के संचालकों का कहना है कि यदि इन्हें आवश्यक संसाधन और सरकारी सहयोग मिले तो वे बड़े पैमाने पर उत्पादन कर सकते हैं और जिले को लघु उद्योगों के क्षेत्र में पहचान दिला सकते हैं। शहर के फारम के समीप कृषि यंत्र निर्माण उद्योग चलता है। बता दें सामान बिहार में बनने के बावजूद पंजाब से दूसरे राज्यों तक जाता है। इसका लाभ किसानों, मजदूरों और उद्यमियों को मिला।

# एनएच से गुजरने वाले व्यावसायिक वाहनों से नहीं होगी शुल्क वसूली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और राजस्व संग्रह को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नगर परिषद ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए चुंगी एवं पार्किंग शुल्क का नया रेट चार्ट जारी कर दिया है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा 1 अप्रैल 2026 को जारी कार्यालय आदेश (ज्ञापांक 731) के अनुसार अब नगर क्षेत्र में प्रवेश करने वाले व्यावसायिक वाहनों से निर्धारित शुल्क लिया जाएगा। हालांकि, राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) से केवल गुजरने वाले वाहनों से किसी भी परिस्थिति में शुल्क नहीं वसूला जाएगा। नगर परिषद के अनुसार जनवरी और मार्च 2026 में चुंगी एवं पार्किंग शुल्क की बंदोबस्ती के लिए खुली डाक निकाली गई थी, लेकिन किसी ठेकेदार ने भाग नहीं लिया। इसके बाद 1 अप्रैल 2026 से अगले आदेश तक विभागीय स्तर पर ही शुल्क वसूली का निर्णय लिया गया है। इस कार्य के लिए कर संग्रहकर्ता कन्हैया भगत को अधिकृत किया गया है। उनके सहयोग के लिए रंजीत कुमार (योजना सहायक), मुकेश कुमार गुप्ता (एमटीपीएस) और सुदामा कुमार सोनी (एमटीएस) की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# विश्वविद्यालय भूगोल विभाग में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर भूगोल विभाग में पृथ्वी दिवस के अवसर पर भूगोल विभाग एवं वर्ल्ड नेचुरल डेमोक्रेसी के संयुक्त तत्वावधान में एक उच्च स्तरीय, विचारोत्तेजक एवं ऐतिहासिक महत्त्व का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ "पृथ्वी ध्वज" के ध्वजारोहण से हुआ जो संपूर्ण मानव सभ्यता के लिए पृथ्वी के प्रति उत्तरदायित्व, संतुलन एवं संरक्षण का सशक्त संदेश प्रदान करता है। इस गरिमामय अवसर पर पूर्व कुलपति प्रो. सुरेन्द्र मोहन झा, विभागाध्यक्ष डॉ अनुरंजन, नालंदा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव प्रो एम नेहाल, सामाजिक विज्ञान के संकायाध्यक्ष प्रो शाहिद हसन, विश्वविद्यालय




के पीआरओ डॉ आर एन चौरसिया तथा नेचुरल डेमोक्रेसी के संस्थापक- दार्शनिक डॉ जावेद अब्दुल्लाह सहित अनेक प्रतिष्ठित शिक्षाविद्, शोधकर्ता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रो सुरेन्द्र मोहन झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान मानव विकास मॉडल ने प्रकृति के साथ गंभीर असंतुलन उत्पन्न कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि "नेचुरल डेमोक्रेसी" केवल एक विचार नहीं, बल्कि भविष्य की अनिवार्य वैचारिक दिशा है, जिसके माध्यम से प्रकृति को पुनः शासन, नीति-निर्माण एवं सामाजिक संरचना के केन्द्र में स्थापित किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ अनुरंजन द्वारा पूर्व कुलपति प्रो सुरेन्द्र मोहन झा एवं पूर्व कुलसचिव प्रो एम नेहाल को पाग एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही डब्लयूएनडी यूनिवर्सिटी (वर्ल्ड नेचुरल डेमोक्रेसी यूनिवर्सिटी) एवं यूनिवर्सिटी ऑफ फ्रीडम" परियोजना की आधिकारिक वेबसाइट का लोकार्पण भी किया गया। डॉ जावेद अब्दुल्लाह ने कहा कि मनुष्य केवल क्रियात्मक नहीं, बल्कि एक विचारात्मक (विचार-निर्माण करने वाला) प्राणी है। इसलिए प्रत्येक परिवर्तन पहले विचार में जन्म लेता है, फिर वह व्यवहार और समाज में आकार लेता है। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ रश्मि शिखा, डॉ सुनील कुमार सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ अमरजी कुमार, रिज़वान, एहब अब्दुल्लाह तथा निक्कू कुमार की सक्रिय एवं उल्लेखनीय सहभागिता रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन ए एन झा द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक डॉ मनुराज शर्मा ने प्रस्तुत किया।

# समय पर घरेलू गैस उपलब्धता को लेकर प्रशासन तत्पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7132 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6979 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धत है।



जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 24 अप्रैल तक जिला में कुल नए 203 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है। अभी तक औरंगाबाद जिला में छह व्यवसायिक संस्थानों में पीएनजी कनेक्शन लिया जा चुका है जिसमे शाश्वत रेस्टोरेंट, हर्षा किचन, सरस्वती इन, मधुपर्क, होटल स्काई व्यू प्रमुख है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 क्रियाशील है जिस पर आमजन अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से छह संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष में 24 अप्रैल को प्राप्त कुल 15 शिकायतों में से 13 का निष्पादन कर दिया गया है जबकि 02 प्रक्रियाधीन है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम हेतु सतत निगरानी की जा रही है। इस संबंध में औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा अब तक कोई वाद दर्ज नहीं किया गया है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी अथवा जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

# शादी में जहरीला पदार्थ खाने से युवक बीमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** नबीनगर में एक शादी समारोह में टेंट चलाने गए युवक जहरीला पदार्थ खाने से बीमार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुटुंबा थाना क्षेत्र के राहुल कुमार को जहरीला पदार्थ खाने से तबीयत खराब हो गया। घायल युवक के चाचा उदय मेहता ने बताया कि मेरा भतीजा नबीनगर में टेंट चलाने गया था और सूचना मिला के कोई पदार्थ खा लिया है जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। आनन फानन में हम लोग लेकर नबीनगर पहुंचे और उसे लेकर सदर अस्पताल रेफर किया गया।

**शपथ पत्र**

मैं हरि किशोर सिंह पिता श्याम बिहारी सिंह, पता- ग्राम - इमरजेंसी कॉलोनी, वार्ड नं.-14, पोस्ट-कटिहार थाना-सहायक जिला-कटिहार शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड सं० -3518-6348-4421 में नाम जिया कुमारी पिता हरि किशोर यादव अंकित है। जो नाम गलत है। मेरी पुत्री का नाम स्कूल में दीक्षीता कुमारी यादव पिता हरि किशोर सिंह एवं जन्म प्रमाण पत्र सं0 3057 में जन्म तिथि 10.01.2011 अंकित है। जो सही है। मेरी पुत्री दीक्षीता कुमारी यादव पिता हरि किशोर सिंह के नाम से जानी व पहचानी है।

शपथ पत्र सं.-16989/दि. 25.9.25

# रिफाइनरी में राष्ट्रकवि की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

## दिनकर की कृतियों को किया गया याद, कई जगहों पर आयोजित हुए कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** शुक्रवार को जिले के सिमरिया गांव में जन्मे राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की 52वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश, जिला विकास आयुक्त आकाश चौधरी, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भास्कर हजरिका, प्रबन्धक (ईएमएस, एमएस, एवं एलएंडडी) राधे श्याम प्रसाद, मुख्य प्रबंधक (ईएमएस, सीसी एवं हिन्दी) मीनाक्षी ठाकुर तथा अन्य वरिष्ठ मार्केटिंग एवं रिफाइनरी के अधिकारियों ने ज़ीरो माइल पर स्थित दिनकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। दिनकर जी भारतीय साहित्य के महान कवि एवं चिंतक रहे हैं। जिन्हें उनकी राष्ट्रवादी कविताओं के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। उनकी अमर कृतियों में कुरुक्षेत्र, रश्मिरथी, संस्कृत के चार अध्याय'' और ''उर्वशी'' शामिल हैं। साहित्य जगत में उनके योगदान के लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार, ज्ञानपीठ पुरस्कार और पद्मभूषण जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से अलंकृत किया गया।बरौनी रिफाइनरी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस अवसर पर दिनकर जी के साहित्यिक योगदान को याद किया। उनकी रचनाएँ आज भी समाज को राष्ट्रप्रेम, साहस और नैतिक मूल्यों की प्रेरणा देती हैं। राष्ट्रकवि दिनकर की विचारधारा और साहित्यिक विरासत आने वाली पीढ़ियों को सदैव मार्गदर्शन प्रदान करती रहेगी।

## बरौनी कॉलेज में मनाई गई दिनकर की पुण्यतिथि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पुण्यतिथि के अवसर पर अयोध्या प्रसाद सिंह स्मारक महाविद्यालय बरौनी में एक दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। युद्ध और शांति का प्रश्न और दिनकर साहित्य विषय पर केंद्रित इस कार्यक्रम ने साहित्य, समाज और समकालीन वैश्विक परिस्थितियों के बीच एक गहन संवाद स्थापित किया। गोष्ठी का आरंभ दिनकर जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। स्थानीय पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, गढ़हरा की कक्षा 12वीं की छात्रा शांभवी ने दिनकर की कालजयी कृति रश्मिरथी के तृतीय सर्ग का सस्वर पाठ कर उपस्थित साहित्यानुरागियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो चंद्र भानु प्रसाद सिंह ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य में दिनकर के साहित्य को केवल काव्य नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का सशक्त दस्तावेज बताया। उन्होंने कहा कि दिनकर के विचार आज भी युद्ध और शांति जैसे ज्वलंत मुद्दों पर मार्गदर्शन करते हैं तथा युवाओं को नैतिक दृष्टि प्रदान करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के भूतपूर्व प्रधानाचार्य प्रो अमरेश शांडिल्य ने तथा सह-अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ मुकेश कुमार ने की। अपने संबोधन में उन्होंने दिनकर को राष्ट्रवाद और मानवीय मूल्यों के अद्वितीय कवि के रूप में याद करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में उनके विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो उठे हैं। इस विचार गोष्ठी में प्रो. अमरेश शांडिल्य, डॉ राम रेखा, डॉ सीताराम प्रभंजन, प्रो चितरंजन प्रसाद सिंह एवं नरेंद्र कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी वक्ताओं ने दिनकर के साहित्यिक योगदान, उनके क्रांतिकारी विचारों और समाज पर उनके स्थायी प्रभाव को विभिन्न दृष्टिकोणों से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आयोजन हिंदी विभाग, एपीएसएम कॉलेज, बरौनी एवं दिनकर स्मृति न्यास, बेगूसराय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। हॉल संख्या 10 में आयोजित इस गोष्ठी में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे वातावरण में साहित्यिक ऊर्ज़ा और विचारों की गूंज स्पष्ट रूप से महसूस की गई। यह आयोजन न केवल दिनकर के विचारों को पुनर्जीवित करने में सफल रहा, बल्कि युवाओं को यह संदेश भी दिया कि साहित्य केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य का मार्गदर्शक भी है।मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ नंद किशोर पंडित ने किया।

## पंचायतीराज दिवस पर विकास संवाद का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र की सभी पंचायतों में विशेष आम सभाओं का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जहां पर ग्रामीण विकास, पारदर्शिता और जनभागीदारी को लेकर व्यापक चर्चा हुई। इन आमसभाओं में जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद स्थापित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। नावकोठी पंचायत में मुखिया राष्ट्रपति कुमार की अध्यक्षता में आयोजित आमसभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रही। इसी प्रकार प्रखंड के शेष पंचायत में से हसनपुर बागर में मुखिया विजय पासवान, रजाकपुर में मुखिया श्वेता भारती, पहसारा पूर्वी में मुखिया दिनेश यादव, पहसारा पश्चिम में मुखिया निभा देवी, विष्णुपुर में मुखिया प्रभा देवी तथा डफरपुर में मुखिया सुनैना देवी की अध्यक्षता में आमसभाएं आयोजित की गईं। अन्य पंचायतों में भी इसी तरह के कार्यक्रम संपन्न हुए। जहां स्थानीय मुद्दों और विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। आमसभाओं में पंचायत सचिवों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (वृद्धा पेंशन), उज्ज्वला योजना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली सहित कई योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उपस्थित ग्रामीणों को बताया गया कि इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवश्यक दस्तावेज, आवेदन प्रक्रिया और पात्रता मानदंड क्या हैं।इस दौरान ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं और सुझाव सामने रखे, जिन पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। कई पंचायतों में विकास कार्यों की समीक्षा भी की गई तथा आगामी योजनाओं की रूपरेखा पर चर्चा हुई।कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य, जीविका दीदी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कुल मिलाकर पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित ये आम सभाएं गांवों में विकास की नई दिशा तय करने और लोगों को सशक्त बनाने की दिशा में सही साबित होगी।

## जल संरक्षण की महत्ता पर लोगों को किया गया जागरुक

**नवादा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पंचायती राज दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सरपंच प्रवेश रविदास की अध्यक्षता में नारदीगंज में आंगनबाड़ी केंद्र और नारदीगंज बाजार में ग्राम सभा हुई। सरपंच ने जल संरक्षण की महत्ता पर लोगों को जागरुक किया। उन्होंने कहा आप लोग जल संरक्षण का संकल्प लीजिए। घर पर सोखता बना लीजिए। वर्षा के हर बूंद को धरती में समाए। ताकि भूजल पानी का स्तर गांव में बरकरार रहे। जल संचय में जन भागीदारी हो, तभी पानी को बचाया जा सकता है। नदी, पोखर, ताल, तलैया, कुआं सभी दम तोड़ दिया है। सूखे पड़े हैं। सरपंच ने कहा आप सभी अपने घरों में सोखता अवश्य निर्माण करें।

## सिर्फ हुंकार नहीं, चिंतन की धरोहर हैं राष्ट्रकवि दिनकर : प्रो. कनुप्रिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मुजफ्फरपुर।** राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को लंगट सिंह कॉलेज में उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। महाविद्यालय स्थित दिनकर पार्क में आयोजित माल्यार्पण कार्यक्रम में शिक्षकों और बुद्धिजीवियों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर सभी ने याद किया कि दिनकर जी केवल राष्ट्रकवि ही नहीं, बल्कि इसी महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास का अभिन्न हिस्सा भी रहे हैं। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या प्रो. कनुप्रिया ने दिनकर के साहित्य और व्यक्तित्व पर गहरा विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, अक्सर जब दिनकर का नाम आता है, तो हमारे कानों में कुरुक्षेत्र का गर्जन या रश्मिरथी का ओज गूंजने लगता है। लेकिन दिनकर जी को केवल आग का कवि कहना उनके विराट व्यक्तित्व के साथ न्याय नहीं होगा। दिनकर जितने समर्थ हुंकार भरने में थे, उतने ही गहरे वे चिंतन करने में भी थे। प्रो. कनुप्रिया ने उनके वैचारिक संघर्ष पर जोर देते हुए कहा, दिनकर की सबसे बड़ी विशेषता उनका 'आंतरिक द्वंद्व' था। राष्ट्रकवि व्यवस्था के भीतर रहकर भी व्यवस्था को आईना दिखाने का साहस रखते थे। लंगट सिंह कॉलेज से उनके लगाव पर चर्चा करते हुए कनुप्रिया ने कहा, दिनकर जी केवल एक कवि नहीं, बल्कि युगदृष्टा थे। उन्होंने इसी परिसर में शिक्षक रहते हुए समाज को जगाने वाली कालजयी रचनाएं लिखीं। सच तो यह है कि लंगट सिंह कॉलेज का कण-कण उनकी स्मृतियों से ओतप्रोत है।

हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव झा ने कहा कि इसी महाविद्यालय के हिंदी विभाग से शुरू हुआ उनका सफर उन्हें राष्ट्रकवि के शिखर तक ले गया। मौके पर प्रो. एसआर चतुर्वेदी, डॉ ऋतुराज कुमार, डॉ अर्धेंदु, डॉ वेदप्रकाश दुबे, डॉ राजीव कुमार, डॉ शशिकांत पाण्डेय, डॉ स्वीटी सुप्रिया, डॉ आनंद कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## नोडल पदाधिकारी ने जनगणना प्रशिक्षण केंद्र का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठ।** गृह जनगणना के क्रियान्वयन हेतु शुक्रवार को एपीएस प्लस टू विद्यालय नावकोठी के सभागार में प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना हेतु प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। जिला नोडल अधिकारी डा. अमर ज्योति कुमार ने प्रशिक्षण का जायजा लिया। साथ ही प्रशिक्षुओं से जनगणना से संबंधित सवाल जवाब भी किये। प्रशिक्षुओं द्वारा उनके सवालों का जवाब सहजता पूर्वक दिये गये। श्री कुमार ने जनगणना से संबंधित क्षेत्र में आने वाली कठिनाइयों से बचने के लिए संक्षिप्त में परिसर, भवन, मकान, परिवार एवं परिवार द्वारा धारित सम्पत्तियों से संबंधित सही डेटा संग्रह के सहज उपाय बताए । सभी प्रशिक्षुओं को एक-एक दिन का पुनः विशेष प्रशिक्षण दिये जायेंगे। प्रशिक्षण के प्रथम दिन डिजीटल डेटा ऐन्ट्री, प्रगणकों को मोबाइल ऐप और पोर्टल के माध्यम से रियल टाईम ऐंट्री करने का व्यव्हारिक प्रशिक्षण दिया गया। एचएलओ ऐप से वास्तविक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित कार्य 2 मई से 31 मई तक होना है । इससे सहजता पूर्वक निपटने के लिए फील्ड ट्रेनर कुमुद रंजन, विकास कुमार ,अभय कुमार एवं संदीप कुमार के द्वारा प्रशिक्षण में डेटा संग्रह के तौर तरीके बताए गये।

## डिजिटल युग में बच्चों ने समझी लोकतंत्र की ताकत

### बच्चों की कल्पना शक्ति बढ़ाती हैं किताबें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में वर्ल्ड बुक डे एवं कॉपीराइट डे और राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को ज्ञान और जागरूकता का अच्छा संदेश दिया गया। वर्ल्ड बुक डे के अवसर पर प्रातःकालीन सभा में शिक्षकों ने एक सुंदर नाटक प्रस्तुत किया जिसमें किताबों का महत्व बहुत ही आसान और रोचक तरीके से समझाया गया। बच्चों ने इसे बड़े ध्यान और उत्साह से देखा और सीखा। विद्यालय की प्राचार्या डॉ शीतल ने अपने संबोधन में कहा कि आज के डिजिटल युग में भी किताबों का महत्व कम नहीं हुआ है। किताबें बच्चों की सोच, समझ और कल्पना शक्ति को बढ़ाती हैं। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार को याद दिलाते हुए कहा मन का विकास ही जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य है।उन्होंने बेगलेस डे का भी जिक्र करते हुए बताया कि यह एक अच्छी पहल है।लेकिन पढ़ाई में किताबों की भूमिका हमेशा जरूरी रहेगी।

विद्यालय के निदेशक डॉ मनीष देवा ने कहा कि तकनीक से पढ़ाई आसान हुई है।लेकिन किताबों से मिलने वाला ज्ञान ज्यादा गहरा होता है। उन्होंने बच्चों को रोज पढ़ने की आदत बनाने के लिए प्रेरित किया।इसी तरह राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने एक नाटक प्रस्तुत किया। जिसमें गाँव की पंचायत कैसे काम करती है, यह दिखाया गया। बच्चों ने बहुत अच्छे तरीके से बताया कि कैसे पंचायत लोगों की समस्याएँ सुनकर उनका समाधान करती है। बच्चों ने इस विषय पर भाषण भी दिए, जिससे सभी को नई जानकारी मिली। कक्षाओं में भी शिक्षकों ने पंचायत के बारे में विस्तार से समझाया।

अंत में प्राचार्या डॉ. शीतल ने कहा कि पंचायती राज हमारे लोकतंत्र की नींव है और हमें मिलकर काम करना सिखाता है। निदेशक डॉ मनीष देवा ने कहा कि ह्लपंचायती राज लोगों को मजबूत बनाता है और सही विकास की राह दिखाता है।

## महिला आरक्षण को लेकर माले का प्रतिरोध मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखण्ड में महिला आरक्षण विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर भाकपा माले एवं ऐपवा के बैनर तले शुक्रवार को नावकोठी में प्रतिरोध मार्च निकाला गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता कॉमरेड नवल किशोर ने कहा कि वर्ष 2023 में महिला आरक्षण विधेयक संसद से ध्वनिमत से पारित हो चुका है।इसके बावजूद केंद्र की मोदी सरकार अब तक इसे लागू नहीं कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा आरक्षण के मुद्दे पर झूठा प्रचार कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। लेकिन अब जनता उनके मंसूबों को समझ चुकी है।उन्होंने मांग की कि महिला आरक्षण को बिना देरी के लागू किया जाए और इसमें दलित एवं पिछड़े वर्ग की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, साथ ही उन्होंने परिसीमन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं राष्ट्रीय सहमति के आधार पर कराने तथा जातीय जनगणना की रिपोर्ट जल्द प्रकाशित करने की भी मांग उठाई। कॉमरेड नवल किशोर ने बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इन कारणों से देश में उद्योग-धंधे प्रभावित हो रहे हैं और मजदूरों की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। उन्होंने मजदूरों के समर्थन में न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने तथा कार्य के घंटे 8 निर्धारित करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान मजदूर आंदोलनों पर कथित पुलिस लाठीचार्ज और गिरफ्तारी की घटनाओं की निंदा करते हुए इसे सरकार की दमनात्मक कार्रवाई बताया गया।

## सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत 35 लोगों की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** सात निश्चय 3 से बढ़ेगा अपना बिहार के कार्यक्रम अंतर्गत सबका सम्मान- जीवन आसान के तहत आज अपर समाहर्ता (राजस्व) दिनेश राम ने करीब 35 लोगों के आवेदनों पर सुनवाई की। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में अपर समाहर्ता दिनेश राम के द्वारा लंबित पेंशन और जमीन विवाद से संबंधित 35 मामलों की सुनवाई करते हुए पीड़ित परिवारों को लाभ पहुंचाने का काम किया गया। इसके साथ ही सभी जिला स्तरीय, प्रखंड स्तरीय, अंचल एवं थानों में एवं अन्य सभी अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यालय में सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत अपने विभाग से संबंधित विषय पर आम जनों के शिकायतों की सुनवाई की। इस अवसर पर आम जनों के शिकायतों का पंजीकरण किया गया तथा उन्हें प्राप्ति रसीद दी गई। उनके बैठने की व्यवस्था के साथ शुद्ध पेयजल तथा शौचालय की सुविधा भी सभी कार्यालय के समीप उपलब्ध कराई गई।

## भागलपुर में सेल्फी लेने के दौरान गंगा नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत, एक लापता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले के नवगछिया अनुमंडल अंतर्गत रंगरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां गंगा नदी में स्नान करने और सेल्फी लेने के दौरान तीन बच्चे गहरे पानी में समा गए। इस हादसे में एक बालक और एक बालिका की डूबने से मौत हो गई। जबकि एक अन्य बच्ची अभी भी लापता है। इस हृदयविदारक घटना के बाद मुंडन की खुशियां मातम में बदल गयी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार, मधेपुरा जिले के चौसा और भटगांमा क्षेत्र के रहने वाले कुछ परिवार एक 'मुंडन' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नवगछिया के तीन टंगा झल्लू दास टोला आए थे। इस कार्यक्रम के दौरान तीनों बच्चे नहाने के लिए गंगा नदी में उतरे थे। नहाते समय बच्चे मोबाइल से सेल्फी लेने लगे। तभी अचानक पैर फिसलने के कारण तीनों बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। इस बीच

स्थानीय गोताखोरों की मदद से दो बच्चों के शवों को बाहर निकाल लिया गया है। वहीं एक बच्चा अभी भी लापता हैं। मृतकों की पहचान गौरव कुमार (10 वर्ष), निवासी चौसा, मधेपुरा, साक्षी कुमारी (12 वर्ष), भटगांमा, मधेपुरा निवासी हादसे में तीसरी बच्ची, जिसका नाम मोनी कुमारी बताया जा रहा है। गोताखोरों की टीम देर शाम तक उसकी तलाश में जुटी रही। इधर घटना की सूचना मिलते ही रंगरा थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों बच्चों के शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## आयुर्वेदिक कॉलेज में सैकड़ों बच्चों को दिया गया स्वर्ण प्राशन

### आयुर्वेदिक कॉलेज में सैकड़ो बच्चों को दी गई स्वर्ण प्राशन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** लोहियानगर स्थित राजकीय अयोध्या शिव कुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय में शुक्रवार को स्वर्णप्राशन अभियान के तहत 200 बच्चों को स्वर्ण प्राशन के दवा की खुराक पिलाई गई। अभियान का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य डॉक्टर श्रीनिवास त्रिपाठी ने सभी अभिभावकों से अपील किया कि वह अपने छोटे बच्चों को मोबाइल की लत से बचाने का काम करें। जिले में ऑटिज्म के रोगी बहुत तेजी से उभर रहे हैं उसका मूल कारण यह है कि अभिभावक बच्चों को छुटपन से ही मोबाइल की लत लगाते रहते हैं, और जब पढ़ाई या अन्य कारणों से जब मोबाइल उनके सामने हटाया जाता है तो बच्चे ऑटिज्म के रोगी की तरह व्यवहार करतने लगते हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्णप्राशन आयुर्वेद कॉलेज का एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। जिससे बेगूसराय के बच्चों को स्वस्थ, सफल एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाया जाता है स्वर्णप्राशन अभियान के प्रभारी उपाधीक्षक डॉक्टर दिलीप कुमार वर्मा ने संपूर्ण स्वर्णप्राशन अभियान का संयोजन किया। इस अवसर पर बाल रोग प्रभारी डॉक्टर ओमप्रकाश द्विवेदी, डॉक्टर मनीष कुमार आलोक, डॉक्टर उर्वशी सिन्हा, मो जहीर आलमपंकज कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिन्हा, संजू कुमारी, रंजना कुमारी संगीता कुमारी, डाली सिन्हा, नीलू कुमारी आदि के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हो सका।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सम्राट ने जीता...

लोगों की सरकार ने तय किया है कि एक्सीडेंट होने पर इंश्योरेंस के चार लाख और सरकार की तरफ से भी 4 लाख की राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ऐलान किया है कि राज्य के हर प्रखंड में एक डिग्री कॉलेज खोला जाएगा। 11 टाउनशीप बनाया जा रहा है, जिनके नाम ऐतिहासिक और सांस्कृतिक तौर पर किए गए हैं। सभी जिले में एयरपोर्ट बनाया जाएगा और जहां एयरपोर्ट नहीं बनेगा वहां हेलीपॉड बनाया जाएगा।

### आभूषण दुकान लूटकर ...

दौरान भीड़ ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए एक अपराधी को पकड़ लिया। पकड़े गए अपराधी की ग्रामीणों ने जमकर धुनाई कर दी जिसे बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया। हालांकि अन्य अपराधी भागने में सफल रहे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंच गया है। पुलिस उग्र ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास कर रही है। पकड़े गए अपराधी से पूछताछ के आधार पर अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। बाजार में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## 2023 में पारित महिला आरक्षण को लागू करने से भाग रही है, मोदी सरकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा।** महिला आरक्षण पर झूठा प्रचार बंद करो, 2023 मे पारित महिला आरक्षण को तुरंत लागु करो, ओबीसी, एससी, एसटी महिलाओं को सीट तय करो जैसे मांगो को लेकर भाकपा माले, एवं अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) के राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस के अवसर पर सदर प्रखंड से मार्च निकालकर भगत सिंह चौक पर पहुंचकर सरकार विरोधी जमकर नरेवाजी की जो क्रमशः महिला विरोधी बीजेपी मुर्दावाद, ओबीसी एस सी एस टी महिलाओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, 2023 मे पारित महिला आरक्षण को तुरंत लागु करो, महिला आरक्षण पर झूठा प्रचार बंद करो आदि। तत्पश्चात सभा को सम्बोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव कामरेड भोला राम ने कहा 20-21 सितम्बर को लोकसभा और राज्य सभा से पारित हो चुके बिल 106 वे सविधान संसोधन के रूप मे आज भी प्रभावी है, और इसे लागु करने से सरकार को कोई नहीं रोका है. इससे पहले कभी भी आरक्षण का कोई प्रावधान, चाहे वह राजनितिक आरक्षण हो आ अन्य क्षेत्रो मे अनुसूचित जाती/ अनुसूचित जन जातियो के लिए आरक्षण का क्षेत्र हो, पंचायतों, नगर निकयों मे महिला आरक्षण ही क्यों नहीं हो, कभी भी इस शर्त पर नहीं लगाया गया की संसद विधान सभा या नगर पालिकायों मे सीटों की कुल सदस्य संख्या को पहले इजाफा किया जाय या फिर शिक्षा या रोजगार के उपलब्ध सीटों या स्थानों की संख्या बढ़ाई जाय, दरअसल मौजूदा सीटों पर आरक्षण देने की बजाय यह सोचा की महिलाओ को एक तिहाई आरक्षण केवल नई सीटे बनाकर दिया जा सकता है, महिला आरक्षण की बुनियादी भावना और इसके मकसद का मखौल उड़ाना है, जो विधेयक सदन मे गिरकर वापस लिए जा चुकी है, उन्होंने साफ कर दिया की महिला आरक्षण को महज बहाने के तौर पर इस्तमाल किया जा रहा था, ताकि मनमाने तरीके से परिसिमन की खतरनाक साजिश को अंजाम दिया जा सके. विपक्ष ने पुरे घटना को संविधन पर हमला देख एकजुटता का परिचय दिया, और संविधान को भजपाई साजिश से बचा लिया. जरुरत है दलित पिछडो को अपने अधिकार के लिए प्रतिवाद मे शामिल होकर ही हासिल किया जा सकता है। ऐपवा जिला सचिव एवं जिला अध्यक्ष क्रमशः सावित्री देवी सुदामा देवी ने संयुक्र रूप से कहा भाजपा महिलाओ को अपमानित करने का लम्बा फ़ेहरिस्त है, बलात्कारियो से भरा पड़ा है, वह पार्टी द्वारा महिलाओ को सम्मान कि बात तो सोच भी नहीं सकते, क्योंकि बंगाल आदि राज्यों मे विधान सभा चुनाव के महिला आरक्षण पर बहस महिलाओं को दिग्भ्रमित करने के शिवाय कुछ भी नहीं है, महिलाओ को अपने अधिकार के लिए खुद सड़को पर उतरना होगा, तभी भाजपा के मर्दवादी नेता को सबक सिखाया जा सकता है। कार्यक्रम मे माले नेता कामरेड अनुज प्रसाद, राजो चौधरी, महावीर राम, जगदेव मांझी, संजू देवी, लालपड़ी देवी, सोना देवी समेत बड़ी संख्या मे महिला पुरुष शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### महानंदा नदी में डूबे 5 वर्षीय बालक का शव बरामद

**अमदाबाद/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के लखनपुर ग्राम पंचायत में दोपहर करीब डेढ़ बजे झुमरा टोली के पास महानंदा नदी में स्नान के दौरान एक 5 वर्षीय बालक लापता हो गया था। दुसरे सुबह लगभग आठ बजे घटनास्थल से लगभग सात सौ मीटर दूर जमाई पाड़ के समीप बालक का शव बरामद किया गया।जानकारी के अनुसार, लखनपुर पंचायत वार्ड संख्या 10 निवासी मोहम्मद शफीक का पुत्र आरिफ अपनी मां के साथ स्नान करने घाट किनारे नदी पर गया था।आरिफ की मां नदी में स्नान करने के बाद उसे किनारे बैठ कर स्वयं नदी में स्नान करने चली गई थी। इसी दौरान बालक दोबारा नदी में उतर गया। गहरे पानी में जाने से लापता हो गया। मां के शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और देर शाम तक खोजबीन जारी रही। लेकिन कुछ पता नही चल सका था।अगले दिन ग्रामीणों ने पुनः खोजबीन शुरू की और जमाई पाड़ के पास बालक का शव बरामद हुआ। बालक के शव मिलते ही बड़ी संख्या में लोग घाट किनारे जुट गए और परिवार में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर था। ग्रामीणों व परिजनों ने बताया कि घटना के कई घंटे बीतने के बाद भी एसडीआरएफ की टीम मौके पर नहीं पहुंची, जिससे लोगों में नाराजगी देखी गई। वहीं, परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।इस दुखद घटना पर पंचायत की मुखिया श्वेता राय ने गहरा शोक व्यक्त किया है, साथ ही उन्हें जिला पदाधिकारी से अमदाबाद प्रखंड में स्थायी एसडीआरएफ टीम की तैनाती की मांग की है।

### बांका चौक के पास शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**फरारी/कटिहार (नबिटासं)।** बरारी थाना क्षेत्र के बरेटा पंचायत स्थित बांका चौक के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह स्थानीय लोगों की नजर सड़क किनारे पड़े शव पर पड़ी। जिसके बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही बरारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। लेकिन खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार ने बताया कि लगभग 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है।

### 305 लीटर देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**आलमारी/कटिहार (नबिटासं)।** बलिया बेलौन पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा कसा है। पुलिस ने पीपल गाछी शेखपुरा इलाके में छापेमारी कर 305 लीटर देशी शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और तस्करी को लेकर लगातार निगरानी रखी जा रही थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस टीम ने पीपल गाछी शेखपुरा में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान मौके से भारी मात्रा में देसी शराब बरामद की गई। जिसे जब्त कर लिया गया।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार शेखर राय, मेघु शर्मो दोनों ग्राम शेखपुरा थाना बलिया बेलौन का निवासी है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस तरह के अवैध कार्यों में शामिल लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि यदि कहीं अवैध शराब के निर्माण या बिक्री की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था मजबूत होगी और अवैध गतिविधियों पर रोक लगेगी।

### शराबी पति ने पत्नी को बेरहमी से पीटा

**फलका/कटिहार (नबिटासं)।** शराब के नशे में धुत होकर पत्नी को मारपीट करने एवं वाहन को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में एक महिला ने फलका थाना में आवेदन देकर अपने दामाद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई है। पीड़िता बबिता देवी मेहंदी वार्ड संख्या-छह थाना- टीकापट्टी, जिला पूर्णिया निवासी ने दर्ज प्राथमिकी में जिक्र किया है कि मैं अपनी पुत्री सोनी कुमारी का विवाह चार वर्ष पूर्व हिंदू रीति रिवाज से मनीष कुमार बरेटा दाहा टोला के साथ करवाई थी।मनीष कुमार अपनी सौतेली मां लक्ष्मी देवी के द्वारा बहकावे में आकर दारू पीकर अपनी पत्नी सोनी कुमारी को बुरी तरीके से मारपीट करता है। जबकि सोनी कुमारी को गोद में छोटा बच्चा है।उसे छीनकर मेरी बेटी के साथ मारपीट करते हुए उनका सर फोड़ दिया। जिसका उपचार फलका अस्पताल में चल रहा है।पीड़ित ने आगे जिक्र किया है कि वे अपनी बाइक मनीष कुमार को चलाने दी थी।आरोपी द्वारा उसे भी तोड़फोड़ दिया और गाड़ी की कागजात जला कर क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाई है। मामले में फलका थानाध्यक्ष प्रह्लाद यादव ने बताया कि पीड़िता के मां के आवेदन पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### नागर नदी किनारे अवैध शराब निर्माण सामग्री की गई ध्वस्त, 70 लीटर शराब जब्त

**समेली/कटिहार (नबिटासं)।** पोठिया थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए टीकापट्टी स्थित नागर नदी किनारे संचालित देसी शराब निर्माण स्थल की सभी सामग्री को किया ध्वस्त किया । गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष नवीन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर पूरी सामग्री को ध्वस्त कर दिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने देसी चुलाई शराब बनाने में प्रयुक्त करीब 250 लीटर कच्चा माल मौके पर ही नष्ट कर दिया। साथ ही निर्माण में इस्तेमाल किए जा रहे उपकरणों को भी तोड़ दिया गया। टीम ने 70 लीटर तैयार देसी शराब बरामद कर जब्त कर लिया। इसी अभियान के क्रम में पुलिस ने पोठिया दुर्गा स्थान मंदिर के पास एक विधि-विरुद्ध बालक को 10 लीटर देसी शराब और एक मोटरसाइकिल के साथ पकड़ लिया। बरामद शराब और वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### एसएच 77 पर टोटो से 13.5 किलो गांजा बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**कुरसेला/कटिहार (नबिटासं)।** कुरसेला पुलिस ने शुक्रवार को एसएच 77 पर पुराना हवाई अड्डा के समीप एक टोटो से 13.5 किलो गांजा बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान नवगछिया पुलिस जिला के खरीक थाना क्षेत्र के हरियो निवासी नीतीश कुमार के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नवाबगंज से एसएच 77 के रास्ते गांजा की खेप लेकर एक तस्कर नवगछिया जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने पुराना हवाई अड्डा के पास वाहनों की सघन जांच शुरू की। जांच के दौरान नवाबगंज की ओर से आ रही एक संदिग्ध टोटो को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में टोटो से 13.5 किलो गांजा बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने मौके पर ही टोटो को जब्त कर आरोपी तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मॉक ड्रील के माध्यम से दिया गया अग्नि सुरक्षा का प्रशिक्षण

**डंडखोरा/कटिहार (नबिटासं)।** अग्निशमन दस्ता के पदाधिकारियों एवं कर्मियों का एक दल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डंडखोरा पहुंचकर वहाँ स्थापित अग्निशामक यंत्र एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों का जांच किया।इस दौरान उनके द्वारा फायर ऑडिट भी किया गया।उसके बाद दल के द्वारा अस्पताल में कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारी,स्वास्थ्य कर्मियों तथा सुरक्षा गार्ड को मॉक ड्रिल के माध्यम से आग से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर डा.आर.पी.मंडल, डा. अमित कुमार,स्वास्थ्य प्रबंधक भवेश रंजन,प्रधान सहायक विनय कुमार, बीएमएंडई अजीत कुमार, शंभू शंकर झा, राजू कुमार, दीपक कुमार सहित सीएचओ, एएनएम एवं कई रोगी भी उपस्थित रहे।

# डीएम ने बाबा गोरखनाथ धाम का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सालमारी (कटिहार) ।** जिला पदाधिकारी आषुतोष द्विवेदी देर शाम में प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर पहुंचकर पर्यटन विभाग द्वारा करायें जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं निर्धारित समय-सीमा की विस्तार से समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने मंदिर परिसर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को बारीकी से देखे और संबंधित अधिकारियों से कार्य की स्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, डिजाइन और कार्य की गति पर विशेष ध्यान दिये। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से समझौता न किया जायेगा। निरीक्षण के बाद जिला पदाधिकारी ने निर्माण एजेंसी एवं बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर समिति के सदस्यों को आवश्यक निर्देश दिये। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी कार्य तय समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किया जाये। ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि बाबा गोरखनाथ धाम जिले का एक प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल है। जहां दूर-दराज से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। इसे विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में पर्यटन विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि विकास कार्यों में तेजी लाई जाये और समय पर सभी योजनाओं को पूर्ण किया जाये। ताकि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने विधिवत पुजा अर्चना किये। एवं क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि की कामना किये। इस मौके एडीएम डॉ. विनोद कुमार,एसडीएम राजु कुमार, प्रखंड के पदाधिकारी,मंदिर सचिव पिन्टु यादव सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे ।

# पूर्व मंत्री के परिजनों से मिले सांसद तारिक अनवर

## बोले - उनका निधन क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ग्रामीण।** जिले के बरारी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व मंत्री मंसूर आलम के निधन के बाद उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का सिलसिला लगातार जारी है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकताओं और समर्थकों का उनके घर पहुंचना लगातार जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को कटिहार सांसद तारीक अनवर अपने समर्थकों के साथ पूर्व मंत्री के आवास पहुंचे।



इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और दिवंगत नेता के निधन पर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। सांसद तारिक अनवर ने कहा कि पूर्व मंत्री मंसूर आलम का निधन न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे कटिहार और बरारी क्षेत्र के लिए बड़ी क्षति है। उन्होंने कहा कि मंसूर आलम एक लोकप्रिय, सरल स्वभाव और जनसेवा के लिए समर्पित नेता थे, जिन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा आम लोगों की आवाज उठाई। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र के विकास और सामाजिक सौहार्द के लिए उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके निधन से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में जो रिक्तता आई है, उसकी भरपाई आसान नहीं होगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में समर्थक और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे, जिन्होंने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरे इलाके में उनके निधन को लेकर शोक का माहौल बना हुआ है। मौके पर कटिहार कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, दिलीप विश्वास, शहनवाज खान, जहांगीर आलम, मंजूर मुखिया, तनवीर मुखिया, पूर्व प्रमुख मंजूर आलम, मोहम्मद हकीम, आलमगीर, मस्कूर आलम, तरंजूम दीवान, मूसा मास्टर सहित कई कांग्रेस नेता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# तीन नर्सिंग होम की जांच, खामियां उजागर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)।** प्राणपुर प्रखंड अंतर्गत लाभा एवं बभनी चौक के समीप संचालित तीन नर्सिंग होम को प्रशासनिक टीम ने निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई गंभीर खामियां पाई गईं। जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा हो गया हैं। निरीक्षण के दौरान जब आवश्यक कागजातों की मांग की गई तो नर्सिंग होम के स्टाफ ने बताया कि संबंधित डॉक्टर पश्चिम बंगाल गए हुए हैं और चुनाव में वोट डालने के कारण अनुपस्थित हैं।




वे अगले दिन लौटेंगे। इस पर टीम ने कड़ी नाराजगी जताई। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीषा कुमारी ने निर्देश दिया कि सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ एक दिन के भीतर कार्यालय में उपस्थित हों। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कागजात सही और पूर्ण नहीं पाए गए तो संबंधित नर्सिंग होम को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ ने कहा कि यह जांच विभागीय आदेश के तहत की गई है और जो भी तथ्य सामने आएंगे उसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य नर्सिंग होम संचालकों में भी हड़कंप मच गया है।

# एक ही दिन मां और बेटे की मृत्यु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के रामनगर बलुआ में शिवजी यादव ( 58) विगत कई माह से बीमार चल रहे थे। इसको लेकर उनकी मां जलेश्वरी देवी चिंतित एवं शोक में थी। इसी दौरान शुक्रवार की सुबह जलेश्वरी देवी की अचानक मृत्यु हो जाती हैं। जबकि चंद घंटे के बाद उनके बेटे के भी मृत्यु हो जाती हैं। उक्त घटना को लेकर जहां परिवार के लोग में शोक की लहर दौड़ पड़ा। वहीं स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ पूरा गांव शोक में डूबा हुआ हैं। बता दें कि मृतक जलेश्वरी देवी के एक ही पुत्र शिवजी यादव था वह कुछ दिन से बीमार चल रहे थे इसी चिंता में उनकी मां ने बेटा के गुजरने से पहले मौत को गले लगा लिया।

# सामान्य मासिक बैठक बहिष्कार मामले में एक पार्षद का हस्ताक्षर फर्जी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ग्रामीण ।** जिले के मनिहारी नगर पंचायत के सभागार में होने वाले सामान्य मासिक बैठक के बहिष्कार को लेकर ईमेल के जरिये दो पार्षदों के मेल से दिए गए कार्यपालक को आवेदन की जांच करने पर एक पार्षद का हस्ताक्षर जांच के बाद फर्जी पाया गया।



इस संबंध में कार्यशाला पदाधिकारी अरविंद कुमार पासवान ने पत्रकारों को बताया कि आज की सामान्य मासिक बैठक को लेकर मेल द्वारा दो पार्षदों द्वारा आवेदन भेजा गया था। जिसमें आठ पार्षदों का हस्ताक्षर था और जब उसकी जांच हस्ताक्षर से की गई तो वार्ड पार्षद तीन के पार्षद की हस्ताक्षर दस्तावेज में किए गए हस्ताक्षर से मेल नहीं खाया। इसके बाद उक्त आवेदक को सामान्य घोषित करते हुए बैठक की कार्रवाई संपन्न की गई। आज की बैठक में मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद सहित कुल 10 सदस्य शामिल रहे।

# कटिहार मंडल में पीसीसीएम नीरज सहाय ने किया सघन निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के मुख्य वाणिज्य प्रबंधक पीसीसीएम नीरज सहाय ने गुरुवार को कटिहार रेल मंडल अंतर्गत कटिहार जोगबनी रेलखंड का निरीक्षण किया। जिस दौरान पीसीसीएम श्री सहाय ने रानीपतरा, जलालगढ़ एवं बथनाहा स्टेशनों का व्यापक निरीक्षण कर रेल प्रशासन की कार्यप्रणाली और यात्रियों की सुविधा का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार अपने निरीक्षण के दौरान पीसीसीएम श्री सहाय ने संबंधित स्टेशनों के गुड्स शेड एवं सकुर्लेटिंग एरिया का बारीकी से अवलोकन किया।

इस क्रम में स्टेशन परिसर में उपलब्ध बुनियादी ढांचे, यात्री



सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था तथा परिचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन आकलन किया गया। पीसीसीएम श्री सहाय ने वाणिज्य अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि यात्रियों को बेहतर एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके अलावा रेल राजस्व के इजाफा को लेकर माल ढुलाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, तेज एवं प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने गुड्स हैंडलिंग सिस्टम को व्यवस्थित एवं सुचारु बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक मुख्यालय सुमित कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित वाणिज्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे। पीसीसीएम श्री सहाय काफी सक्रिय और अनुभवी रेल अधिकारी के रूप में जाने जाते है। जिनके कुशलमार्गदर्शन में बीते वर्ष वाणिज्य विभाग ने जोनल लेबल पर ऐतिहासिक रिकॉर्ड कायम करने में सफलता हासिल किया है।

# विभागों को समन्वय से करे कार्य : प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय कटिहार के कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक नीरज सहाय के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण रिव्यू मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में रेलवे से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान रेलवे कार्यों की गुणवत्ता में सुधार, रेल राजस्व में बढ़ोतरी, यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं का विकास, सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण जैसे मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।



प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक नीरज सहाय ने अपने संबोधन में विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि रेलवे के सभी विभागों को समन्वय के साथ टीम वर्क के रूप में कार्य करना चाहिए। जिससे रेलवे के समग्र विकास को गति मिल सके और यात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कटिहार किरेद्र नरह, अपर मंडल रेल प्रबंधक शमनोज कुमार सिंह,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल अभियंता निर्माण प्रभात रंजन तथा वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह सहित मंडल के सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का समापन सकारात्मक दिशा-निर्देशों एवं भविष्य की कार्ययोजना के साथ किया गया।

# राजमिस्त्रियों को भूकंपरोधी भवन निर्माण प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** बिहार सरकार एवं बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बीएसडीएमए के तत्वाधान में प्रखंड मुख्यालय के कोढ़ा के सभागार भवन में भूकंपरोधी भवन निर्माण हेतु 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस मौके पर कार्यक्रम का उद्घाटन अंचलाधिकारी संजीव कुमार, प्रभोदिता सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रशिक्षक ओम प्रकाश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विशेष प्रशिक्षण की शुरूआत की गई।

मौके पर अंचलाधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि प्रखंड के विभिन्न पंचायत से चयनित 30 राजमिस्त्रियों




को इस प्रशिक्षण में शामिल किया गया हैं। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर राजमिस्त्रियों को भूकंपरोधी भवन निर्माण की आधुनिक तकनीकों द्वारा दक्ष बनाना हैं,ताकि गांवों में सुरक्षित,टिकाऊ और आपदा - रोधी भवन का निर्माण संभव हो सके। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक दोनों प्रकार के प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा हैं। इसमें सही निर्माण सामग्री के चयन,निर्माण मानकों के मजबूती तथा भूकंपरोधी भवन निर्माण के अन्त विधियों पर विशेष बल दिया जा रहा हैं। मौके पर प्रशिक्षक ओमप्रकाश कुमार ने बताया कि 20 अप्रैल को शुरू हुए प्रशिक्षण 29 अप्रैल पूर्ण होने के उपरांत सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं भवन निर्माण की उपकरण सामग्री प्रदान की जाएगी, साथ ही डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से सात हजार की प्रोत्साहन राशि के रूप में उनके बचत खाते में भेजी जाएगी। इस अवसर पर अंचलाधिकारी संजीव कुमार, प्रशिक्षक ओमप्रकाश कुमार आदि उपस्थित रहे ।

# बिजली संकट और विकास कार्यों में गड़बड़ी पर भड़के सांसद पप्पू यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र में विकास कार्यों में अनियमितता और मूलभूत सुविधाओं की बदहाल स्थिति को लेकर सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने गंभीर चिंता जताई है। पटना जाने के दौरान काढ़ागोला रेलवे स्टेशन पहुंचकर उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात की और क्षेत्रीय समस्याओं पर खुलकर अपनी बात रखी।ग्रामीणों ने सांसद को बिजली की गंभीर समस्या से अवगत कराया। इस पर पप्पू यादव ने मौके से ही बिजली विभाग के मंत्री और चीफ इंजीनियर से मोबाइल पर बात की।



उन्होंने जले हुए केबल को तत्काल बदलने तथा कालिकापुर फीडर को अलग कर जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने का निर्देश दिया।सांसद ने काढ़ागोला घाट स्थित गंगा नदी के स्पर संख्या 10 पर करीब 3 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से चल रहे मरम्मत कार्य में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे सरकारी राशि का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने बरारी प्रखंड में लागू नल-जल योजना को पूरी तरह विफल बताते हुए कहा कि कहीं भी ग्रामीणों को नियमित पेयजल नहीं मिल रहा है।

# नगर पंचायत में सामान्य मासिक बैठक आयोजित

## लगभग 22 करोड़ की योजनाओं का लिया गया प्रस्ताव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** शुक्रवार को मनिहारी नगर पंचायत के सभागार में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सामान्य मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगर के मुख्य पार्षद राजेश कुमार उर्फ लाखो यादव ने किया। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद कुमार पासवान, उप मुख्य पार्षद शुभम पोद्दार सहित 08 वार्ड पार्षद की मौजूदगी में बैठक की कार्रवाई शुरू की गई। जिसमें मनिहारी नगर में पार्षदों से मिली लिखित एवं मौखिक रूप से नगर मैं विकास की योजनाओं का प्रस्ताव दिया गया।




जिसे सरस्वती से पास किया गया जिसमें मुख्य रूप से गांधी टोला जाने वाली सड़क, लगभग सभी सार्वजनिक शौचालय कई वार्डो मे नाला सड़क सहित कई योजनाओं का सर्वसम्मति से प्रस्ताव लिया गया।वही मुख्य पार्षद राजेश कुमार उर्फ लाखों यादव ने सभी पार्षदों को बैठक में शामिल होने पर धन्यवाद देते हुए शुभकामना दिया कहा कि विकास की योजनाओं को लेकर हम सब एक होकर मिलकर काम करें जिससे मनिहारी नगर के संपूर्ण विकास चौमुखी विकास हो। बैठक में पार्षद वार्ड 03 के सुल्ताना प्रवीण, वार्ड 08 बेचन सिंह, वार्ड 09 के रीता देवी, वार्ड 10 स्मिता सिन्हा, वार्ड 11 ओम कुमार गुप्ता, वार्ड 12 से गुलाब चौधरी वार्ड संख्या 14 कुमुद देवी, वार्ड संख्या 15 से काजल देवी बैठक उपस्थित रही।

# गेहूं खरीद को लेकर बढ़ा निर्धारित लक्ष्य




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिला टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम धान अधिप्राप्ति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन राईस मिलों द्वारा न्यूनतम सीएमआर जमा किया गया है, उनसे कारण की पृच्छा की जाए। साथ ही सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को सीएमआर आपूर्ति में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। गेहूँ अधिप्राप्ति के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले में गेहूँ अधिप्राप्ति हेतु निर्धारित लक्ष्य को बढ़ा दिया गया है। अतः बढ़े हुए लक्ष्य का वितरण उन समितियों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, जो अब तक सीएमआर जमा करने में अग्रणी रही हैं। रबी विपणन मौसम वर्ष 2026-27 के अंतर्गत मसूर अधिप्राप्ति के लिए समितियों के चयन एवं उससे संबंधित सभी आवश्यक कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने हेतु जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। बैठक में कॉपरेटिव बैंक के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल सहित सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी एवं सहायक गोदाम प्रबंधक उपस्थित रहे।

## चोरी मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना क्षेत्र के बाबूगंज निवासी धर्मेंद्र कुमार के घर में चोरी की घटना सामने आई। घटना के दौरान धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि वे अपने घर की पहली मंजिल पर थे, तभी उन्हें कुछ आवाज सुनाई दी। उन्होंने अपने पुत्र समझकर आवाज दी, लेकिन वहां एक अज्ञात युवक को देखकर वह भागने लगा। घर मे छानबीन के क्रम एक मोबाइल गायब था। परिवार द्वारा उसे पकड़ने की काफी कोशिश की गई, लेकिन वह दरवाजा खोलकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रफीगंज थाना पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मात्र 5 घंटे के अंदर दसरत बिगहा निवासी राजेश्वर रजक के पुत्र सुशील कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

# परिवादियों की समस्या समाधान में न हो अनावश्यक विलंब




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। सात निश्चय-3 अंतर्गत "सबका सम्मान – जीवन आसान" पहल के तहत जिलाधिकारी के निदेशानुसार उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को उप विकास आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे।

जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।

# हाइवा की टक्कर से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। नबीनगर थाना क्षेत्र के बासन बिगहा मोड़ पर शुक्रवार की सुबह एक अनियंत्रित हाइवा ने सड़क पार कर रहे एक युवक को रौंद दिया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हालांकि आसपास के लोगों ने युवक को जिंदा समझकर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। लेकिन चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही उसे मृत घोषित कर दिया। तेज रफ्तार का कहर मृतक की पहचान नबीनगर थाना क्षेत्र के पोखराहा गांव निवासी युगल सिंह के 36 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश कुमार के रूप में की गई है। ओमप्रकाश की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और उनका रो-रोकर हाल बेहाल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नबीनगर के पूर्व विधायक डब्लू सिंह सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उनका ढाढस बंधाया और हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने का वचन दिया। चिकित्सकों ने किया मृत घोषित पूर्व विधायक ने बताया कि ओमप्रकाश सुबह दूध लेने जा रहा था तभी भारतमाला परियोजना में लगी एक हाईवा फ्लाई ऐश को गिरकर तेजी से आ रहा था और इन्हें रौंद दिया। सदर अस्पताल लाने के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पूर्व विधायक ने बताया कि हादसे के बाद हाईवा को पकड़ लिया गया है और चालक ने झपकी आने के कारण हादसे की बात कही है। उन्होंने परिवहन विभाग पर सवाल उठाया है कि आखिर घनी आबादी के समीप वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के कोई संकेतक बोर्ड क्यों नहीं लगाए गए। यातायत पुलिस ऐसे वाहनों पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही हो बेलगाम होकर सड़कों पर मौत का तांडव करते चल रहे है। पूर्व विधायक ने हादसे पर बेहद दुख जताया। जानकारी के अनुसार, ओमप्रकाश दो भाई बहनों में सबसे बड़े है और जेसीबी मशीन चलवाकर घर की जिम्मेवारियों का निर्वहन करता था। उसकी मौत से उनके दो छोटे छोटे बच्चे अनाथ हो गए। परिजनों ने बताया कि दोनों बच्चे 5 वर्ष और 7 वर्ष की है। घटना की सूचना पर सदर अस्पताल पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# हत्या के प्रयास सहित अन्य अपराधों में 38 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में गुरुवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 14 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार एनडीपीएस एक्ट में 1, हत्या के प्रयास में 6, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 4 तथा अन्य मामलों में 27 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 82 लीटर देसी, 4.220 किलोग्राम गांजा, 20 सीएफटी बालू, 3 बाइक एवं 1 ट्रैक्टर बरामद किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 1318 वाहनों की जांच की गई जिसमें 129000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 23 वारंट एवं 1 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# गांजा तस्करी का आरोपित गिरफ्तार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। गांजा के साथ एक बाइक सवार युवक को ओबरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के इस्लामिया गांव निवासी मो. शाकिब उर्फ छोटन के रूप में की गई है। गुरुवार की शाम थानाध्यक्ष नीतीश कुमार को सूचना मिली कि बाइक सवार एक व्यक्ति झोला में गांजा लिए शंकरपुर की ओर से आ रहा है। सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देशानुसार थानाध्यक्ष एवं ओबरा प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित विशेष टीम के द्वारा थानान्तर्गत देवी बाजार के पास सघन वाहन जांच प्रारंभ किया गया, तत्पश्चात् एक संदिग्ध बाइक को रोककर तलाशी ली गई, तदोपरांत एक झोला से गांजा 4.220 किलोग्राम बरामद किया गया एवं कारोबारी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। पूछताछ उसने अपना अपराध स्वीकार किया। दाउदनगर एसडीपीओ अशोक दास ने बताया गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त के खिलाफ निरंतर अभियान जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे। उनकी न सिर्फ संपत्ति जब्त की जायेगी बल्कि सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

# पुलिस उपाधीक्षक ने सुनीं 37 शिकायतें




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। समाहरणालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सबका सम्मान–जीवन आसान के तहत आयोजित जनता दरबार में प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक ज्योति कुमारी के द्वारा 37 आगंतुकों की शिकायतें सुनी गई तथा उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित को निर्देश दिए गए। इस दौरान जमीन विवाद, पारिवारिक झगड़े, मारपीट, धोखाधड़ी, लंबित कांड, थाना स्तर पर कार्रवाई में देरी सहित कई तरह की शिकायतें सामने आई। जनता दरबार के दौरान पुलिस उपाधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता और धैर्यपूर्वक सुनी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान पुलिस प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पुलिस उपाधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों की जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा फरियादियों को अनावश्यक रूप से थानों का चक्कर न लगाना पड़े। पुलिस उपाधीक्षक ने कहा कि सबका सम्मान–जीवन आसान अभियान का उद्देश्य आम लोगों के जीवन को सरल बनाना है, ताकि वे अपनी शिकायतें सीधे वरीय अधिकारियों तक पहुंचा सके। जनता दरबार के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच विश्वास का सेतु मजबूत होता है।

# कैटरर को बदमाश ने मारा चाकू, हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। नगर थाना क्षेत्र के महुआ शहीद मुहल्ले में शुक्रवार को अज्ञात बदमाश द्वारा एक कैटरर्स को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। जब तक आसपास के लोग समझाते तबतक चाकू मारने वाला फरार हो गया। घायल कैटरर्स की पहचान मुहल्ले के ही 40 वर्षीय सूरज कुमार के रूप में की गई है। आनन फानन में परिजनों के द्वारा सूरज को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया जा रहा है। कैटरर्स को बदमाश ने मारा चाकू सदर अस्पताल में इलाज के दौरान सूरज ने बताया कि वह मांगलिक कार्यों में कैटरर्स का काम करता है और आज उसकी एक बुकिंग रतनुआ गांव में थी। उसी बुकिंग के सिलसिले में वह घर से निकलकर दलित बस्ती की तरफ प्लेटियर्स के इंतजाम के लिए निकला था और यूजर के संदर्भ में अपने मामा से बात कर रहा था, तभी बस्ती के समीप अचानक गमछे से मुंह बांधे एक युवक आया और उसे चाकू मारकर भाग निकला। सूरज ने बताया कि चाकू मारने वाले का मुंह ढका हुआ था जिसके कारण वह उसे पहचान नहीं पाया। उसने आशंका व्यक्त की है कि चाकूबाजी की घटना में उसके ही किसी खास व्यक्ति का हाथ होगा। क्योंकि लग्न के दौरान काम करने वाले कुछ लोगों की मजदूरी बाकी थी जिसको लेकर उन्हें धमकी भी दी जा रही थी। आशंका है कि इस घटना में उन्हीं में से कोई होगा। फिलहाल घटना की सूचना नगर थाने की पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। घायल का फर्द बयान के लिए दारोगा चंदन दास को सदर अस्पताल भेजा गया। फर्द बयान के बाद आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जायेंगे और घटना को अंजाम देने वाले को शीघ्र ही दबोच लिया जायेगा।

# मनमानी पर प्रशासन सख्त, कई निजी स्कूलों की हुई जांच




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिला अंतर्गत सभी निजी प्रारंभिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु नामांकन की प्रक्रिया जारी है। इस क्रम में विभिन्न माध्यमों एवं अभिभावकों से गंभीर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि कतिपय निजी विद्यालयों द्वारा नियमों के विरुद्ध पुनः नामांकन शुल्क, वार्षिक शुल्क एवं अन्य अनुचित शुल्कों की वसूली की जा रही है। साथ ही, अभिभावकों को निर्धारित दुकानों से ही ऊंचे दामों पर पाठ्य-पुस्तकें एवं यूनिफॉर्म क्रय करने हेतु बाध्य किया जा रहा है, जो अभिभावकों के आर्थिक शोषण की श्रेणी में आता है। उक्त परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न निजी विद्यालयों की जांच हेतु जांच दल का गठन किया गया है। गठित जांच दल के द्वारा लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल, स्थित बीएल इण्डो अंबिका पब्लिक स्कूल, अम्बिका पब्लिक स्कूल, महेश एकेडमी, सरस्वती शिशु मंदिर, डीएवी पब्लिक स्कूल, लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल, बिरला ओपन माइंड तथा नरायणा मिशन स्कूल सहित अन्य विद्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा। जांच दल में नामित पदाधिकारियों के द्वारा 24 अप्रैल 2026 को अपने-अपने आवंटित विद्यालयों का संयुक्त रूप से भौतिक स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा प्राप्त शिकायतों की गंभीरता से जांच किया गया। जांच उपरांत विस्तृत प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से जिलाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या अभिभावकों के शोषण की पुष्टि होने पर संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन सभी अभिभावकों से अपील करता है कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की अनियमितता की जानकारी प्राप्त होती है, तो वे इसकी सूचना जिला प्रशासन को अविलंब दें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# पंचायत रोजगार सेवक के साथ मारपीट, प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। रफीगंज थाना क्षेत्र के ढोसीला पंचायत में पंचायत रोजगार सेवक के साथ मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। इस संबंध में धरहारा गांव निवासी संजीत कुमार उर्फ लालू कुमार एवं एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवेदनमें उल्लेख किया कि पंचायत रोजगार सेवक सत्यानंद प्रसाद बुधवार को पंचायत में चल रही योजनाओं का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी दौरान ढोसीला कला में पहले से घात लगाए बैठे आरोपितों ने उन पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। हमले में सत्यानंद प्रसाद के हाथ में गंभीर चोट आई है। साथ ही आरोपियों ने उनके गले से सोने की चेन छीन ली और जेब में रखे 200 रुपये भी लूट लिए। इतना ही नहीं, पंचायत से संबंधित सरकारी अभिलेख और थैला भी छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित द्वारा रफीगंज थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष शम्भू ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# दहेज हत्या में मृतका का ससुर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। दहेज हत्या मामले में एक अभियुक्त को उपहारा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के दरवा गांव निवासी महेंद्र साव के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया कि दर्ज प्राथमिकी के अनुसार किंती देवी की शादी सुजीत कुमार के साथ एक साल पहले हुई थी। शादी के बाद से दहेज को लेकर किंती को प्रताड़ित किया जाता था। मामले में सामाजिक और परिवारिक स्तर पर समझौता हुआ लेकिन ससुराल वाले दहेज को लेकर अड़े रहे। इसी क्रम में बीते फ़रवरी माह में विवाहिता की हत्या कर दी गई। घटना के बाद मृतका के ससुराल वाले घर से फरार हो गए। कांड की गंभीरता के आधार पर घटना को लेकर पति, सास- ससुर, देवर सहित अन्य लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसमें आरोपियों को तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में देर रात अभियुक्त महेंद्र साव पकड़ा गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। जबकि अन्य अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।

# मोबाइल न मिलने पर बच्चे ने किया खुदकुशी का प्रयास

**नबिटा संवाददाता**

**औरंगाबाद**। हरिहरगंज थाना क्षेत्र के अररुआ कला गांव में मोबाइल बनवाने को लेकर हुए विवाद में आज एक 13 वर्षीय बच्चे ने घर के पीछे स्थित पेड़ पर चढ़कर फांसी लगा ली। बच्चे के फांसी लगाए जाने की सूचना दादी और उसकी चाची को मिली। दादी ने दौड़कर बच्चे को नीचे से पकड़ा और आवाज देकर घर के अन्य सदस्यों को बुलाया और उसे उतारकर स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज ले गए, मगर वहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद यहां से भी बेहतर इलाज के लिए उसे मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल गया जी रेफर कर दिया। शिवम खराब मोबाइल बनवाने के लिए जिद कर रहा था। पिता से उसकी बात मोबाइल द्वारा कराई गई। पिता ने मोबाइल बाद में बनवाने की बात कही लेकिन वह जिद पड़ अड़ा रहा जिसको लेकर पिता ने हल्की डांट लगाई जिससे शिवम नाराज हो गया। इसके बाद पेड़ में फांसी से लटके होने की जानकारी दी। आनन-फानन में गांव के अन्य लोग जुट और शिवम को पेड़ से उतारकर इलाज के लिए लाया गया। वह चार भाई बहन में सबसे छोटा है और घर के सभी सदस्यों का दुलारा भी है लेकिन एक मोबाइल के चलते इसने फांसी लगा ली जिसकी उम्मीद किसी को नहीं थी।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनीं पुलिस कर्मियों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। पुलिस लाइन में शुक्रवार को पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की समस्याओं को सुनने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने पुलिस लाइन में लाइन डे पर सभी पदाधिकारियों और जवानों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी समस्याएं सामने आई हैं, उनका शीघ्र समाधान कराया जाएगा। इस दौरान कई पुलिसकर्मियों ने ड्यूटी, आवास, अवकाश, स्वास्थ्य सुविधा और अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं से जुड़ी अपनी समस्याएं रखीं। एसपी ने सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। एसपी ने कहा कि पुलिसकर्मियों की समस्याओं का समाधान करना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी दिन-रात जनता की सेवा और सुरक्षा में लगे रहते हैं, इसलिए उनके कार्य करने की परिस्थितियां बेहतर होना बेहद जरूरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिसकर्मियों की हर उचित समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस बल का मनोबल ऊंचा रहना बहुत जरूरी है। इसके लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है कि जवानों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों और जवानों से कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की अपील की। इस अवसर पर पुलिस लाइन के कई अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने जवानों की समस्याओं से संबंधित जानकारी सीनियर एसपी को दी। अधिकारियों ने बताया कि समय-समय पर पुलिस लाइन में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सीधे सुना जा सके और उनका समाधान किया जा सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

बिहार सरकार



**संदेश**

मुख्यमंत्री
बिहार

जगत जननी माता सीता का प्राकट्योत्सव पर्व ''**जानकी नवमी**'' के रूप में मिथिला सहित पूरे देश में अपार श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस सुअवसर पर मैं सभी बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देता हूँ।

मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की अर्धांगिनी माता सीता को धार्मिक गाथाओं में सौभाग्य की देवी और माता लक्ष्मी का अवतार भी कहा गया है। शक्ति, सेवा, संयम, समर्पण एवं सद्भाव से परिपूर्ण माता सीता का जीवन आदर्श नारी का प्रतीक तथा सम्पूर्ण मानव जाति के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने जीवन की चुनौतियों एवं संघर्षों का जिस साहस, संयम, विवेक एवं सहनशीलता के साथ सामना किया, उससे सम्पूर्ण मानव जाति सदैव अभिप्रेरित होती रहेगी।

जानकी नवमी के पावन अवसर पर आप सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें। माता सीता सभी का कल्याण करें, यही कामना है।

(सम्राट चौधरी)

PR No.- 001770 (I & PRD)D. 2026-27